सुविचार
बेहतरीन दिनों के लिए बुरे वक्त से लड़ना पड़ता है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16, मूल्य ₹ 6.00 वर्ष 18, अंक 55

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,559.54 | +375.61 |
| डॉलर | 83.96 | +0.01 |

देश में मानसून औसत बारिश 818.0 मिमी
आपके शहर में अब तक 580.2 मिमी | कम/ज्यादा 18%
(पिछले साल अब तक 491.3 बारिश हुई)

dainikbhaskar.com | नई दिल्ली, मंगलवार 10 सितंबर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष सप्तमी, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण




## न्यूज ब्रीफ

### वंदे भारत का इंजन फेल दूसरी ट्रेन से भेजे यात्री



**लखनऊ |** दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सुबह करीब 9 बजे भरथना और साम्हो रेलवे स्टेशन के बीच तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद दूसरे इंजन से ट्रेन को भरथना स्टेशन लाया गया। बाद में एक विशेष ट्रेन से यात्रियों को कानपुर से वाराणसी भेजा गया।

### यूपी शिक्षक भर्ती में हाई कोर्ट के फैसले पर रोक

**लखनऊ |** यूपी में 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष कोर्ट ने राज्य सरकार और दोनों पक्षों से लिखित दलीलें मांगी हैं। हाई कोर्ट ने 2019 में हुई परीक्षा के आधार पर नई चयन सूची तीन महीने में जारी करने का आदेश दिया था।

### 26 हजार करोड़ में 240 इंजन एचएएल में बनेंगे

**नई दिल्ली |** एचएएल में 26 हजार करोड़ रु. में सुखोई-30 विमान के 240 इंजन बनेंगे। रक्षा मंत्रालय ने यह करार किया है। इससे देश में लड़ाकू विमान के स्क्वाड्रन की संख्या बढ़ने की संभावना है। चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए वायु सेना के पास 42 स्क्वाड्रन होना चाहिए। फिलहाल महज 30 हैं।

### महंत नृत्य गोपाल दास बीमार, आईसीयू में भर्ती

**लखनऊ |** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (86) को लखनऊ के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने सोमवार को मेडिकल बुलेटिन में बताया कि उनकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

## नोक-झोंक




**11 दिन में 8 की मौत • छात्र सड़क पर, डीजीपी और राज्यपाल के खिलाफ प्रदर्शन**







# मणिपुर में अराजकता... सीआरपीएफ पर हमला, राजभवन पर पत्थर फेंके

भास्कर न्यूज | इंफाल

मणिपुर में जारी हिंसा और अराजकता थम नहीं रही है। बीते 11 दिन में 8 लोगों की मौत के बाद सोमवार को मैतेई बाहुल्य इलाकों में छात्र और युवा सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारी मणिपुर के डीजीपी और राज्यपाल के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। स्कूली छात्रों ने इंफाल में सीआरपीएफ काफिले पर हमला कर दिया। राजभवन पर भी पथराव किया गया। इसमें कई सुरक्षाकर्मी घायल हैं।

स्थानीय लोग उग्रवादियों के ड्रोन व रॉकेट हमलों से दहशत में हैं। उनका आरोप है कि राज्य सरकार सुरक्षा नहीं दे पा रही है। एक दिन पहले स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से मुलाकात कर छह मांगें सौंपी थीं। सरकार से कोई प्रभावी आश्वासन न मिलने पर लोग सड़कों पर उतर आए। दूसरी ओर, काकचिंग में रैली निकाली गई। थाउबल में डीसी ऑफिस में उपद्रव हुआ। मैतेई संगठनों ने सरकारी ऑफिस पर अपना झंडा फहरा दिया। हालांकि थाउबल के डिप्टी कमिश्नर ए. सुभाष सिंह ने बताया, जिस झंडे को हटाया गया, वह तिरंगा नहीं, मैतेइयों का पुराना झंडा था।

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट • जहां ताजा हमले हुए, वहां दहशत**

### मैतेई बहुल कोत्रुक, मोइरांग में सन्नाटा; 20 गांव निशाने पर थे

**डी. कुमार | इंफाल.** इंफाल से 20 किमी दूर कोत्रुक गांव में कुछेक परिवारों को छोड़ दें तो 500 लोग घर छोड़ चुके हैं। जो बचे हैं, वो कई रात से सोए नहीं, क्योंकि हर वक्त ड्रोन हमले का खतरा है। यहीं 1 सितंबर को ड्रोन बम हमले हुए थे। विष्णुपुर जिले के मैतेई हिस्से में आने वाले मोइरांग में रॉकेट हमला हुआ था। यह 80% गांव खाली है। कोत्रुक के रहने वाले एन. मैक्रॉन सिंह ने बताया, ज्यादातर लोग रिश्तेदारों के घर चले गए हैं। उन्होंने दावा किया कि 1 सितंबर को उग्रवादी 20 गांवों पर बम गिराने वाले थे, लेकिन सुरक्षाबलों ने फायरिंग करके रोक दिया। सेना मोइरांग से कांग्पोक्पी तक सर्च ऑपरेशन चल रही है। इसमें कई जगह हथियार जब्त किए गए हैं। इसमें आरपीजी और हाई एंड असॉल्ट राइफल शामिल हैं।

### कुकी बहुल थांगबू पर उग्रवादी हमला, एक महिला की मौत

**सृष्टि मिश्रा |** कुकी बहुल कांग्पोक्पी के थांगबू गांव में रविवार शाम संदिग्ध मैतेई हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की, जिसमें नेंगजाखल लहुगडिम (50) की मौत हो गई। विष्णुपुर के सुगनू गांव पर भी हमला हुआ। कुकी संगठन केएसओ मुख्यालय के गृह सचिव मांग खोंगसाई ने बताया, उग्रवादियों से हमलों के डर के चलते हम अपने खेतों में भी नहीं जा पा रहे हैं। दरअसल, विष्णुपुर मैतेई बहुल इंफाल और कुकी बहुल चूराचांदपुर के बीच बफर जोन है। यहां ज्यादातर मैतेई रहते हैं, लेकिन सुगनू गांव में कुकी हैं, जो चूराचांदपुर से सटा है। सचिव ने बताया, हमारे स्टूडेंट्स जवाबी कार्रवाई के लिए मैतेई गांवों की तरफ बढ़े तो सीआरपीएफ ने रोक दिया। बाद में हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

**क्या मांग रहे स्टूडेंट...** छात्रों का नेतृत्व कर रहे एम. सनाथोई चानू ने बताया, हमने डीजीपी, राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग की है। सीआरपीएफ के पूर्व डीजी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में बनी यूनीफाइड कमांड राज्य सरकार को सौंपने की मांग की है।

**रिटायर्ड जवान की हत्या...** मणिपुर के इंफाल वेस्ट में सोमवार सुबह असम राइफल्स के रिटायर्ड जवान लालबोई माते का शव मिला है। माते कुकी बहुल कांग्पोक्पी के मोटबुंग के रहने वाले थे। बताया गया है कि माते बफर जोन को पार कर मैतेई क्षेत्र में घुस आए थे।

**हरियाणा में आप ने जारी की 20 प्रत्याशियों की पहली सूची**

# गठबंधन टूटा; आप 10 सीट मांग रही थी, कांग्रेस 5 से आगे नहीं बढ़ी

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा में एक सप्ताह चले मंथन के बावजूद कांग्रेस-आम आदमी पार्टी में गठबंधन नहीं हो पाया। अब दोनों पार्टियां अकेले विस चुनाव मैदान में उतरेंगी। दोनों में सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बनी। आप की गठबंधन में 20 सीटों की शुरू हुई डिमांड 10 तक आ गई थी, लेकिन कांग्रेस पांच से आगे नहीं बढ़ी। आप सूत्रों का कहना है कांग्रेस उन्हें उनके प्रभाव वाली विस सीटें भी नहीं दे रही थी। हरियाणा कांग्रेस शुरू से ही गठबंधन के खिलाफ थी।

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा लोकसभा चुनाव में भी गठबंधन के पक्ष में नहीं थे। गठबंधन को लेकर राहुल गांधी ने 2 सितंबर की एआईसीसी में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में बात रखी थी। इसके बाद एक सप्ताह तक दोनों पार्टियों के सीनियर नेताओं में बातचीत का दौर चला। आखिर बात नहीं बनी तो सोमवार को आप ने 20 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। इसमें ज्यादातर नए चेहरे शामिल हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा को कलायत से मैदान में उतारा गया है। आप जल्द ही बाकी सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित करेगी। गठबंधन की चली चर्चा के बीच कांग्रेस ने भी अब तक 41 सीटों पर ही प्रत्याशी घोषित किए हैं।

### इन 3 वजह से नहीं बनी गठबंधन की बात

1. आप शुरुआत में 20 सीटों की मांग कर रही थी। इसके बाद फिर वह लोकसभा में हुए गठबंधन के आधार पर एक संसदीय सीट के अनुसार कम से कम 9 सीटों तक चर्चा के लिए राजी हुई, जबकि कांग्रेस 5 सीटों से आगे नहीं बढ़ रही थी। सूत्रों का कहना है आप पांच तक भी मानने को तैयार हो सकती थी, लेकिन उसे मन मुताबिक सीट देने में कांग्रेस हिचकचा रही थी।
2. हरियाणा में गठबंधन कांग्रेस व आप की मजबूरी नहीं है। कांग्रेस का यहां पूरा कैडर है। अपने बूते चुनाव लड़ने में कोई नुकसान नहीं है। वहीं, आप भी 90 सीटों पर चुनाव की तैयारी कर चुकी है। पंजाब और दिल्ली में सरकार चला रही आप को उम्मीद है हरियाणा में उसका संगठन बन चुका है और वह बेहतर प्रदर्शन करेगी।
3. जहां कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुरू से ही गठबंधन के पक्ष में नहीं रहे, वहीं अन्य नेता भी अंदरखाते इसके विरोध में थे। इसलिए कहीं न कहीं कांग्रेस नेतृत्व पर भी यह दबाव था कि आप से गठबंधन की जरूरत नहीं है।

### जानिए...किसे किस विधानसभा सीट से मिली टिकट

| हलका | प्रत्याशी का नाम | हलका | प्रत्याशी का नाम |
|---|---|---|---|
| नारायणगढ़ | गुरपाल सिंह | महम | विकास नेहरा |
| कलायत | अनुराग ढांडा | रोहतक | बिजेंद्र हुड्डा |
| पुंडरी | नरेंद्र शर्मा | बहादुरगढ़ | कुलदीप चिकारा |
| घरौंडा | जयपाल शर्मा | बादली | रणबीर गुलिया |
| असंध | अमनदीप जुंडला | बेरी | सोनू अहलावत |
| समालखा | बिट्टू पहलवान | महेंद्रगढ़ | मनीष यादव |
| उचाना कलां | पवन फौजी | नारनौल | रविंद्र मटरू |
| डबवाली | कुलदीप गदराना | बादशाहपुर | बीर सिंह सरपंच |
| रानिया | हैप्पी रानिया | सोहना | धर्मेंद्र खटाणा |
| भिवानी | इंदु शर्मा | बल्लभगढ़ | रविंद्र फौजदार |

**हमने धैर्य दिखाया उसके बाद जारी की लिस्ट**
आप हरियाणा प्रमुख सुशील गुप्ता ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कहा हमने पहली सूची जारी कर दी है। जल्द दूसरी सूची जारी करेंगे। अब चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है। हमने ईमानदारी से गठबंधन के लिए इंतजार किया। हर विधानसभा में संगठन मजबूत है। हर जगह संगठन चाहता था कि हम चुनाव लड़ें। हमने अपना धैर्य दिखाया और उसके बाद अपनी लिस्ट जारी की।

**कहां से व क्यों आई थी गठबंधन की बात**
कांग्रेस-आप इंडिया एलायंस के साथी हैं। लोकसभा चुनाव में हरियाणा में गठबंधन में कांग्रेस ने 9 व आप ने एक कुरुक्षेत्र सीट पर चुनाव लड़ा। आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता दूसरे नंबर पर रहे। वे 9 विस सीटों में 4 पर आगे रहे थे। एआईसीसी की हरियाणा में टिकटों को लेकर 2 सितंबर को हुई पहली ही बैठक में राहुल गांधी ने नेताओं को आप से गठबंधन की संभावनाएं देखने को कहा था।

**जीएसटी काउंसिल की बैठक • नया बिजली कनेक्शन सस्ता**

# कैंसर की दवाएं, नमकीन सस्ती, हेल्थ इंश्योरेंस पर फैसला नवंबर में

**नई दिल्ली |** स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदना और इसका प्रीमियम सस्ता हो सकता है। इसे लेकर जीएसटी काउंसिल की बैठक में सोमवार को सहमति बन गई। पॉलिसी पर टैक्स घटाया जाएगा। टैक्स कितना रहेगा, इस पर विचार करने के लिए काउंसिल ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्री समूह बनाया है, जो अक्टूबर अंत तक रिपोर्ट देगा। जीएसटी काउंसिल इस पर नवंबर में विचार करेगी।

सोमवार को काउंसिल ने कैंसर की दवा पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% कर दिया। इससे ट्रेस्टूजुमेब, डेरक्सटीकेन, ओसिमेर्टिनिब और डुरवालुमेब जैसी दवाएं सस्ती होंगी। नए बिजली कनेक्शन पर लगने वाला 18% जीएसटी हटा दिया गया है। इससे नया कनेक्शन 1,000 रु. तक सस्ता होगा। नमकीन पर जीएसटी 18% की जगह 12% ही लगेगा। केदारनाथ में हेलीकॉप्टर यात्रा पर लगने वाला टैक्स घटा दिया गया है। हालांकि ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्स घटाने पर काउंसिल ने विचार नहीं किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग से मिलने वाला टैक्स करीब चार गुना बढ़कर 6,099 करोड़ हो गया है। बैठक में रियल एस्टेट और टैक्स ढांचे के सरलीकरण पर मंत्रियों के समूहों की दो रिपोर्ट पेश की गईं। जीएसटी के टैक्स ढांचे का आसान बनाने के लिए मंत्रियों के समूह की 23 सितंबर को एक अहम बैठक होगी।

### कंपनसेशन सेस खत्म करने पर विचार के लिए कमेटी

- केंद्र सरकार कंपनसेशन से हर साल करीब 95 हजार करोड़ रु. कमा रही है। यह सेस मार्च 2026 से खत्म होना है। इसे जारी रखने या खत्म करने पर विचार के लिए कमेटी बनाई गई है। केंद्र ने जीएसटी के बाद अब तक इस सेस से कुल 8.66 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं।
- केंद्र और राज्य सरकार के कानून के तहत स्थापित शैक्षणिक संस्थाओं को जीएसटी से छूट दी जाएगी।
- व्यापारियों की 2017-18 से 2020-21 तक 4 साल की टैक्स क्रेडिट अटक गई थी। -शेष पेज 10

### भारत में एमपॉक्स का पहला केस, सभी संदिग्धों की जांच का सुझाव

**नई दिल्ली |** भारत में एमपॉक्स वायरस का पहला मामला पाया गया है। संक्रमण से जूझ रहे अफ्रीकी देश से लौटे एक पुरुष में इसकी पुष्टि हुई है। हालांकि, केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से जारी स्वास्थ्य आपातकाल का हिस्सा नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स के क्लैड 1 वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है जबकि, मरीज में वेस्ट अफ्रीकन क्लैड 2 के एमपॉक्स वायरस की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इसे यात्रा-संबंधी संक्रमण बताया गया है। सरकार के अनुसार, यह जुलाई 2022 के बाद भारत में रिपोर्ट किए गए पहले के 30 मामलों के जैसा है। इस बीच, केंद्र सरकार ने इस बीमारी को लेकर एडवाइजरी जारी की है।




**भास्कर खास • एक्सपर्ट बोले- किसी भी उम्र में कर सकते हैं लाइफ रिव्यू, यह खुद के विश्लेषण में सहायक**

# लाइफ रिव्यू: बीती जिंदगी को समझकर भविष्य का रोडमैप बनाने में मिलती है मदद; पछतावा नहीं रहता, उपलब्धियों पर गर्व कर पाते हैं

**अच्छे-बुरे अनुभवों को लिखकर या चर्चा के जरिए साझा करते हैं, इससे उलझनों का हल तलाश पाते हैं...**

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**वॉशिंगटन |** लेखिका व एग्जीक्यूटिव लाइफ कोच जोडी वेलमैन अपनी मां के निधन के बाद उनके घर पहुंचीं। वहां पर उन्हें कई अप्रकाशित रचनाएं और बिजनेस प्लान मिले, जो शुरू ही नहीं हो सके थे। जोडी ने उसी समय तय कर लिया कि वे मां की तरह गलती नहीं करेंगी। उन्होंने जिंदगी को पूरी तरह जीने की रणनीति पर काम शुरू किया। आज वे सफल लाइफ कोच हैं, लोगों को जिंदगी का रिव्यू करना सिखाती हैं। आखिर क्या है लाइफ रिव्यू, क्यों जरूरी है, जानिए एक्सपर्ट से...

**उद्देश्य: लाइफ जर्नी को समझना-** जोडी कहती हैं, 'मैंने किताब 'यू ओनली डाई वन्स' में यह बताने की कोशिश की है कि जिंदगी छोटी है। लोगों को समझना होगा कि वे इस अहम समय को कैसे जिएं। मैं उनसे दर्जनों सवाल पूछती हूं- जैसे बचपन में कौन सी चीजें खुश करती थीं। वे 40-50 के दशक में क्या बदलना चाहेंगे। 'लाइफ रिव्यू' में व्यक्ति पिछले अनुभवों पर चिंतन करता है। अनसुलझे मुद्दे सुलझाता है। गलतियां सुधार सकता है ताकि पछतावा न रहे। मनोवैज्ञानिक गेरबेन वेस्टरहॉफ कहते हैं लाइफ रिव्यू सिर्फ पीछे मुड़कर देखना नहीं, बल्कि खुद को जानना भी है।



**फायदा: नकारात्मकता में कमी-** कनेक्टिकट यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर जूलियट शेलमैन कहती हैं, उम्र बढ़ने पर हम उद्देश्य की भावना खो देते हैं। लाइफ रिव्यू अपनी उपलब्धियां देखने का मौका देता है। लाइफ रिव्यू का सबसे लोकप्रिय रूप निर्देशित आत्मकथा है। बिरेन सेंटर फॉर ऑटोबायोग्राफिकल स्टडीज के डायरेक्टर चेरिल स्वेन्सन कहते हैं, अपनी कहानी लिखना और लोगों को इसे सुनाना प्रभावी हो सकता है। वेस्टरहॉफ कहते हैं कि यह थेरेपी सिर्फ बुढ़ापे में ही नहीं किसी भी उम्र में फायदेमंद है। 19 से 73 वर्ष की आयु लोगों पर हाल में एक स्टडी हुई। वे बीमारी, नौकरी या ब्रेकअप जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे, लाइफ रिव्यू के बाद उनमें आश्चर्यजनक रूप से सकारात्मकता बढ़ गई।

**तरीका: जिंदगी से जुड़े सवाल पूछना-** सबसे अच्छा लाइफ रिव्यू बातचीत से होता है। पेशेवर की मदद ले सकते हैं। वह बचपन, किशोरावस्था और बाद की जिंदगी समझने में मदद करता है। अलग-अलग विषयों पर सत्र रखे जाते हैं। अपने अनुभव लिखकर या चर्चा में साझा कर सकते हैं। इससे अपना व्यक्तित्व पता चलता है। डॉ. शेलमैन कहते हैं कि आप DIY (डू इट योरसेल्फ) भी कर सकते हैं। कुछ किताबें खुद की जिंदगी से जुड़े सवाल पूछने में मदद कर सकती है। लाइफ रिव्यू डॉक्टर बोनी केलेन कहती हैं, 'पुरानी चीजें, तस्वीरें या साहित्य भी यादें जगाने में मदद करते हैं। पुराने दौर का म्यूजिक सुनना या अतीत से जुड़े स्थान पर वापस लौटना भी रिव्यू में मदद कर सकता है।

दिल्ली सरकार ने सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ने की आशंका के चलते बरती सख्ती

# पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर एक जनवरी तक पूर्ण प्रतिबंध

### किसी भी तरह के पटाखों की ऑनलाइन डिलीवरी या बिक्री पर भी पूरी तरह रोक

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण बढ़ने की आशंका के मद्देनजर इस बार भी दिवाली पर सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उनके इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। ये प्रतिबंध 1 जनवरी 2025 तक लागू रहेगा। इस प्रतिबंध को कड़ाई से लागू कराने के लिए दिल्ली पुलिस, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और राजस्व विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्य योजना बनाई जाएगी।

पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण बढ़ने का खतरा रहता है। इस मौसम में पटाखों को जलाने से भी प्रदूषण बढ़ता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए पिछले साल की तरह इस बार भी हर प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा रहा है, जिससे लोगों को प्रदूषण की मार से बचाया जा सके। किसी भी तरह के पटाखों की ऑनलाइन डिलीवरी या बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पटाखों को लेकर लोगो में किसी भी तरह का कन्फ्यूजन न रहे, इसलिए ये प्रतिबंध हर तरह के पटाखों के लिए मान्य है। दिल्ली में ये प्रतिबंध 1 जनवरी तक लागू रहेगा, ताकि पटाखों के जलाने से होने वाले प्रदूषण की समस्या से दिल्ली वासियों को निजात दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार नहीं चाहती कि व्यापारियों और डीलरों को किसी भी तरह का आर्थिक नुकसान हो। ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए समय रहते हर प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग नहीं करें, ये अपराध होगा।

### ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल के लिए देना चाहिए था प्रोत्साहनः भाजपा

दिवाली पर पटाखे पर प्रतिबंध लगाने के आदेश पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई महत्वपूर्ण है और सख्त कदम उठाने की जरूरत है, लेकिन हैरान करने वाली बात है कि केजरीवाल सरकार वही पुराने दिखावटी कदम, जैसे पटाखों पर प्रतिबंध उठाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा, सर्दियों के महीनों में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का मुख्य स्रोत फसल अवशेष जलाना, निर्माण कार्य और सड़क की धूल हैं। केजरीवाल सरकार ने आज तक ये नहीं बताया कि उन्होंने फसल अवशेष जलाने के मुद्दे को पंजाब सरकार के साथ उठाया है या नहीं, लेकिन पटाखों पर जल्दबाजी में प्रतिबंध लगा दिया। सरकार को पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बजाय दिल्ली वालों को ग्रीन पटाखों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने की संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी।

### सरकार साल दर साल अपने को असहाय घोषित कर रही : कांग्रेस

दिल्ली सरकार के पटाखों पर प्रतिबंध के फैसले पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि ये चिंताजनक है कि सभी संसाधन, सत्ता, अधिकारी और कर्मचारी होने के बावजूद गोपाल राय प्रदूषण को नियंत्रित करने में आश्वस्त या सुनिश्चित नहीं है। पिछले 10 साल से दिल्ली के लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। सरकार साल दर साल अपने आपको असहाय घोषित कर प्रदूषण के लिए दूसरे राज्यों और अन्य कारकों को जिम्मेदार ठहराती आ रही है। केजरीवाल सरकार की निष्क्रियता के चलते वायु प्रदूषण से प्रत्येक दिल्लीवासी के जीवन के 7 वर्ष कम हो रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब गोपाल राय प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिले 742.69 करोड़ रुपए में से सिर्फ 29 प्रतिशत ही खर्च कर पाए, फिर अब क्यों मंत्री महोदय कैसे प्रदूषण नियंत्रण करने का दावा कर रहे है, इसका जवाब दें?




## राजघाट में यूएई की तीसरी पीढ़ी; क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद अल नहयान ने लगाया पौधा





**नई दिल्ली** | भारत और यूएई के बीच विशेष बंधन को राजघाट में यूएई के नेताओं द्वारा पेड़ लगाने की एक अनोखी परंपरा के माध्यम से उजागर किया गया। 1992 में यूएई के संस्थापक पिता शेख जायद बिन सुल्तान अल नहयान ने राजघाट में अमलतास (कैसिया फिस्टुला) का पौधा लगाया था। 2016 में उनके बेटे यूएई के वर्तमान राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने राजघाट में ही मोलश्री (मिमसोप्स एलेंगी) का पौधा लगाया था। अब सोमवार को क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने यहां अमलतास का पौधा लगाया, जिससे ये विरासत और मजबूत हुई है। वे यूएई के तीसरी पीढ़ी के नेता हैं जिन्होंने राजघाट में पौधा लगाया। राजघाट के इतिहास में ये पहली बार है कि एक ही राष्ट्र के 3 पीढ़ियों के नेताओं ने महात्मा गांधी की विरासत को सम्मानित करने के लिए पेड़ लगाए।

नोटिफिकेशन 15 सितंबर के बाद कभी भी हो सकता है जारी

# स्थायी समिति अध्यक्ष पद के लिए जोड़-तोड़ में जुटी आप और भाजपा

धर्मेंद्र डागर | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सबसे पावरफुल मानी जाने वाली स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 15 सितंबर के बाद कभी भी नोटिफिकेशन जारी हो सकता है। ऐसे में आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा दोनों ने ही पार्षदों को अपने-अपने पक्ष में करने के लिए जोड़-तोड़ शुरू कर दी है।

एमसीडी वार्ड कमेटी चुनाव परिणामों से साफ हो गया है कि दोनों दलों के लिए स्थायी समिति अध्यक्ष की कुर्सी तक जाना आसान नहीं है। वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा के पास स्थायी समिति के 9 तो सत्तारूढ़ आप के पास 8 सदस्य हैं। स्थायी समिति अध्यक्ष पद के लिए कुल 18 सदस्य मतदान करते हैं। इसमें से 12 सदस्य जोन से चुनकर आए हैं, जबकि 6 सदस्य सदन से चुने गए थे। इन 6 सदस्यों में से कमलजीत सहरावत के सांसद बनने के बाद भाजपा को एक सीट का नुकसान हुआ है। ऐसे में अब सहरावत के रिक्त हुए पद पर सदन में स्थायी समिति सदस्य के लिए चुनाव कराया जाएगा। भाजपा ये चुनाव जीतती है तो ही स्थायी समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भाजपा का होगा। वहीं, दूसरी तरफ अगर आप सदन से स्थायी समिति सदस्य चुनाव जीत जाती है, तो स्थायी समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में दोनों दलों के पास 9-9 सदस्य होंगे। ऐसे के एकमात्र विकल्प लॉटरी सिस्टम रह जाएगा।

### आप पार्षद कर सकते हैं क्रॉस वोटिंग

हाल में संपन्न वार्ड कमेटी के चुनाव में 5 स्थानों पर हुई क्रॉस वोटिंग से ऐसा लग रहा है कि आप अपने पार्षदों को साध नहीं पा रही है। चुनाव से कुछ दिन पहले ही आप के 5 पार्षद भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि, एक पार्षद रामचंद्र वापस आप में लौट आए। सूत्रों के मुताबिक, आप के 11 पार्षद भाजपा के संपर्क में हैं। चुनाव से पहले वे भाजपा में शामिल भी हो सकते हैं या क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं।

### मौके को जाने नहीं देना चाहती आप

सूत्रों का कहना है कि भाजपा चाहती है कि सदन सदस्य की एक रिक्त सीट के लिए चुनाव न हो, ताकि स्थायी समिति में उसका अध्यक्ष बन सके। वहीं, आप इस मौके को भाजपा के पक्ष में जाने नहीं देना चाहती, क्योंकि सदन में आप के पास बहुमत है। इसलिए आप मतदान के पक्ष में है। एमसीडी सचिव के मुताबिक, सदन सदस्य के रिक्त पद को भरे बिना स्थायी समिति अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं हो सकता है।

**मौसम**

**तापमान**

दिन 34° अधिकतम | रात 26° न्यूनतम

आसमान में बादल छाए रहेंगे, गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना

**शहर में आज**

**आर्ट/ कल्चर/ रंगमंच**

**-सांस्कृतिकः संगीत, पियानो वादन**
**कहांः** सीडी देशमुख सभागार, आईआईसी मुख्य भवन, लोदी स्टेटस, **समयः** शाम 6.30 बजे से

**-कॉमेडी/थिएटरः माणिक महनाए निशांत द्वारा जी-फाड कॉमेडी फीट**
**कहांः** हैप्पी हाई, सिशान हाउस, एशियन गेम्स विलेज रोड, शाहपुर जाट, सिरी फ़ोर्ट, नई दिल्ली
**समयः** रात 8.00 से 9.30 बजे तक

शिकायत मिलने पर सीबीआई ने की कार्रवाई

# डीपीसीसी के वरिष्ठ इंजीनियर रिश्वत लेते गिरफ्तार, 2.39 करोड़ रु. बरामद



भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सीबीआई ने एक शिकायत पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर और एक बिचौलिए (निजी व्यक्ति) के बेटे समेत दो आरोपियों को 91,500 रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने तलाशी के दौरान वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर मोहम्मद आरिफ के जसोला विहार स्थित आवासीय परिसर से करीब 2.39 करोड़ रुपए की नकदी भी बरामद की है।

सीबीआई ने इस मामले में मोहम्मद आरिफ के अलावा भगवत शरण सिंह (बिचौलिया), किशलय शरण सिंह (बिचौलिए का बेटा) और दो बिजनेसमैन राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स के मालिक राज कुमार चुघ व एमवीएम के गोपाल नाथ कपूरिया पर मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने इसमें अज्ञात लोक सेवक और निजी व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया है। सीबीआई के मुताबकि, 8 सतिंबर को सीबीआई ने डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर और 4 निजी व्यक्तियों (एक बिचौलिया, बिचौलिए का बेटा, दिल्ली स्थित निजी फर्म के मालिक और दिल्ली स्थित एक अन्य फर्म के निजी व्यक्ति) और अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर एक आरोपी के साथ भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है। निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनकी कंपनियों के लिए डीपीसीसी की सहमति के रनिुअल में अनुचित लाभ लेने को रिश्वत ले रहा है। आरोपियों के आवासीय और आधिकारिक परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर के आवासीय परिसर से 2.39 करोड़ (लगभग) रुपए की नकदी और कुछ संपत्ति दस्तावेज भी बरामद किए हैं। सीबीआई इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### सोमनाथ को झटका, ईवीएम की बर्न मेमोरी देने की मांग खारिज

**नई दिल्ली** | आप विधायक सोमनाथ भारती की लोकसभा चुनाव के दौरान नई दिल्ली क्षेत्र में इस्तेमाल की गई ईवीएम की बर्न मेमोरी मुहैया कराने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने साथ ही संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश दिया कि सभी वीवीपैट पेपर पर्चियों को वीवीपैट के ड्रॉप बॉक्स से निकालकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एक कागज के लिफाफे में रखा जाए। जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि इस चुनाव में इस्तेमाल की गई 1,489 ईवीएम की बर्न मेमोरी उपलब्ध कराने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज किया जाता है।

## डीयू के 12 कॉलेजों को फंड दे सरकार : भाजपा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) के 12 कॉलेजों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार पर रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार डीयू के इन 12 कॉलेजों को पर्याप्त फंड दे। फंड नहीं दिए जाने के कारण इन कॉलेजों के टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के सदस्यों को वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण ये सभी भारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (डूटा) के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को डूटा के अध्यक्ष प्रो. अजय भागी के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता से भेंट की और उन्हें ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि फंड की कमी के कारण स्टाफ के मेडिकल बिल, एलटीसी और पदोन्नति के बाद उन्हें मिलने वाली बकाया राशि भी नहीं मिल पा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि इस संबंध में डूटा का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री आतिशी से भी मिला था और उन्हें समस्याओं से अवगत करवाया था।

# नाले में डूबने से मां-बेटे की मौत के मामले में एलजी को बदनाम कर रही आपः डीडीए

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सोमवार को दोहराया कि गाजीपुर पेपर मार्केट के पास 31 जुलाई को खुले नाले में डूबने से हुई मां-बेटे की मौत की घटना एमसीडी के अधिकार वाले क्षेत्र में हुई थी। इस मामले में आप एलजी वीके सक्सेना और डीडीए को झूठे आरोप लगाकर बदनाम कर रही है। डीडीए ने कहा, आप के द्वारा हाई कोर्ट के 5 सितंबर के आदेश के संबंध में डीडीए और एलजी के बारे में फैलाए जा रहे विभिन्न आरोपों और गलत सूचनाओं के जवाब में डीडीए स्पष्ट रूप से अपनी पिछली स्थिति को दोहराता है और लोगों को सच्चाई से अवगत करवा रहा है। डीडीए ने हाई कोर्ट के समक्ष मृतकों तनुजा उर्फ तन्वी (23) और उनके बेटे प्रियांश (3) के कानूनी उत्तराधिकारियों को 20 लाख रुपए मुआवजा देने की इच्छा जताई है। डीडीए ने ये मुआवजा राशि मानवीयता के आधार पर देने की सहमति जताई है।

### जिस खुले नाले में घटना हुई वो एमसीडी क्षेत्र में आता है

डीडीए ने कहा कि जिस खुले नाले में ये दुर्घटना हुई, वो एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस नाले के साथ-साथ 9.9 किमी लंबी सड़क को डीडीए ने 26.05 करोड़ रुपए के भुगतान के जरिए मार्च 2023 में एमसीडी को हस्तांतरित कर दिया था। डीडीए अभी भी उसी रुख पर कायम है। इस मामले में हाई कोर्ट ने भी आदेश दिया है कि लोअर कोर्ट उसके द्वारा जारी आदेशों से अप्रभावित होकर अपनी कार्यवाही जारी रखे। डीडीए ने जनता से अपील की कि किसी भी भ्रामक बयानबाजी से बचें।

### राष्ट्रपति ने विधायकों की मांग पर संज्ञान लिया

**नई दिल्ली** | दिल्ली में उत्पन्न संवैधानिक संकट पर 30 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की भाजपा विधायकों की मांग को लेकर दिए ज्ञापन पर राष्ट्रपति सचिवालय ने संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने इस संबंध में गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय के निदेशक शिवेंद्र चतुर्वेदी ने नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता को पत्र भेजा है। इसमें लिखा है कि भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया था, उसे संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है।

**भास्कर खास** • खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की समीक्षा बैठक की

# प्याज की बढ़ती कीमतों पर निगरानी के लिए बाजार में उतरेगी इंटेलिजेंस सेल, थोक और खुदरा कीमतों का करेगी मूल्यांकन

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में तेजी से बढ़ती प्याज की कीमतों पर निगरानी के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग की क्रैक टीम मार्केट इंटेलिजेंस सेल को बाजार में उतारने जा रही है।

दिल्ली में इन दिनों आसमान छूती प्याज की कीमतों ने आम लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। यहां कई जगहों पर प्याज 75 रुपए किलो तक बिक रही है। प्याज की बढ़ती कीमतों को ध्यान में रखकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने विभाग को खाद्य उत्पादों की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। इमरान हुसैन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को प्याज के साथ आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नजर रखने के लिए मार्केटिंग इंटेलिजेंस टीम को उत्पादों के थोक और



खुदरा मूल्यों के बीच अंतर का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने दिल्ली के बाजारों में प्याज के साथ आवश्यक वस्तुओं की खुदरा कीमतों की समीक्षा की। दिल्ली के बाजारों में प्याज और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतों को जानने के लिए हुई बैठक में विशेष आयुक्त (खाद्य-आपूर्ति) और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के मार्केटिंग इंटेलिजेंस सेल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### थोक और खुदरा बाजारों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए

खाद्य मंत्री इमरान हुसैन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को आजादपुर मंडी, ओखला मंडी, गाजीपुर मंडी, केशोपुर मंडी आदि थोक बाजारों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में स्थिरता के लिए दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में खुदरा बाजारों का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जमाखोरों, कालाबाजारी करने वालों आदि के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड (डीएएमबी) की सेवाएं भी ले सकता है। इमरान हुसैन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को नियमित आधार पर उनके समक्ष निरीक्षण रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया।

### जनता से अपील- कीमतों को लेकर घबराने की जरूरत नहीं

खाद्य मंत्री इमरान ने कहा कि दिल्ली सरकार आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। उन्होंने जनता से अपील की कीमतों को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मंत्री ने अधिकारियों को जमाखोरों, कालाबाजारी करने वालों आदि के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्याज, आलू और अन्य खाद्य उत्पादों की जमाखोरी की संभावना जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि मार्केट इंटेलिजेंस सेल की क्रैक टीम प्याज के साथ आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी से संबंधित जानकारी भी जुटाएं, ताकि संबंधित विभाग आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत समुचित कार्रवाई कर सकें।

पालम क्षेत्र में नालों की सफाई में भ्रष्टाचार का मामला

# दो डिवीजन में एक ही ठेकेदार को 80 करोड़ के भुगतान की जांच करेगी एसीबी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

एलजी वीके सक्सेना ने पालम क्षेत्र में नालों की सफाई में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा किए गए कथित भ्रष्टाचार की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से कराने के आदेश दिए है।

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों और अधिकारियों की सांठगांठ से 4 साल यानी 2021-22 से 2024-25 के दौरान पीडब्ल्यूडी के 2 डिवीजन में एक ही ठेकेदार को 80 करोड़ रुपए का फर्जी तरीके से भुगतान किया गया। निगम पार्षद और अधिवक्ता अमित खरखरी ने कथित भ्रष्टाचार की शिकायत एलजी सक्सेना से की थी, जिसमें दिल्ली सरकार द्वारा नालों की सफाई में फर्जी भुगतान टेंडर दरों में अत्यधिक वृद्धि, फर्जी बिलिंग सहित बड़े पैमाने पर किए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। शिकायतकर्ता ने ठेकेदार द्वारा नालों की सफाई का काम सुपर-सकर मशीनों से कराने की बजाए सफाई कर्मियों द्वारा मैनुअल तरीके से कराने का भी आरोप लगाया है। एलजी ने मुख्य सचिव को एसीबी द्वारा मामले की गहन जांच करने और जल्द से जल्द कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। यह मामला पालम इलाके में पीडब्ल्यूडी के साउथ वेस्ट रोड-1 और साउथ वेस्ट रोड-2 डिवीजन में नाले से गाद निकालने के काम से जुड़ा है। एलजी के चीफ सेक्रेटरी ने दिल्ली के दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखकर उन्हें एलजी के आदेशों से अवगत कराया है।

### मानदंडों का उल्लंघन कर दिया सफाई का ठेका

नजफगढ़ क्षेत्र के एमसीडी वार्ड 127 के निगम पार्षद एवं अधिवक्ता अमित खरखरी ने एलजी को 11 अगस्त को की गई शिकायत में आरोप लगाया कि नालों की सफाई के काम में शामिल अधिकारी गंभीर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इन आरोपों में जनता के धन का दुरुपयोग, तय निविदा मानदंडों की अवहेलना और भ्रष्ट आचरण शामिल हैं। सुरेंद्र सिंह नाम के ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाया गया और निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए उसे नालों की सफाई का ठेका दे दिया गया, जिससे सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ।

#59 आज का हेडलाइन जिताएगा इनाम

दैनिक भास्कर पढ़ो और जीतो रोज 100 इनाम

Q1 किस ट्रेन को डिरेल करने की साजिश हुई है?
A: कालिंदी एक्सप्रेस
B: उत्कल एक्सप्रेस

Q2 कंज्यूमर कंपनियों ने त्योहारी सीजन में कितना प्रोडक्शन बढ़ाया?
A: 20% | B: 15%

#57 के सही जवाब 1:A | 2:B

आज का इनाम



#57 के स्मार्ट वॉच के 100 विजेताओं के नाम अंदर के पेज पर देखें।

आज के सवालों का जवाब देने के लिए इस नंबर पर मिस्ड कॉल दें या QR कोड स्कैन करें

95498-24566

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

dainikbhaskar.com | नई दिल्ली, मंगलवार 10 सितंबर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष सप्तमी, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

**आज का दिन**

**भारतीय प्लेन हुआ था हाइजैक**



**1976.** पालम एयरपोर्ट से इंडियन एयरलाइंस का विमान हाइजैक हुआ था। सफल बचाव अभियान के बाद विमान सुरक्षित वापस लौट आया।

**कोलकाता रेप कांड** • आज शाम 5 बजे तक का अल्टीमेटम

# डॉक्टर काम पर लौटें, वरना कार्रवाई होगी : सुप्रीम कोर्ट

## विरोध आने वाले दिनों में तेज होगा, जूनियर डॉक्टर्स के साथ खड़े हैं: आईएमए

पवन कुमार | नई दिल्ली

कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में ड्यूटी से गैरहाजिर डॉक्टरों को मंगलवार शाम 5 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, अगर डॉक्टर मंगलवार शाम 5 बजे तक ड्यूटी पर लौट आए तो कोई कार्रवाई नहीं होगी। ऐसा न किया तो राज्य सरकार अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है।

आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) ने कहा, हम जूनियर डॉक्टरों के साथ हैं। ये विरोध खत्म होने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में ये और तेज होगा। पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं, कोर्ट ने कहा, मामले में अभी तक वह चालान रिपोर्ट नहीं है, जिसके आधार पर पोस्टमार्टम होता है। क्या पोस्टमार्टम बिना चालान रिपोर्ट के हुआ? कोर्ट ने अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के राज्य सरकार के जवाब पर कहा, 3,700 सीसीटीवी तो पहले भी काम कर रहे थे। फिर घटना क्यों हुई? अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। बता दें, 30 दिनों की जांच के बाद अब तक सिर्फ एक आरोपी संजय रॉय गिरफ्तार हुआ है। जबकि, 12 पॉलीग्राफ टेस्ट और करीब 100 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं।

## कोर्ट रूम लाइव; पीड़िता के शव की तस्वीरें सोशल मीडिया से तुरंत हटाएं

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प. बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि उन्होंने जांच की स्टेटस रिपोर्ट दायर कर दी है। डॉक्टरों के काम पर न आने के कारण अभी तक 23 मरीजों की मौत हो चुकी है...

**तुषार मेहता:** रिपोर्ट नहीं मिली।

**सीजेआई चंद्रचूड़ :** रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दायर की गई है। (रिपोर्ट देखने के बाद पूछा) मेडिकल कॉलेज और प्रिंसिपल के आवास के बीच कितनी दूरी है?

**तुषार-** 15-20 मिनट का रास्ता।

**सीजेआई-** हम दो पहलुओं पर स्पष्टीकरण चाहते हैं। पहला कि महिला डॉक्टर की अप्राकृतिक मौत का समय क्या था? दूसरा एफआईआर कब दर्ज की गई?

**सिब्बल-** मृत्यु प्रमाण पत्र दोपहर 1:47 बजे दिया गया। थाने में अप्राकृतिक मौत की एंट्री दोपहर 2:55 बजे दर्ज की गई थी।

**सीजेआई-** घटना की जांच कब की गई, सबूत कब जुटाए गए?

**सिब्बल-** रात 8:30 बजे से 10:45 बजे तक। पोस्टमार्टम पर ले जाने के बाद यह हुआ था।

**सीजेआई-** क्या कोलकाता पुलिस ने रात साढ़े 8 बजे से 10:45 तक की पूरी फुटेज भी सीबीआई को सौंप दी है?

**तुषार-** कोलकाता पुलिस ने 4 क्लिपिंग सौंपी हैं, जिनकी कुल अवधि 27 मिनट है।

**सिब्बल-** पूरी फुटेज दे दी है।

**तुषार-** हमारे पास फोरेंसिक जांच रिपोर्ट है। ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी जब मिली तो वह अर्धनग्न थी। उसकी जींस व अंडरगारमेंट उतारे हुए थे। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। हमने नमूने एकत्रित किए हैं और उन्हें फोरेंसिक लैब में भेजा है। रिपोर्ट में पोस्टमार्टम का समय नहीं बताया गया है।

**सिब्बल-** रिपोर्ट में सबकुछ है।

**वकील गीता लूथरा-** पीड़िता की तस्वीरें अभी भी सोशल मीडिया में हैं। मेरा अनुरोध है कि इन्हें हटाने का निर्देश दिया जाए।

**सीजेआई-** पीड़िता के शव की तस्वीरों से जांच को नुकसान पहुंच सकता है। सोशल मीडिया से सभी तस्वीरें तुरंत हटाई जाएं।

### परिजनों को पैसों की पेशकश नहीं हुई थी : ममता

पीड़िता के परिजनों का आरोप था, बेटी का शव सामने रखा था, तब एक वरिष्ठ पुलिसकर्मी ने पैसे ऑफर किए थे। सीएम ममता बनर्जी ने कहा, यह ड्रामा है। पीड़ित परिवार सबूत दे। पीड़िता की मां ने कहा- ममता झूठ बोल रही हैं। मुआवजा देने को कहा था। तब मैंने बोला था- जब न्याय मिलेगा, मैं आपके ऑफिस में आऊंगी और मुआवजा लूंगी।

## विरोध के बाद गणेश उत्सव पंडाल का स्वरूप दुर्ग्याणा मंदिर के आकार में बदला



**अमृतसर** | पुणे में गणेश उत्सव पंडाल को गोल्डन टैंपल की शक्ल देने को लेकर पैदा हुई कंट्रोवर्सी के बाद इसमें तब्दीली कर दी गई है। अब इसे अमृतसर स्थित हिंदू तीर्थ श्री दुर्ग्याणा मंदिर का आकार दे दिया गया है। उत्सव के प्रबंधक छत्रपति राजाराम मंडल के प्रधान युवराज निंबालकर ने बताया कि एसजीपीसी की तरफ से उनके पास एतराज आया था। उन्होंने सिखों की धार्मिक भावनाओं की कद्र करते हुए यह तब्दीली की गई है। गौर हो कि गोल्डन टैंपल अर्थात स्वर्ण मंदिर सिखों का सबसे पवित्र स्थान है और यह सिखी का धुरा भी माना जाता है।

## आईआईटी गुवाहाटी में स्टूडेंट ने की आत्महत्या, इस साल 4 मौतें

एजेंसी | गुवाहाटी

आईआईटी गुवाहाटी के ब्रह्मपुत्र हॉस्टल में सोमवार को एक 21 वर्षीय छात्र का शव मिला। पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। इस हिसाब से यह इंस्टीट्यूट में इस साल होने वाली चौथी खुदकुशी है। मृतक छात्र कंप्यूटर साइंस थर्ड ईयर में पढ़ रहा था। बीते 9 अगस्त को एक छात्रा ने फांसी लगा ली थी। ताजा मामले की खबर फैलते ही आक्रोशित छात्र इंस्टीट्यूट की प्रशासनिक इमारत के सामने एकत्रित हो गए और उन्होंने मृतकों के लिए न्याय और आईआईटी में पढ़ने वाले छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता की मांग की। बताया गया है कि मृतक छात्र कई दिनों से शारीरिक और मानसिक समस्याओं से परेशान था।

## महाराष्ट्र भाजपाध्यक्ष के बेटे की तेज रफ्तार ऑडी ने वाहनों को टक्कर मारी

**नागपुर** | महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत की तेज रफ्तार ऑडी कार ने कुछ दोपहिया और चार पहिया वाहनों को टक्कर मार दी। घटना रविवार आधी रात नागपुर की है। पुलिस ने इस मामले में ऑडी के ड्राइवर अर्जुन हावरे और उसके दोस्त रोहित को हिरासत में लिया है। इस बात की भी जांच हो रही है कि हादसे के वक्त संकेत गाड़ी में था या नहीं? सबसे पहले ऑडी की टक्कर से एक बाइक सवार गिरा। फिर एक खड़ी कार में पीछे से टक्कर मारी। इसके बाद तीन बाइकों को टक्कर मारता हुआ ऑडी चालक तेज रफ्तार से भाग निकला। हादसों के बाद चीख-पुकार मची और भीड़ जमा हो गई। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। हादसे के बाद ऑडी का नंबर प्लेट हटा दिया गया।

**भास्कर चुनाव यात्रा**

**हवा का रुख क्या है?**

**जम्मू-कश्मीर से रिपोर्ट...** कुल 90 विधानसभा सीटें हैं। पहले चरण की 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान है। इनमें 16 कश्मीर और 8 जम्मू रीजन में आती हैं...

**सियासी मौसम** • अनुच्छेद 370 हटने के बाद पर्यटन-रोजगार बढ़ने से बदलाव

# जम्मू-कश्मीर; परिसीमन से सीटों का मिजाज बदला, करीबी टक्कर

श्रीनगर से एम. रियाज हाशमी



**इस चुनाव में 3 बड़े फैक्टर्स**

- नया परिसीमन जम्मू के लिए तो बड़ा लाभ लेकर आया है, लेकिन कश्मीर में राजनीतिक अस्थिर है।
- नए और युवा वोटर्स की बढ़ती संख्या ने चुनावी परिदृश्य बदला।
- सियासी गठबंधन और पार्टियों की रणनीति पर काफी दारोमदार।

श्रीनगर में डल झील के किनारे शाम का नजारा बेहद सुहाना है। सूरज ढलान पर है। फिर भी शिकारा मालिकों की आंखों में पर्यटकों की भीड़ जगमगा रही है। शिकारे पानी पर हौले-हौले तैरते हुए बदलते कश्मीर की कहानी खुद कह रहे हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद से स्थानीय लोग इस बदलाव को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से महसूस करते हैं। शिकारा मालिक अनीस अहमद सियासी हवा का रुख इशारों में बताते हैं, 'अनुच्छेद 370 हटने के बाद से पर्यटकों की संख्या में बड़ी वृद्धि हुई है। हालात सुधरे हैं। लोग अब बिना डर के कश्मीर आ रहे हैं।' झील के किनारे चाय बेचने वाले जुबैर मीर कहते हैं, 'यहां पहले भाजपा नहीं थी, लेकिन अब मौजूद है।' क्या लड़ाई में है? इसका जवाब फिरदौस लोन कहते हैं, 'लड़ाई तो कांग्रेस-एनसी गठबंधन और पीडीपी के बीच है, लेकिन बीजेपी इसे कमजोर कर रही है।'

जब पूछा- कैसे? तो झील में एम्पोरियम शॉप चलाने वाला एक नौजवान कहता है- 'पहले चरण की जिन 24 में से कश्मीर की 16 सीटों पर चुनाव हो रहा है, उनमें 8 पर ही भाजपा लड़ रही है। बाकी पर लड़ा रही है।' इस नौजवान का इशारा उन निर्दलीय प्रत्याशियों की तरफ था, जिन्हें पीडीपी की महबूबा मुफ्ती और एनसी के उमर अब्दुल्ला भाजपा द्वारा प्रायोजित बता रहे हैं।

जम्मू यूनिवर्सिटी की रिटायर्ड प्रोफेसर रेखा चौधरी कहती हैं, 'यहां हर सीट का मिजाज अलग है। किसी एक पार्टी को बहुमत मिलने की उम्मीद कम है। पार्टियां चाहती हैं कि ज्यादा सीटें जीतें और जोड़ तोड़कर सरकार बनाएं। इसीलिए कोई पार्टी सीएम फेस का ऐलान नहीं कर पाई। परिसीमन ने अधिकांश सीटों का भूगोल बदल डाला है। ऐसे में चुनावी इतिहास और ट्रेंड का भी बहुत महत्व नहीं दिखता।'

### पार्टियों के गढ़, स्विंग सीटें

एनसी का कश्मीर घाटी के केंद्रीय और उत्तरी हिस्सों में गहरा प्रभाव है। गांदरबल, हजरतबल, खानयार और सोनावारी जैसी सीटें इसका मजबूत गढ़ मानी जाती हैं। पीडीपी दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम में मजबूत पैठ रखती है, जहां 2002 के बाद से यह हावी रही है। भाजपा का गढ़ मुख्य रूप से जम्मू क्षेत्र में है। जम्मू पश्चिम, कठुआ, उधमपुर और सांबा इसके मजबूत इलाके हैं। राजौरी-पुंछ क्षेत्र में एसटी समुदाय और रिजर्वेशन के कारण महत्वपूर्ण स्विंग सीटें बन रही हैं। नए आरक्षण नियमों में गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी समुदायों में प्रतिस्पर्धा नतीजों को प्रभावित कर सकती है। कश्मीर की कई सीटें पीडीपी और एनसी के बीच फंसी हैं, जिससे यह परंपरागत स्विंग क्षेत्र है। किश्तवाड़, डोडा, रियासी और रामबन जैसी जम्मू के ऊपरी हिस्सों की सीटें भी चुनावों में स्विंग करती हैं। यहां भाजपा और कांग्रेस में मुकाबला है और चुनाव नतीजे बदलते रहे हैं। कश्मीर में एनसी, पीडीपी और कांग्रेस मुस्लिम वोटर्स को आकर्षित करने के लिए उनकी सांस्कृतिक व धार्मिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही हैं। जम्मू में भाजपा और अन्य क्षेत्रीय दल हिंदू वोटर्स के लिए अलगाववाद और आतंकवाद पर प्रहार कर रहे हैं।

**एपल इवेंट 2024** • आईफोन 16 सीरीज के 4 फोन लॉन्च

# आईफोन 16: इंटेलिजेंस से लैस, कैमरा कंट्रोल-एक्शन बटन भी

एजेंसी | वॉशिंगटन

एपल ने सोमवार को आईफोन 16 सीरीज के फोन लॉन्च कर दिए। क्यूपर्टिनो स्थित एपल पार्क के स्टीव जॉब्स थिएटर में हुए 'इट्स ग्लोटाइम' इवेंट में कंपनी ने आईफोन 16 सीरीज, वॉच सीरीज 10 और वॉच अल्ट्रा 2 लॉन्च की है। कंपनी ने एयरपॉड्स 4 और एयरपॉड प्रो भी लॉन्च किया है। आईफोन 16 की सीरीज में एक्शन बटन मिलेगा। साथ ही, कैमरे के लिए साइड में अलग बटन है। आईफोन 16 प्रो और प्रो मैक्स में 48 मेगापिक्सल फ्यूजन रियर कैमरा है। वे उच्च-गुणवत्ता वाले स्लो मोशन के लिए 120एफपीएस पर 4K में वीडियो भी कैप्चर कर सकते हैं।

आईफोन 16 ए18 चिप से लैस है। यह हाई-एंड गेमिंग को सपोर्ट कर सकती है और पिछले साल के प्रोसेसर से 30% तक तेज है। आईफोन 16 का डिस्प्ले साइज 6.1 इंच और 16 प्लस का डिस्प्ले 6.7 इंच है। प्रो मैक्स का डिस्प्ले 6.9 इंच है। कंपनी ने इसे 5 कलर ऑप्शन (पिंक, अल्ट्रामरीन, व्हाइट, ब्लैक और टील) में पेश किया है। फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए आईफोन प्रो 16 और आईफोन प्रो 16 मैक्स में अत्याधुनिक कैमरा सिस्टम है। इन फोन्स के कैमरा के साथ आप अपनी तस्वीरों और वीडियो को बेहतरीन क्वालिटी में कैप्चर और एडिट कर सकते हैं।

### भारत में 79,900 से 1,44,900 तक कीमतः

आईफोन 16 सीरीज 799 डॉलर से शुरू होती है। आईफोन 16 प्लस की कीमत 899 डॉलर है। बाजार में यह 20 सितंबर से उपलब्ध होगा। भारत में आईफोन 16 की कीमत 79,900 रु., आईफोन 16 प्लस की कीमत 89,900 रु., आईफोन 16 प्रो 1,19,900 और प्रो मैक्स 1,44,900 रुपए का होगा।

### एयरपॉड्स 4: बातचीत पर खुद कम होगी आवाजः

एपल एयरपॉड्स 4 में यूजर्स को एच2 चिपसेट है। बातचीत के दौरान इसमें आवाज खुद कम हो जाएगी। भारत में बुकिंग 20 सितंबर से शुरू हो जाएगी। भारत में कीमत 10,830 के आसपास होगी अमेरिका में एयरपॉड्स 4 को 129 डॉलर में लॉन्च किया है।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक आरिफ मोहम्मद खान की सजा निलंबित

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस विधायक आसिफ मोहम्मद खान को राहत देते हुए सजा को निलंबित कर दिया है। उन्हें दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में 6 महीने की सजा सुनाई गई थी। हाई कोर्ट ने सोमवार को उन्हें राहत देते हुए 2 लाख रुपए जमा कराने का निर्देश दिया गया, जो डीडीए को दिए जाने वाले 5 लाख रुपए के मुआवजे का हिस्सा है। हाई कोर्ट ने डीडीए को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। आसिफ मोहम्मद खान को 30 अगस्त को सजा सुनाई गई थी।

इससे पहले दिल्ली की साकेत कोर्ट ने बीते माह आसिफ मोहम्मद खान की अपील खारिज करते हुए उन्हें 6 महीने की कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही हाई कोर्ट ने डीडीए को 5 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया था। कांग्रेस नेता ने जसोला गांव के इलाके में डीडीए की जमीन पर अतिक्रमण से जुड़े एक मामले में 2018 के फैसले और सजा को चुनौती दी थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) विशाल सिंह ने मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा 2018 में पारित फैसले और सजा के आदेश को बरकरार रखा था। कोर्ट ने कहा था कि जनप्रतिनिधि के रूप में सत्ता का दुरुपयोग एक गंभीर अपराध है और ये जनता के विश्वास को तोड़ने वाला कृत्य है।

# कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश, एटीएस व एनआईए कर रही जांच

## ट्रैक पर एलपीजी सिलेंडर व पेट्रोल मिला, ड्राइवर ने ब्रेक लगाकर टाला हादसा

भास्कर न्यूज़ | कानपुर/लखनऊ

उत्तर प्रदेश के कानपुर में बड़ा रेल हादसा टल गया। दरअसल, प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस के सामने रेल ट्रैक पर रसोई गैस से भरा सिलेंडर रखा था। लोको पायलट ने समय रहते इसे देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर हादसा टाल दिया। ट्रैक पर पेट्रोल भरी बोतल, माचिस और थैले में कुछ ज्वलनशील पदार्थ मिले हैं। आतंकी साजिश होने की आशंका के चलते यूपी एटीएस और एनआईए भी जांच कर रही है। यूपी के संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) हरीश चंद्र ने बताया, रविवार रात 8:20 बजे कालिंदी एक्सप्रेस के चालक ने बिल्हौर रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले पटरी पर सिलेंडर रखा देखा। उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाई और ट्रेन सिलेंडर से टकराकर थोड़ा आगे जाकर रुक गई।

-शेष पेज 10 पर

### कानपुर में 24 दिन में तीसरी बार ऐसी साजिश



घटनास्थल से मिठाई का एक डिब्बा मिला है, जो कन्नौज की छिबरामऊ की दुकान का है। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिल्हौर स्थित हजरत बदीउद्दीन जिंदा शाह की मजार पर पूरे देश से जमात से जुड़े लोग आते हैं। वहां आने वाले लोगों की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि कानपुर मंडल में 24 दिन में तीसरी बार ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की साजिश हुई है। इससे पहले 16 अगस्त को साबरमती एक्सप्रेस बोल्डर से टकराई थी, जिससे इंजन सहित 22 कोच डिरेल हुए थे।

## कनाडा से गैंगस्टर ने व्यापारी से मांगी रंगदारी, 4 गिरफ्तार

**बठिंडा** | कनाडा में बैठे गैंगस्टर दविंदरपाल सिंह उर्फ गोपी लहौरिया ने तलवंडी साबो के एक व्यापारी से 50 लाख रुपए रंगदारी मांगी। इस मामले में बठिंडा पुलिस ने लहौरिया के चार गुर्गों को किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्तौल, दो बाइक, दो जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों में 23 वर्षीय साहिल शर्मा उर्फ शालू, वासी गली नंबर 7 न्यू परवाना नगर मोगा, 24 वर्षीय अशोक कुमार उर्फ काटो वासी गली नंबर 4 बाजीगर कबीर नगर मोगा, 26 वर्षीय मनीश कुमार उर्फ मोहित वासी मुहल्ला सोढ़िया वाला टंकी वाली गली मोगा, 31 वर्षीय कुलदीप सिंह उर्फ खंडा आयु वासी सेखा वाला चौक मुहल्ला सोढ़िया वाला मोगा के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड हासिल किया है।

# बच्चों का पिता के साथ रहना अवैध कस्टडी नहीं: हाईकोर्ट

**चंडीगढ़** | मां की तरफ से 10 व 8 साल के बेटों की कस्टडी दिए जाने की मांग संबंधी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। जस्टिस मनीषा बतरा ने फैसले में कहा कि दोनों बच्चे अपने पिता के साथ रह रहे हैं। ऐसे में पिता के साथ बच्चों का रहना अवैध कस्टडी का मामला नहीं है।

दूसरी तरफ याचिकाकर्ता (बच्चों की मां) लिव इन रिलेशनशिप में रह रही है। ऐसे में बच्चों की कस्टडी के लिए मां की तरफ से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण आधारहीन है। बच्चों की कस्टडी हासिल करने के लिए गार्जियनशिप एंड वार्ड्स एक्ट है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान जांच में पाया कि याचिकाकर्ता मां रेवाड़ी में किसी व्यक्ति के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही है।

### बच्चों पर पिता का अधिकार

हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि मौजूदा मामले में बच्चे 5 वर्ष की आयु से कम नहीं है जिन्हें मां की जरूरत हो। बच्चे बढ़े हैं और पिता के साथ खुश हैं। बच्चों पर पिता के अधिकार को अनदेखा नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि बंदीप्रत्यक्षीकरण याचिका अवैध हिरासत से रिहाई के लिए दायर की जाती है लेकिन मौजूदा मामले में ऐसा कुछ नहीं है। बच्चे अवैध हिरासत में नहीं है। ऐसे में याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है।

## निशान बना देने से जमीन चीन की नहीं हो गई: किरेन

**नईदिल्ली** | केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को अरुणाचल में चीनी अतिक्रमण की खबरों को खारिज किया है। रिजिजू ने कहा, महज पेंटिंग के निशान बना देने से जमीन चीन की नहीं हो जाएगी। भारत-चीन सीमा पर असीमांकित क्षेत्रों में भारतीय और चीनी सैनिक गश्त के लिए कई बार एक ही जगह पर पहुंच जाते हैं, लेकिन यह भारतीय क्षेत्र पर अतिक्रमण का मामला नहीं बनता है। रिजिजू की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है, जिनमें कहा गया है कि चीनी सेना ने बीते हफ्ते अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में भारतीय क्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश किया था और वे कुछ समय से जिले के कपापु इलाके में डेरा डाले हुए थे। इन खबरों में कहा गया है कि घटनास्थल पर आग, चट्टानों पर निशान उकेरे जाने और चीनी खाद्य सामग्री की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गई हैं।

**भास्कर खास** • नक्सलवाद को मार्च 2026 तक पुरी तरह खत्म करने की दिशा में बढ़ी केंद्र सरकार...

# झारखंड व बिहार से हटाई गई सीआरपीएफ की चार बटालियन के 4,000 जवान छत्तीसगढ़ भेजे जा रहे

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में एक और कदम बढ़ा दिया है। वह बस्तर के सबसे अधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों का घेरा और मजबूत करेगी। इसके लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) केंद्रीय 4,000 जवानों वाली चार बटालियन भेज रही हैं। इनकी तैनाती केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने रायपुर में इस समय सीमा की घोषणा करने के बाद हो रही है। शाह ने इस बात पर जोर दिया था कि देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए एक मजबूत कार्य योजना की जरूरत है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीआरपीएफ ने बस्तर क्षेत्र में तैनाती के लिए झारखंड से तीन और बिहार से एक बटालियन वापस बुला ली है।

### अभी 1 लाख जवान तैनात, इनमें सीआरपीएफ की 40 बटालियन

सूत्रों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में राज्य पुलिस समेत 1 लाख जवान तैनात हैं। मौजूदा बल में जवानों की संख्या बढ़ाने के लिए सीआरपीएफ की 159, 218, 214 और 22 बटालियन को बुलाया जा रहा है। इन इकाइयों को दंतेवाड़ा और सुकमा के दूरदराज के जिलों और ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के साथ राज्य की त्रिकोणीय सीमा के दूरदराज के स्थानों पर तैनात किया जा रहा है। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा बल है। इसमें 3.25 लाख जवान हैं। इसकी गोरिल्ला लड़ाई में माहिर कोबरा समेत 40 बटालियन अकेले छत्तीसगढ़ में तैनात हैं।

ऐसा महसूस किया गया कि इन दोनों राज्यों में नक्सली हिंसा की घटनाएं नहीं हो रहीं। इसलिए बटालियनों को छत्तीसगढ़ में तैनात किया जाए। सूत्रों का कहना है कि इन नई इकाइयों को बख्तरबंद वाहनों, यूएवी, डॉग स्क्वॉड, संचार सेट और राशन आपूर्ति के माध्यम से रसद सहायता प्रदान की जा रही है। इस तरह बस्तर के सभी नक्सल प्रभावित, अज्ञात क्षेत्रों में कदम रखा जाए।

**नई बटालियन एफओबी बनाएंगी:** ये बटालियन सीआरपीएफ की कोबरा इकाइयों के साथ जिलों के दूरदराज इलाकों और अधिक अग्रिम परिचालन बेस (एफओबी) स्थापित करेंगी, ताकि क्षेत्र को सुरक्षित कर विकास कार्य शुरू किए जा सकें। बल ने तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ में 40 एफओबी बनाए हैं। ऐसे बेस बनाने में कई चुनौतियां आती हैं, जैसे कि नक्सली जवानों पर घात लगाकर हमले आदि।

## हिमाचल प्रदेश सरकार ने दो आईएएस समेत छह अधिकारी बदले

भास्कर न्यूज़ | शिमला

राज्य सरकार ने 5 एसडीएम के तबादले किए हैं। इसके अलावा 2 आईएएस और 4 एचएएस अधिकारियों को बदला गया है। सरकार की तरफ से जारी तबादला आदेशों के अनुसार तैनाती का इंतजार कर रहे आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा को एसडीएम अंब और प्रियांशु खती को एसडीएम चंबा लगाया गया है। एचएएस अधिकारियों में एसडीएम चंबा अरुण कुमार को सहायक बंदोबस्त अधिकारी चंबा, सहायक आयुक्त प्रोटोकॉल परवाणू महेंद्र प्रताप सिंह को एसडीएम कसैली एवं एसी टू डीसी शिमला संजीत सिंह को एसडीएम हमीरपुर के पद पर तब्दील किया गया है।

# दो साल में ईवी की कीमत पेट्रोल-डीजल वाहनों के बराबर हो जाएगी : गडकरी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि दो साल के भीतर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमत पेट्रोल-डीजल वाहनों के बराबर हो जाएगी। ऐसा देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का चलन बढ़ने से होगा। वे ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लिथियम आयन बैटरी की कीमतों में गिरावट से ईवी की लागत में कमी आई है। आने वाले समय में यह तेजी से कम होगी।

इसी के साथ गडकरी ने यह भी कहा कि उन्हें वित्त मंत्री द्वारा ईवी पर सब्सिडी दिए जाने से कोई समस्या नहीं है, जबकि इससे पहले उन्होंने सुझाव दिया था कि ईवी निर्माताओं को अब सब्सिडी की कोई जरूरत नहीं रह गई है, क्योंकि उत्पादन लागत घट चुकी है। ग्राहक अब अपनी पसंद के हिसाब से ईवी या सीएनजी वाहन चुन रहे हैं। भारत में पिछले साल ईवी की बाजार हिस्सेदारी 6.3% थी, जो पिछले साल की तुलना में 50% अधिक है।

### बैटरी की कीमत में आ रही गिरावट

गडकरी ने कहा, 'एक समय लिथियम आयन बैटरी की कीमत 12,600 रु. प्रति किलोवाट घंटा थी। अब इसकी कीमत 9,100 से 9,240 रु. प्रति किलोवाट घंटा है। मुझे विश्वास है कि यह 8,400 रुपए तक आ जाएगी।' उन्होंने कहा, 'ईवी मैन्युफैक्चरिंग में मात्रा की दृष्टि से वृद्धि देखी गई है। मेरा आकलन है कि सब्सिडी के बिना कंपनियां ईवी की उस लागत को बनाए रख सकती है, क्योंकि उत्पादन लागत कम है। मुझे लगता है कि दो साल के भीतर पेट्रोल वाहन तथा डीजल वाहन की लागत इलेक्ट्रिक के बराबर हो जाएगी, क्योंकि पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहनों पर बचत हो रही है।' ईवी पर सब्सिडी देने के मुद्दे पर गडकरी ने कहा, 'यदि वित्त मंत्री और भारी उद्योग मंत्री सब्सिडी देना चाहते हैं तो यह ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद होगा। मुझे कोई समस्या नहीं है। मैं इसका विरोध नहीं करूंगा।'

### झांसा देने के लिए बना रखी थी भारतीय एक्सपोर्टर्स के नाम से कंपनी

# फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, 2 भाई समेत 4 लोग गिरफ्तार, निशाने पर होते थे कारोबारी

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्केट में लिस्ट करवाने के नाम पर देते थे झांसा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

ठगी के लिए चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में 4 लोग पकड़े गए हैं। इनमें 2 सगे भाई हैं। इन जालसाजों के निशाने पर अक्सर कारोबारी होते थे। लोगों को झांसे में लेने के लिए आरोपियों ने भारतीय एक्सपोर्टर्स के नाम से फर्जी कंपनी बना रखी थी। हाल ही में इन लोगों ने वेस्ट करावल नगर के एक कारोबारी के सामान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्केट में लिस्ट करवाने का झांसा देकर करीब 11 लाख रुपए हड़प लिए थे।

डीसीपी नॉर्थ-ईस्ट डॉ. जॉय टिर्की ने बताया, 4 सितंबर को पीड़ित बासु सिंह ने करीब 11 लाख रुपए ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका आर्ट एंड क्राफ्ट का कारोबार है। सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए कुछ लोगों ने खुद को भारतीय एक्सपोर्टर बताया और उनके प्रोडक्ट को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की मार्केट में लिस्ट करवाने का झांसा दिया। इस बहाने उनसे करीब 11 लाख रुपए हड़प लिए गए। पीड़ित के पास एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल भी आई थी। फोन करने वाले ने खुद को ब्रिटेन (यूके) का नागरिक जोस विलियम बताया था। उसने कहा था कि वह उसकी कंपनी को 3.5 करोड़ रुपए का ऑर्डर देना चाहता है, लेकिन उसे कुछ औपचारिक कागजात की जरूरत होगी। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी द्वारा दी गई जानकारी पर भारतीय एक्सपोर्टर नामक कंपनी से संपर्क किया। वहां कई अलग-अलग सर्टिफिकेट तैयार करने के नाम पर उससे करीब 11 लाख रुपए ले लिए गए। बाद में जोस विलियम ने पीड़ित से कहा कि उसकी कंपनी का एमडी जर्मनी में गिरफ्तार हो गया है। अभी उनकी डील नहीं हो पाएगी। इसके बाद पीड़ित को खुद के साथ ठगी का अहसास हो गया और यह मामला पुलिस के पास आ गया।

### आरोपियों में एक बीटेक तो दूसरा है ग्रेजुएट



साइबर थाना पुलिस ने जांच के दौरान बैंक खातों और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पड़ताल की और आरोपियों को खानपुर से दबोच लिया। आरोपियों में कुलदीप जोशी (29), दीपक जोशी (25), आदर्श (24) और जमशेद अंसारी (24) शामिल हैं। इनमें कुलदीप और दीपक सगे भाई हैं। इन्होंने न्यू अशोक नगर में फर्जी कॉल सेंटर खोल रखा था। इनमें जमशेद ने कंप्यूटर साइंस से बीटेक की हुई है, जबकि आदर्श दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) से ग्रेजुएट है। इनसे 6 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 3 हार्डडिस्क और अन्य सामान बरामद हुआ है।

## ट्रक की टक्कर से पिता की मौत, बेटी गंभीर

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पुल प्रहलादपुर इलाके में महरौली बदरपुर रोड पर एमसीडी ट्रक ने बाइक सवार बाप-बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे पिता की मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक भाग गया। पुलिस ट्रक और बाइक जब्त कर ट्रक चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार दोपहर 1:06 बजे शिव मंदिर रेड लाइट, एमबी रोड पर एमसीडी ट्रक द्वारा बाइक को टक्कर मारने की पीसीआर कॉल मिली। पुल प्रहलादपुर थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा, जहां एक बाइक क्षतिग्रस्त हालत में मिली। हरियाणा नंबर का ट्रक भी वहीं मौजूद था। पुलिस को पता चला कि बाइक सवार दो घायलों को एम्स हॉस्पिटल भेजा गया है। इनकी पहचान पुल प्रहलादपुर एरिया निवासी कुलदीप (45) और उनकी बेटी अंशिका (18) के तौर पर हुई। इलाज के दौरान कुलदीप ने दम तोड़ दिया।

GALGOTIAS UNIVERSITY
(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)
2024-25 SESSION ADMISSION OPEN

School of Biosciences and Technology

UNDER GRADUATE PROGRAMME
Department of Biomedical Sciences
- B.Sc. Medical Biotechnology*
- B.Sc. Clinical Nutrition and Dietetics*
- B.Sc. Food Science & Dietetics*
Department of Clinical Sciences
- B.Sc. Healthcare and Clinical Research*
- B.Sc. Healthcare and Hospital Management*
Department of Life Sciences
- B.Sc. (General) ZBC*
- B.Sc. (Hons.) Biomedical Science*
- B.Sc. (Hons.) in Microbiology*
- B.Sc. (Hons.) Zoology*
- B.Sc. (Hons.) Biochemistry*
Department of Biotechnology
- B.Tech in Biotechnology
- B.Tech in Biomedical Engineering
- B.Sc. Biotechnology*
Department of Food Technology
- B.Tech in Food Technology
Department of Forensic Sciences
- B.Sc. (Hons.) Forensic Science with specialization in
  - Questioned Documents and Fingerprints*
  - Forensic Biology and Serology*
  - Forensic Toxicology and Explosives*
  - Cyber and Multimedia Forensics*
  - Forensic Physics and Ballistics*
- B.Sc. (Hons.) Forensic Science*
- Integrated B.Sc. and M.Sc. Forensic Science

*For selected 3 Year Undergraduate programs, you have the option to continue for 4th year to obtain an Honours with Research Degree.

POST GRADUATE PROGRAMME
Department of Biomedical Sciences
- M.Sc. Medical Biotechnology
- M.Sc. Healthcare and Hospital Management
- M.Sc. Clinical Nutrition and Dietetics
- M.Sc. Food Science & Dietetics
- M.Sc. Food Safety & Quality Assurance
Department of Clinical Sciences
- M.Sc.in Healthcare and Clinical Research
Department of Life Sciences
- M.Sc. in Biological Science
- M.Sc. in Microbiology
- M.Sc. Biochemistry
- M.Sc. in Biomedical Science
- M.Sc. in Zoology
Department of Forensic Sciences
- M.Sc. in Forensic Science
- M.Sc.in Forensic Science with specialization in
  - Questioned Documents and Fingerprints
  - Forensic Biology and Serology
  - Forensic Toxicology and Explosives
  - Cyber and Multimedia Forensics
  - Forensic Physics and Ballistics.
Department of Biotechnology
- M.Sc. Industrial Biotechnology
- M.Sc. Biotechnology

GALGOTIAS active Learning Ecosystem

#GetYourSelfPlaced
For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
0120-4513800 / 4370000 / 4806900
+91 9582847072 / +91 9717300418

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

भास्कर न्यूज़। नई दिल्ली

गोकुलपुरी इलाके में रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। अब पुलिस मामले की जांच कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान का प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, ये हादसा लोनी गोल चक्कर के फ्लाईओवर पर हुआ। राहगीर की सूचना पर घायल युवक को जीटीबी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान गौतम विहार घोड़ा क्षेत्र निवासी अजय कुमार (34) के तौर पर हुई। वह एक निजी कंपनी में काम करता था। घटना के समय वह अपने काम से घर लौट रहा था। उसके परिवार में पत्नी और 3 बच्चे हैं। वह परिवार में एकमात्र कमाने वाला था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। वाहन की पहचान कर रही है।

## 2 करोड़ से ज्यादा के चोरी के मोबाइल के साथ 4 पकड़े

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पुलिस ने 2 करोड़ से ज्यादा कीमत के 456 मोबाइल बरामद कर एक सिंडिकेट में शामिल 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में गिरोह का सरगना अभिषेक, जयकेश, सत्यवीर और राजू यादव शामिल हैं। आरोपी यूपी के रहने वाले हैं।

डीसीपी साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट राजेश देव ने बताया, शिकायतकर्ता विजय मिश्रा ने बताया कि 31 मई को एसएफसी लॉजिस्टिक का एक ट्रक 2549 सैमसंग मोबाइल लेकर दादरी से आईजीआई एयरपोर्ट के लिए चला था। रास्ते में उसमें रखे मोबाइल चोरी हो गए। पुलिस को जांच के दौरान जीपीएस की लोकेशन से पता चला कि रात 1:06 बजे से 1:35 बजे के बीच ये ट्रक ओखला फेस-2 रोड पर खड़ा था। यहीं से मोबाइल चोरी हुए। पुलिस ने जांच के दौरान नोएडा सेक्टर-63 निवासी जयकेश को पकड़ा। इससे 50 मोबाइल मिले। इससे पूछताछ के बाद अभिषेक को 2 फोन के साथ दबोचा। इसके बाद 300 मोबाइल के साथ ट्रक चालक सत्यवीर को गिरफ्तार किया। आखिर में संभल (यूपी) से राजू यादव को गिरफ्तार किया। अब पुलिस को इनके साथियों की तलाश हैं। आरोपी ड्राइवर से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने प्लानिंग के तहत एसएफसी लॉजिस्टिक्स में नौकरी हासिल की और फिर मोबाइल से भरे ट्रक को लेकर ओखला ले गया।

### भजनपुरा में पत्नी, सास व दो बच्चों पर तेजाब डाला

**नई दिल्ली** भजनपुरा इलाके में एक व्यक्ति अपनी पत्नी, सास और दो बच्चों पर तेजाब डालकर फरार हो गया। सभी को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी मिल गई। पुलिस आरोपी की पत्नी के बयान पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश में लगी है। यह वारदात पति-पत्नी के रिश्ते में शक का नतीजा है। दोनों एक-दूसरे से अलग रह रहे थे।

## स्वरूप नगर: युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

स्वरूप नगर इलाके में 18 वर्षीय युवक राहुल की चाकू हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान सागर और उसके फूफा आकाश के तौर पर हुई है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने रविवार शाम को राहुल को बातचीत के लिए बुलाया था, तभी झगड़े में ये वारदात हुई। पुलिस ने आकाश की बाइक बरामद कर ली है। अभी चाकू बरामद नहीं हुआ है। पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक राहुल के भाई रोहित की एक लड़की से दोस्ती थी। ये बात लड़की के भाई सागर को पता लग गई। उसने रोहित को लड़की से दूर रहने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। राहुल को इस मुद्दे पर बात करने के लिए बुलाया गया था, जहां हुए झगड़े में राहुल की चाकू गोदकर हत्या कर दी हुई। पुलिस को अभी इस मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश है।

## कर्ज उतारने के लिए से मांगी 50 लाख की रंगदारी, अरेस्ट

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

कई दुकानदारों से लिए गए कर्ज को उतारने के लिए एक युवक ने जो साजिश रची उसने उसे जेल की सलाखों तक पहुंचा दिया। युवक ने चांदनी चौक के एक जानकार कपड़ा कारोबारी से 50 लाख रुपए की रंगदारी वसूलने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उसके अरमानों पर पानी फेर दिया और उसे मुजफ्फरनगर (यूपी) से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अमन कुरैशी (24) के तौर पर हुई।

नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया, कटरा नील चांदनी चौक में मोहम्मद अबरार का रेडीमेड गारमेंट्स का काम है। 4 सितंबर को उनके पास कॉल आई, जिसमें 50 लाख रुपए की मांग की गई। मांग पूरी नहीं होने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने लाहौरी गेट थाने में केस दर्ज किया। स्थानीय थानाध्यक्ष कमल किशोर की टीम ने जांच में पाया कि रंगदारी के लिए की गई कॉल दो लोगों से फोन लेकर की गई थी। पुलिस को गुमराह करने के लिए ये कॉल हरियाणा के बहालगढ़ और पानी से की गई थीं। टेक्नीकल सर्विलांस और लोकल इंटेलीजेंस की मदद से पुलिस ने आरोपी अमन को मुजफ्फरनगर से पकड़ा।

### शिकायतकर्ता से थोक मूल्य पर खरीदता था कपड़े

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह थोक मूल्य पर कपड़े खरीदने शिकायतकर्ता की दुकान पर जाता था। कारोबारी की आर्थिक स्थिति उसे ठीक लगी। उसे लगा कि वह धमकाने पर आसानी से रुपए दे देगा। कई दुकानदारों से उसने रुपए भी उधार ले रखे थे। ऐसे में उसने इस तरह रकम ऐंठने की योजना बनाई, जिसे पुलिस ने फेल कर दिया। आरोपी को अब पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में पुलिस ने एक वैगनआर कार और आईफोन बरामद किया है।

Haryana Knowledge Corporation Limited
(Promoted by Government of Hayrana)
HKCL
Creating a Knowledge Lit World
www.hkcl.in
CERTIFIED ISO 9001:2015 ORGANIZATION

म्हारा हरियाणा डिजिटल हरियाणा

डिजिटल दुनिया की ओर कदम बढ़ाएं
HKCL कंप्यूटर कोर्स ही अपनाएं
नए सपनों की नींव रखें,
अपने हुनर को निखारें

आज ही HKCL के अधिकृत केंद्र में दाखिला लें
Win Scholarship Worth Rs. 2 Lakhs*



कॉलेज के छात्रों के लिए विशेष बैच
For More Details, contact Nearest HKCL Centre

HS-CIT
अंतरराष्ट्रीय स्तर का परिपूर्ण कंप्यूटर कोर्स
HS-CIT(A)
Haryana State – Certificate in Information Technology (Applications)
Haryana Talent Search Examination

Introduction to Fourth Industrial Revolution IR 4.0
Robotics | 3D Printing | Virtual Reality | Mobile App Development | Big Data | Coding | Augmented Reality | Cyber Security | Artificial Intelligence | Internet of Things
Career Oriented Courses after HS-CIT Course
Tally Prime with GST | Advanced Excel | Graphic Design | DTP CorelDraw/Adobe | BFSI / Retail Mgt. | C & C ++ Programing | Java / Python | AutoCAD | English Communication & Soft Skills | IT Hardware & Networking

The Exam Will Be Conduct In 4 Groups
Group A 5th Std. & 6th Std.
Group C 9th Std. & 10th Std.
Group B 7th Std. & 8th Std.
Group D 11th Std. & 12th Std.
The Exam Will Be Based on School Syllabus
ENGLISH | MATHEMATICS | SCIENCE
G.K | COMPUTER | SST | HINDI
HTSE Registration Start Date: 05 Sept. 2024
Last Date of Registration: 31 Oct. 2024

Benefits for Learners
HS-CIT(A) और HS-CIT (A+) पास छात्रों को SETC (भाग- I) से छूट प्राप्त है |
HKRNL सहित विभिन्न Jobs में मान्यता प्राप्त कोर्स |
HSBTE (हरियाणा स्टेट बोर्ड ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन ) एवं HKCL द्वारा संयुक्त प्रमाणित |
9041336566
www.hkcl.in/htse
Benefits for School Students
प्रतिभा की पहचान
आत्मविश्वास में वृद्धि
प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास
For School Participation in HTSE,
Call 0172-5210251 or email: info@hkcl.in
अनाधिकृत शिक्षण केंद्र से सावधान रहें, केवल नीचे दिए गए केंद्रों से ही सम्पर्क करें |

**FARIDABAD:** ***SIKRI:*** ACHIEVEMENT ACADEMY 9717564545; **GURGAON:** ***GURGAON:*** CIAAT COMPUTER CENTRE 9971227878, H & H COMPUTER TRAINING CENTER 9958131325, HARYANA INSTITUTE OF PUBLIC ADMINISTARTION 9891664972, **PATAUDI:** SNIT COMPUTER EDUCATION 9813299984; **MEWAT:** ***NUH:*** ADITYA COACHING AND COMPUTER CENTER 9812691975, ***TAORU:*** BIT EDUCATION SOCIETY & WALFARE COUNCIL 9812024398; **PALWAL:** ***PALWAL:*** SUCCESS TECHNOLOGY GROUP SOCIETY 9813221222;

**तथ्य, जो आपकी जानकारी बढ़ाए..**

**18** राज्यपाल बन चुके हैं हरियाणा में। प्रदेश के 8 नेता दूसरे राज्यों में राज्यपाल बन चुके हैं। इनमें चंद्रावती, भगवत दयाल शर्मा, सुल्तान सिंह, सरूप सिंह, रणधीर सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, प्रो. गणेशीलाल और आचार्य देवव्रत का नाम शामिल है।

**बागी हैं कि मानते नहीं** • भाजपा-कांग्रेस के कई नेता नाराज, 11 को होगी तस्वीर स्पष्ट

# सीएम की सीट लाडवा पर भी बागी सुर, पूर्व मंत्री छत्रपाल भाजपा से आप में गए

भास्कर टीम | हरियाणा

टिकट बंटने के बाद से बगावत झेल रही भाजपा और कांग्रेस को राहत की सांस नहीं आ रही। भाजपा के लिए चौंकाने वाली खबर लाडवा से आई है। यहां से सीएम नायब सैनी भाजपा प्रत्याशी हैं। सोमवार को पार्टी नेता संदीप गर्ग के समर्थकों की बैठक हुई। गर्ग तो शामिल नहीं हुए, लेकिन समर्थकों ने फैसला लिया कि 11 सितंबर को उनका नामांकन कराएंगे। इस संबंध में गर्ग का कहना है कि उनके पास 11 सितंबर का न्योता आया है। जाएंगे और समर्थकों का जो फैसला होगा, उसे सिर-माथे रखेंगे। कई साल से लाडवा में सक्रिय संदीप गर्ग ने लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वॉइन की थी। तब उन्हें लोकसभा प्रत्याशी बनाने की चर्चा थी, लेकिन नवीन जिंदल को मौका मिला था।

इधर, हांसी से टिकट चाह रहे पूर्व मंत्री एवं भाजपा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रमुख प्रो. छत्रपाल पार्टी छोड़कर आप में शामिल हो गए। उन्होंने घिराय में चौधरी देवीलाल को हराया था। नीलोखेड़ी में भाजपा नेत्री मीना चौहान भी बतौर निर्दलीय 11 को पर्चा भरेंगी। कलानौर से टिकट न मिलने से नाराज एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट सूरजमल किलोई 11 को कांग्रेस ज्वॉइन करेंगे। 2014 में कांग्रेस से भाजपा में आए थे। झज्जर से प्रदेश प्रवक्ता डॉ. राकेश कुमार व एससी मोर्चा के एडवोकेट सतवीर सिंह चुंबक ने पार्टी छोड़ दी। इतने झटकों के बीच भाजपा के लिए राहत की खबर पंचकूला से आई। जहां आप के जिलाध्यक्ष रणजीत उप्पल ने भाजपा ज्वॉइन कर ली।

## भाजपाई बोले-सिरसा से अपना प्रत्याशी उतारें



**सिरसा** | विधायक गोपाल कांडा की हलोपा से गठबंधन की चर्चा के बीच भाजपाइयों में बेचैनी दिख रही है। सोमवार को सिरसा के प्रमुख मंडल अध्यक्षों, प्रभारी व कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। पूर्व में भाजपा प्रत्याशी रहे प्रदीप रातुसरिया व युवा मोर्चा के अमन चोपड़ा ने कहा कि सभी ने फैसला लिया है कि समझौते की बजाय भाजपा अपना प्रत्याशी उतारे।

## शेरा बोले- रास छोड़ चुनाव लड़ें पंवार तो वोट मांगूंगा

राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार को इसराना से टिकट देने के विरोध में पूर्व प्रदेश सचिव सत्यवान शेरा ने निर्दलीय लड़ने की घोषणा कर दी। शेरा बोले-पंवार इतने महान हैं तो राज्यसभा सीट छोड़ चुनाव में आएं, उनके लिए वोट मांगूंगा। वहीं, पानीपत शहर सीट पर नाराज लोकेश नांगरू को पूर्व सीएम मनोहरलाल नहीं मना पाए। पानीपत ग्रामीण सीट से मंत्री महिपाल ढांडा के विरोध में कार्यकारिणी सदस्य रमेश मलिक ने पार्टी छोड़ दी। इस्तीफे में लिखा-10 साल विधायक का विकास हुआ।

## इधर... फैलाई झोली



पूर्व विधायक राणा ने पंचायत में झोली फैलाकर मौका मांगा।

## कांग्रेस में पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक निर्दलीय लड़ेंगे

कांग्रेस का टिकट न मिलने से नाराज पूर्व मंत्री राजकुमार वाल्मीकि नीलोखेड़ी से निर्दलीय लड़ेंगे। वहीं, कलायत में पूर्व विधायक सतविंद्र राणा ने महापंचायत में झोला फैला मौका मांगा। पिहोवा में पूर्व कृषि मंत्री जसविंदर संधू के बेटे जसतेज संधू ने ऐलान किया-कांग्रेस ने टिकट न दिया तो आजाद लड़ेंगे।

**टिकटों में देरी** के कारण कांग्रेस का निर्णय

# हुड्डा-उदयभान की रथयात्रा रद्द, अब हवाई दौरे करेंगे

### 15 सितंबर तक आ सकता है पार्टी का घोषणा पत्र

सुशील भार्गव | चंडीगढ़

कांग्रेस ने सितंबर के पहले सप्ताह में शुरू होकर 90 हलकों में होने वाली रथयात्रा को रद्द कर दिया है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान की रथयात्रा का शेड्यूल तैयार किया गया था। दिल्ली में रथ भी बनवा लिया गया था, लेकिन टिकट वितरण में ज्यादा समय लग गया। कम समय में रथयात्रा सभी 90 हलकों को कवर नहीं कर पाएगी, इसलिए इसे रद्द कर दिया।

पार्टी के मीडिया प्रभारी चांदवीर हुड्डा ने बताया कि अब भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चौ. उदयभान व सांसद दीपेंद्र हुड्डा 90 हलकों को हवाई यात्रा व सड़क मार्ग से कवर करेंगे। यह यात्रा नामांकन भरवाने के साथ ही शुरू हो गई है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान के अनुसार, समय काफी कम रह गया है, इसलिए अब रैलियां होंगी। बड़ी रैलियां के लिए भी योजना बनाई जा रही है। जहां भी पार्टी की ओर से ड्यूटी लगाई जाएगी, वहां प्रचार करने जाएंगे। खुद के विधानसभा क्षेत्र में भी दौरे होंगे। वहीं, पार्टी नेताओं ने बताया कि घोषणा पत्र 15 तक जारी हो सकता है।



### राहुल, खरगे, प्रियंका की 3 से 4 रैलियां कराने की तैयारी

कांग्रेस ने बड़ी रैलियां रोहतक, हिसार, करनाल, अम्बाला, गुरुग्राम डिवीजन के अनुसार करने का निर्णय लिया है। पार्टी की तैयारी है कि एक रैली में 8 से 10 विधानसभा कवर हो जाएं। प्रियंका गांधी, राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे प्रचार करेंगे। तीनों नेताओं की 3 से 4 रैलियां कराने की तैयारी है।

▪ **सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला:** पार्टी के नेताओं के अनुसार, टिकट वितरण में जल्दबाजी नहीं की गई है। टिकटों में सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला अपना जा रहा है। युवाओं को भी टिकट दी जा रही है।

रोज जीतें 50 हजार के इनाम

दैनिक भास्कर राजनीतिबाज़

पॉलिटिकल क्विज #6

Q हरियाणा में सबसे कम विधानसभा सीटें किस जिले में हैं?
(A) रेवाड़ी व पलवल
(B) चरखी दादरी व पंचकूला
(C) चरखी दादरी व पलवल

जवाब देने के लिए 91900-00098 पर मिस्ड कॉल करें या QR को स्कैन करें

#4 का सही जवाबः B

#04 के 10 विजेताओं के नाम

| | |
|---|---|
| नवीन, सोनीपत | *****00486 |
| नरेश, झज्जर | *****11022 |
| अभिजोत सिंह, डबवाली | *****34815 |
| दीपक, सोनीपत | *****54603 |
| संदीप कुमार, हिसार | *****33416 |
| पूजा देवी, चरखी दादरी | *****90309 |
| महेश कुमार, रेवाड़ी | *****77416 |
| कमल वर्मा, तोशाम, भिवानी | *****68122 |
| गगनप्रीत सिंह, अम्बाला | *****89989 |
| अंकित बराड़, यमुनानगर | *****04618 |



Trolley Bag ₹12,000/-

*T&C

## इलेक्शन मीम




## चार लाइनां

कब लग चाल्लै टिकट-बटाई, परचा बी भरणा सै भाई!
दंगल पहलवान बिन सुन्ने, बिना टिकट मायूसी छाई!!
कट ग्यी-मिल ग्यी कट ग्यी-मिल ग्यी, सुपने म्हैं बी देय सुणाई!
त्यार खड़े पलटी मारण नै, जिसकी होज्या टिकट-कटाई!!

**सत्यवीर नाहड़िया, हरियाणवी कवि, नाहड़ (रेवाड़ी)**

## इलेक्शन ब्रीफ

### राजनीतिक मंच साझा कियाः एचएयू वीसी को चुनाव आयोग ने दिया नोटिस

**हिसार** | बिश्नोई मंदिर में राजनीतिक मंच साझा करने की शिकायत पर चुनाव आयोग ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी को नोटिस थमाया है। शिकायत में प्रो. बीआर कॉम्बोज के वाइस चांसलर के पद पर होने के चलते मंच साझा करने को आचार संहिता का उल्लंघन बताया गया है। प्रो. बीआर कॉम्बोज ने नोटिस का जवाब भी दिया है। वीसी ने इस शिकायत को निराधार बताया है।

## इलेक्शन कार्टून




**तोशाम**

## आज की चर्चित सीट

परंपरागत सीट पर बंसीलाल के पौत्र-पौत्री आमने-सामने

### भाजपा-कांग्रेस की सियासी शतरंज में परिवार ही मोहरा



चुनाव डेस्क | पानीपत

संपत्ति पर विवाद के कई साल बाद बंसीलाल परिवार अब सियासी विरासत की लड़ाई को लेकर चर्चा में है। वो तोशाम, जहां बंसीलाल परिवार 13 बार जीता है, वहां भाजपा और कांग्रेस दोनों ने बंसीलाल के वंशजों को मोर्चा थमाया है। वर्ष 1967 के बाद के 57 साल में बंसी परिवार के बगैर एक भी चुनाव नहीं गुजरा। अब तीसरी पीढ़ी के चचेरे बहन-भाई श्रुति चौधरी व अनिरुद्ध चौधरी आमने-सामने हैं। श्रुति के पापा सुरेंद्र सिंह और अनिरुद्ध के पापा रणबीर महेंद्रा भी 1998 के भिवानी लोकसभा सीट पर टकराए थे। तोशाम से 7 बार लड़े बंसीलाल को यहां सिर्फ 1987 में धर्मबीर के हाथों हार मिली थी। हालांकि हिंसा की वजह से वो चुनाव बाद में हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। 4 बार लड़कर उनके छोटे बेटे सुरेंद्र 3 बार जीते। 2000 में उन्हें भी धर्मबीर से ही हार मिली। वैसे, 1972 में यह सीट तब सुर्खियों में आईं थी जब बंसीलाल के सामने देवीलाल उतरे, लेकिन गढ़ भेद नहीं पाए। 1977 में इमरजेंसी के बाद जब कांग्रेस ने बंसीलाल को पार्टी से बाहर किया था, तब सुरेंद्र ने निर्दलीय तोशाम जीता था। 2005 में हेलीकॉप्टर हादसे में सुरेंद्र के निधन के बाद उनकी पत्नी किरण चौधरी उपचुनाव में रिकॉर्ड 89 फीसदी वोट लेकर जीती थीं। कांग्रेस लगातार 6 बार से जीत रही है। भाजपा कभी नहीं जीती है।

**बड़ा फैक्टर...** पिछले 12 चुनावों में यहां जाट ही जीते हैं। इस बार राजपूत शशिरंजन परमार बड़ा फैक्टर हैं। पिछली बार परमार ने पहली बार भाजपा को मुकाबले में लाकर दूसरा स्थान पाया था। भरी सभा में आंसू बहा चुके परमार निर्दलीय लड़ रहे हैं।

**नेताजी के धनधान्य की बात**


# असीम की मां के नाम ₹1 लाख की बाइक, भव्य के पास पत्नी से अधिक ज्वेलरी, लेकिन कार नहीं; अभय के पास रिवॉल्वर

भास्कर न्यूज | पानीपत

विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन के समय प्रत्याशियों की ओर से दिए गए शपथपत्र में दिलचस्प बातें सामने आई हैं। करोड़ों की संपत्ति वाले भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई के पास खुद की कार नहीं है। भव्य के पास ज्वेलरी पत्नी परी बिश्नोई से भी अधिक है। भव्य की संपत्ति उपचुनाव 2022 के मुकाबले 3.50 करोड़ घटी है। पूर्व सांसद अरविंद शर्मा भी करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं, लेकिन कोई भूमि-भवन उनके नाम पर नहीं है। उनकी पत्नी के नाम पर 1.41 करोड़ की अचल संपत्ति है। अरविंद शर्मा पर 2.71 करोड़ की देनदारी है।

प्रदेश के परिवहन मंत्री असीम गोयल की मां के नाम पर एक लाख से अधिक की बाइक है। पत्नी के पास दो कार हैं। असीम के पास थार गाड़ी है। 2 करोड़ से ज्यादा के कर्जदार हैं। सिंचाई मंत्री अभय सिंह यादव के पास रिवॉल्वर है। महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह से ज्यादा पत्नी के पास चल संपत्ति है। राव की संपत्ति बीते 5 सालों में 50% बढ़कर 24 करोड़ से ज्यादा हो गई है।

### जानिए पिछले चुनाव में किस नेता के पास कितनी संपत्ति थी, अब किसके पास क्या?



भव्य बिश्नोई (31), भाजपा, आदमपुर
शिक्षाः एमएससी

| | भव्य बिश्नोई | पत्नी परी |
|---|---|---|
| चल संपत्ति | 5.89 करोड़ | 6.90 लाख |
| अचल संपत्ति | 1 करोड़ | शून्य |
| वाहन | नहीं | नहीं |
| ज्वेलरी | 1 करोड़ | 5 लाख |
| देनदारी | 1.98 करोड़ | शून्य |

2022 में संपत्तिः 10.45 करोड़ | देनदारीः 4.03 करोड़



अरविंद शर्मा (61)
भाजपा, गोहाना
शिक्षाः एमडीएस

| | अरविंद | पत्नी रीता |
|---|---|---|
| चल संपत्ति | 3.99 करोड़ | 1.55 करोड़ |
| अचल संपत्ति | कोई नहीं | 1.41 करोड़ |
| वाहन | फॉर्च्यूनर | नहीं |
| ज्वेलरी | सोना 51 हजार | सोना 10.39 लाख |
| देनदारी | 2.71 करोड़ | 85.26 लाख |

लोस में संपत्तिः 7.24 करोड़ | देनदारीः 3.53 करोड़



राव दान सिंह (68)
कांग्रेस, महेंद्रगढ़
शिक्षाः एलएलबी

| | राव दान सिंह | पत्नी संध्या |
|---|---|---|
| चल संपत्ति | 2.07 करोड़ | 3.75 करोड़ |
| अचल संपत्ति | 10.54 करोड़ | 8 करोड़ |
| वाहन | इनोवा, सेल्टॉस | नहीं है |
| ज्वेलरी | 17.03 लाख | 73 लाख |
| देनदारी | 33.67 लाख | शून्य |

2019 में संपत्तिः 15.77 करोड़ | देनदारीः 24 लाख



असीम गोयल (44)
भाजपा, अम्बाला
शिक्षाः स्नातक

| | असीम गोयल | पत्नी नीलू |
|---|---|---|
| चल संपत्ति | 1.47 करोड़ | 1.88 करोड़ |
| अचल संपत्ति | 11.30 करोड़ | 5.03 करोड़ |
| ज्वेलरी | 54 लाख | 48 लाख |
| देनदारी | 2.12 करोड़ | 39.47 लाख |

वाहनः थार, एसक्रॉस, ग्रैंड विटारा, बाइक, 2 एक्टिवा
2019 में संपत्तिः 5.63 करोड़ | देनदारीः 38.84 लाख



**अभय यादव (69) भाजपा, नांगल चौधरी | शिक्षाः पीएचडी** • चल संपत्तिः 3.12 करोड़, अचल संपत्तिः 11.80 करोड़, देनदारीः 11.20 लाख, हथियारः रिवॉल्वर। 2019 में कुल संपत्तिः 9.57 करोड़, देनदारीः 17 लाख।

**फोटो ऑफ द डे**

## नेताजी का बाल बांका न हो जाए...



**महेंद्रगढ़** | पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मंच पर पीएसओ उनके बालों में कंघी कर रहे हैं। इस दौरान पार्टी में नेताओं की ज्वॉइनिंग की घोषणा हो रही है। पीछे खड़ा पीएसओ अपनी जेब से कंघी निकालता है और हुड्डा के बालों को संवारता है।

**जजपा-एएसपी** दूसरी लिस्ट

### 12 प्रत्याशियों में 3 जाट और 2-2 बीसी, एससी व बाह्मण

**चंडीगढ़** | जजपा-एएसपी गठबंधन ने दूसरी सूची में 12 सीटों के प्रत्याशी घोषित किए हैं। इनमें जजपा के 10 व एएसपी के 2 प्रत्याशी हैं। गठबंधन अब तक 31 प्रत्याशी घोषित कर चुका है। इसमें जजपा के 25 व एएसपी के 6 उम्मीदवार हैं। अगली सूची मंगलवार को जारी होगी। सूची में 3 जाट, 2 ब्राह्मण, 2 बीसी, 2 एससी, 1 वैश्य, 1 पंजाबी, 1 मुस्लिम चेहरा है। जजपा से पंचकूला में सुशील गर्ग, अम्बाला कैंट में अवतार करधान, पिहोवा में डॉ सुखविंदर कौर, कैथल में संदीप गढ़ी, गन्नौर में अनिल त्यागी, सफीदों में सुशील बैरागी, किलोई में सुशीला देशवाल, पटौदी में अमरनाथ, गुरुग्राम में अशोक जांगड़ा फिरोजपुर झिरका में जाना मोहम्मद को उतारा है। वहीं, एएसपी ने अम्बाला सिटी में पारूल नागपाल, नीलोखेड़ी में कर्ण सिंह भुक्कल को प्रत्याशी बनाया है।

# यहां की जनता चाहती है कि मैं सीएम बनूं : राव इंद्रजीत

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के सीएम बनने की मन की कसक एक बार फिर सामने आई। उन्होंने कहा कि यहां की जनता चाहती है तो मैं सीएम बनूं। उन्होंने इशारों में प्रदेश सरकार बनाने में अपनी भागीदारी भी गिनवाई। कहा कि यदि अहीरवाल की जनता साथ नहीं देती तो मनोहर लाल दो बार मुख्यमंत्री नहीं बनते। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। शीर्ष नेतृत्व ने भी कहा है कि सरकार बनने पर सैनी ही सीएम बनेंगे।

दरअसल, राव इंद्रजीत सिंह सोमवार को रेवाड़ी से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह यादव का नामांकन कराने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण सिंह पहले प्रत्याशी हैं जिन्होंने दक्षिणी हरियाणा में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर आज नामांकन दाखिल किया है। दक्षिणी हरियाणा में अभी कई सीटें बची हुई हैं। नूंह जिले में अभी 3 सीटें बची हुई हैं। कुछ भाजपाइयों के बागी होने पर कहा कि पार्टी को सोचना होगा कि उन्हें पार्टी में किसने शामिल करवाया। जब पार्टी को यह संकेत मिल गया था कि टिकट नहीं मिलने पर वे बागी होकर लड़ेंगे। पिछली बार के 75 पार के नारे के सवाल को उन्होंने हंसकर टाल दिया। हुड्डा और कैप्टन अजय को लेकर राव ने कहा कि हुड्डा साहब आज उनके पक्ष में नामांकन कराने आ रहे है। लेकिन कैप्टन अजय सिंह यादव उनके पक्ष में रहेंगे या नहीं रहेंगे ये भविष्य में तय होगा।

**राजनीति का पीपीपी मॉडल**
पॉलिटिक्स | परिवार | पार्टी

भजनलाल परिवार 1968 से लेकर अब तक 56 वर्षों में 33 चुनाव लड़ चुका, आदमपुर बरसों से गढ़

# देवीलाल से कुर्सी छीन राजनीति के पीएचडी कहलाए भजनलाल

रत्न पंवार | हरियाणा

हरियाणा की राजनीति में चौधरी भजनलाल करीब पांच दशकों तक छाये रहे। भजनलाल दस जमा दो ही पास थे, मगर उन्हें राजनीति का पीएचडी पास माना गया। इसके पीछे कई वजह रही। राजनीति के धुरंधर रहे चौ. देवीलाल से दो बार कुर्सी छीनकर उन्होंने राजनीतिक काबिलियत का परिचय दिया। भजनलाल परिवार ने हरियाणा के चार कोनों कालका, पंचकूला, भिवानी, फरीदाबाद व हिसार से चुनाव जीतकर एक रिकॉर्ड बनाया। जबकि बिश्नोई समाज की वोट केवल .07 फीसदी ही है।

भजनलाल परिवार के साथ 44 साल से जुड़े योगेंद्र नाथ मल्होत्रा नाथी बताते हैं कि भजनलाल परिवार 1968 से अब तक करीब 56 वर्षों में 33 चुनाव लड़ चुका है और मात्र छह चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा। परिवार के छह सदस्यों में से रेणुका बिश्नोई के अतिरिक्त शेष पांच सदस्य एक-एक बार चुनावी हार का मजा चख चुके हैं, लेकिन यदि सफलता का प्रतिशत देखें तो भजनलाल परिवार अग्रणी है। भजनलाल की धर्मपत्नी जसमा देवी 1987 में विधायक बनीं। उस समय भजनलाल राज्यसभा सभा सदस्य थे। जैसे ही बड़े बेटे चंद्रमोहन ने 25 की उम्र पार की और कालका विधानसभा क्षेत्र में उप-चुनाव की स्थिति आई तो भजनलाल ने चन्द्रमोहन को कालका से विधायक बनवा दिया। पिता मुख्यमंत्री थे तो चुनाव में जीत का रिकॉर्ड बनाना चुटकी बजाने जैसा रहा। छोटे बेटे कुलदीप बिश्नोई भी 1998 में 30 साल की उम्र में उपचुनाव के जरिये आदमपुर से विधायक बने। इस उप-चुनाव की नौबत तब आई थी जब भजनलाल 1998 में करनाल से चुनाव जीत लोकसभा पहुंच थे। 2004 में कुलदीप बिश्नोई ने भिवानी लोकसभा क्षेत्र से और 2009 में भजनलाल ने हिसार से लोकसभा चुनाव जीत दो लोकसभा क्षेत्र और जीत के रिकॉर्ड में जोड़ लिए। 2011 में आदमपुर में एक बार फिर उप-चुनाव हुआ तो पहली बार परिवार की बहू रेणुका बिश्नोई ने राजनीतिक खाता खोला। रेणुका 2014 में हांसी से विधायक चुनी गईं। 2014 के चुनाव में कुलदीप बिश्नोई खुद हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) की टिकट पर हिसार से उम्मीदवार थे, इनेलो के दुष्यंत चौटाला से हार गए। बाद में हजकां का कांग्रेस में विलय हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुलदीप के बेटे भव्य बिश्नोई ने कांग्रेस टिकट पर हिसार से लड़ा। मगर हारे। फिलहाल पिता-पुत्र भाजपा में हैं। भव्य बिश्नोई ने आदमपुर उपचुनाव में जीत हासिल की है। 2019 के चुनाव में चन्द्रमोहन ने बेटे सिद्धार्थ को राजनीति में सक्रिय कर दिया था।

### 1991 के चुनाव में जो कहा वो हुआ

1991 के चुनाव हुए तो बंसीलाल कांग्रेस से नाता तोड़ चुके थे। बिरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चुनाव हुए। भजनलाल ने चुनाव प्रचार की शुरुआत से ही बिरेंद्र सिंह के आशीर्वाद से टिकट पाए उम्मीदवारों को आर्थिक संसाधन उपलब्ध करवा उनकी मदद शुरू कर दी। मतदान वाले दिन कहा कि कांग्रेस 51 सीटें जीतेगी और वही हुआ।

### फैमिली ट्री; सियासत की सीढ़ी पीढ़ी दर पीढ़ी




**जब कर दी भजन की छुट्टी :** कृषि मंत्री भजनलाल ने सरकार के सामने गेहूं की सरकारी वसूली का जो लक्ष्य रखा, वह आधा भी नहीं मिल पाया था। सीएम बंसीलाल ने इसे आधार बना भजनलाल की मंत्रिमंडल से छुट्टी कर दी थी।

# मुझे जिताया तो ये नहीं सुनोगे कि विधायक शराब पी रहा हैः दुग्गल

### नापा का नाम लिए बिना किए वार

**रतिया** | रतिया हलके में भाजपा प्रत्याशी सुनीता दुग्गल ने सीएम नायब सैनी के सामने विधायक लक्ष्मण नापा का नाम लिए बगैर कई वार किए। दुग्गल बोलीं 'मुझे विधायक बनाया तो ये सुनने को नहीं मिलेगा कि आपका विधायक शराब पी रहा है या जुआ खेल रहा है या सट्टा खेल रहा है।'' इसके बाद रतिया में नया घमासान शुरू हो गया है। नापा के समर्थकों ने दुग्गल का पुतला फूंकने का ऐलान का दिया। ओड समाज ने मंगलवार को बैठक बुलाई है। बता दें कि रतिया में भाजपा के टिकट वितरण से पहले ही विवाद हो गया था। विरोध में विधायक लक्ष्मण नापा ने भाजपा छोड़ कांग्रेस ज्वॉइन कर ली थी।

### निजी जिंदगी पर टिप्पणी का हक नहीं मानहानि केस करूंगा : लक्ष्मण नापा

उधर, विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि दुग्गल द्वारा उनकी निजी जिंदगी पर की गई बयानबाजी से उनके सम्मान को ठेस पहुंची व वे अपने वकील के माध्यम से उनके खिलाफ कानूनी नोटिस देकर मानहानि का केस करेंगे। चुनाव आयोग को शिकायत भेजी जाएगी। वे एफआईआर भी दर्ज करवाएंगे। उन्होंने कहा कि ताश खेलना मनोरंजन है। हार को देखकर वे बौखला गई हैं।

# हिमाचल प्रदेश में हर साल 500 लोगों की डूबने से होती है मौत, अब एसटीआरएफ तैयार करेगी लाइफ गार्ड

### 26 हॉट स्पॉट पर तैनात होंगे लाइफ गार्ड ताकि समय पर बचाव हो

**शिमला** | प्रदेश में डूबने से हर साल औसतन 500 लोगों की मौत हो रही है। इसके लिए एसटीआरएफ लोकल पुलिस और होमगार्ड के जवानों को ट्रेंड करेंगे। डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा ने बताया कि 2006 से 2010 के बीच किए गए एक अध्ययन से पता चला कि राज्य में हर साल डूबने से 514 मौतें हुई। इनमें से 75% आकस्मिक और 16% आत्महत्या थीं। डूबने की अधिकांश घटनाएं गर्मियां (34%) और मानसून (31%) मौसम के दौरान हुई। कांगड़ा और मंडी जिलों में सबसे अधिक घटनाएं हुई। डूबने के कारण कीमती जान के नुकसान को रोकने के लिए 26 ऐसे हॉट स्पॉट की पहचान की गई। यह निर्णय लिया गया कि इन हॉट स्पॉट की निगरानी की जानी चाहिए। प्रयास किए जाएंगे लोगों को जल निकायों के पास जाने से रोका जा सके। ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## लाखों की चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य अरेट

**संगरूर** | जिला पुलिस की ओर से कोरियर कंपनियों के शटर तोड़ कर लाखों रुपए की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को काबू किया है।

आरोपी पंजाब के विभिन्न शहरों समेत हरियाणा में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह के पकड़े जाने से 8 घटनाओं से पर्दा उठ गया है।

# कनाडा से दी गई सुपारी, रिटायर्ड सेशन जज समेत 8 लोगों पर पर्चा

## वकील बोले- जमीन के केस की पैरवी को लेकर दी जा रही थी धमकी

**जालंधर** | गुजराल नगर में एडवोकेट गुरमोहन सिंह के घर फायरिंग के केस में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। एडवोकेट का आरोप है कि एनआरआई अमरप्रीत सिंह औलख की जमीन के केस की पैरवी को लेकर डराने के इरादे से फायरिंग करवाई गई है। फायरिंग की साजिश में रिटायर्ड सेशन जज किशोर कुमार, उनके भाई रिटायर्ड तहसीलदार मनोहर लाल, एनआरआई औलख की पूर्व पत्नी निशवंत दोसांझ उर्फ निशी, उसकी मां बलराज पाल दोसांझ, भाई लतिंदर सिंह उर्फ डैनी, मनी ढिल्लों को नामजद किया गया है। दोनों शूटर्स अज्ञात हैं तो उनको ट्रेस करने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। एडवोकेट ने कहा कि बलराज पाल की बेटी संग उनके दोस्त अमरप्रीत की शादी हुई थी। कुछ दिन बाद उनमें तलाक हो गया। प्रतापपुरा में करीब 15 एकड़ जमीन है, जिसमें से उनके दोस्त की साढ़े 3 एकड़ जमीन है। उसी जमीन का विवाद चल रहा है। दोस्त कनाडा में है तो पैरवी के लिए दोस्त ने उसे पॉवर ऑफ अटॉर्नी दी थी। वे कानूनी तरीके से केस लड़ रहे थे, मगर धमकी दी जा रही है कि केस की पैरवी बंद कर दें।

## हिमाचल के लिए 92,300 मकान स्वीकृत करने को केंद्र का जताया आभार

**शिमला** | भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मोदी सरकार का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र ने हिमाचल प्रदेश के लिए एकमुश्त 92,300 मकान देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पूर्व मोदी सरकार द्वारा 17,500 मकान दिए गए थे और हिमाचल प्रदेश से केंद्र सरकार को जो कुल सूची गई है।


बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक - 124021 (हरियाणा)
9053066601
www.bmu.ac.in
LIMITED SEATS



महंत बालकनाथ योगी
Chancellor BMU

BMU SCHOLARSHIP PROGRAM

Eligibility Criteria


| Marks | Scholarship |
|---|---|
| 95% Above | 90% Scholarship * |
| 90% Above | 80% Scholarship * |
| 85% Above | 70% Scholarship * |

+ Laptop*

Eligible Course
B.TECH | M.TECH
Civil, Electronics, Mechanical
B.Sc Optometry, MLT, Agriculture
B.Sc, B.Com, MA, M.Sc, M.Com & Shastri

Scholarship / Discount
- Sibling
- Single Girl Child
- Physical Handicapped
- Orphan
- Sports
- Ex-Serviceman

Upto 25% OFF



Get upto 90% Scholarship!

ADMISSIONS OPEN 2024-25

FACULTY OF MGT. AND COMM.

| Programme | Fee |
|---|---|
| BBA -Digital Marketing & Sales -IT with AI-ML -Marketing -HR Management -Finance -International Business -Entrepreneurship -Hons. With Research | ₹ 12,500 (Per Semester) |
| B.Com -General -Professional-CA Stream -Professional-CS Stream -Hons. With Research | ₹ 10,000 (Per Semester) |
| M.Com. BCA -General -Data Science -AI & ML -Graphics & Animation | ₹ 12,500 (Per Semester) |
| MBA -IT with AI-ML -Marketing -HR Management -Finance -International Business -Entrepreneurship MCA -General -Data Science -AI & ML -Graphics & Animation | ₹ 25,000 (Per Semester) |

Newly Introduced Programmes:-

| Programme | Fee |
|---|---|
| B.Sc. -(Hons.) Agriculture; B.Sc. -Medical Lab Technology; B.Sc. -Optometry | ₹ 30,000 (Per Semester) |

FACULTY OF SCIENCES

| Programme | Fee |
|---|---|
| B.Sc. -Mathematics -Hons. in Mathematics -Physics -Hons. in Physics -Chemistry -Hons. in Chemistry -Bio-Technology -Hons. in Bio-Technology -Home Science -Hons. in Home Science -Physical Sciences -Physical Sciences with Major Mathematics -Physical Sciences with Major Physics -Physical Sciences with Major Chemistry -Life Sciences -Life Sciences with Major Botany -Life Sciences with Major Zoology -Life Sciences with Major Chemistry | ₹ 10,000 (Per Semester) |
| M.Sc -Physics -Chemistry -Botany -Zoology -Bio-Technology -Mathematics -Home Science | ₹ 20,000 (Per Semester) |

FACULTY OF HUMANITIES

| Programme | Fee |
|---|---|
| B.A. (Bachelor of Arts); B.A. (Bachelor of Arts) Hons. with Research; B.A. (Bachelor of Arts) English (Hons.); B.A. J.M.C.; B.A. J.M.C.- Hons. with Research; B.Lib. & Info. Science | ₹ 10,000 (Per Semester) |
| Shastri, MA -Sanskrit | ₹ 2500 (Per Semester) |
| M.A. -Hindi -English -History -Pol. Sc. -Economics -Education -Sociology -Pub. Admin. -Geography -J.M.C.; M. Lib. & Info. Science | ₹ 10,000 (Per Semester) |

FACULTY OF ENGINEERING

| Programme | Fee |
|---|---|
| B.Tech.-Computer Science and Engg. -AIML -Data Science -Cyber Security -IOT & Blockchain -Comp. Animation & Gaming; B.Tech.-Civil Engg. -Transportation Engg. -Structural Engg.; B.Tech. -Mechanical Engg.; B.Tech. -Electronics & Comm. Engg. | ₹ 25,000 (Per Semester) |
| M.Tech. -Computer Science and Engg.; M.Tech. -Civil Engg. -Transportation Engg. -Structural Engg. | ₹ 30,000 (Per Semester) |
| B.ed. | ₹ 22,000 |
| D.ed. | ₹ 14,250 |

*Affiliated to MDU Rohtak

FACULTY OF LAW
LL.M. - (2 Years)

FACULTY OF NURSING
*ANM - (2 Years)
*GNM - (3 Years)
Post Basic B.Sc. Nursing -(2 Years after GNM)

FACULTY OF AYURVEDA
BAMS -Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery

FACULTY OF PHYSIOTHERAPY
MPT-Sports
MPT-Neurology
MPT-Orthopaedics
MPT-Cardiothoracic & Pulmonary Disorder

FACULTY OF PHARMACY
D. Pharm.
B.Pharm.
M.Pharm.-(Pharmaceutics)
M.Pharm.-(Pharmacology)

Scan to visit website

*Terms & Condition Applied

गांडेय में आपकी योजना आपकी सरकार में शामिल हुए सीएम

# चुनाव निकट है, राज्य में मंडरा रहे राजनीतिक गिद्ध : हेमंत

## बोले- हमारी सरकार रांची से नहीं, गांवों से चल रही है

भास्कर न्यूज़ | गिरिडीह

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह सरकार व्यापारियों की नहीं, आदिवासियों और मूलवासियों की है। यह सरकार रांची से नहीं, गांवों से चलती है। सरकार गांवों के लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए काम कर रही है। चाहे वह आदिवासी हो, दलित हो, पिछड़े हो, गरीब हो या अल्पसंख्यक, हम सभी लोगों के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने सोमवार को ताराटांड़ में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में कहीं। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद और गिरिडीह और धनबाद के लाभुक व अन्य लोग पहुंचे थे।

सीएम ने कहा कि अभी 2-4 महीनों के बाद राज्य में चुनाव की घंटी बजने वाली है, इसलिए राज्य में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं। कोई असम से आ रहा है, तो कई छत्तीसगढ़ से। अभी छोटे-छोटे गिद्ध दिख रहे हैं, कुछ दिन बाद बड़े-बड़े गिद्ध दिखने लगेंगे। वे आपके बीच झूठ का खाना परोसेगा और झूठ का आश्वासन देगा। विपक्षी दल आपको भ्रमित करने के लिए जाति, धर्म, जाति, अगड़ा और पिछड़ा की बात कहेंगे।

### फिर सरकार बनी तो एक-एक लाख देंगेः सीएम



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को सम्मान दे रही है, तो विपक्ष के लोग कहते हैं कि कोई काम नहीं हो रहा है। हमारा संकल्प है कि आने वाले पांच वर्षों में झारखंड के हर गरीब के घर में एक-एक लाख रुपया तक पहुंचाएंगे। पहले सरकार सिर्फ ट्रैक्टर, हल और बैल ही बांटती थी। आज स्कॉर्पियो भी बंटती है। पहले डिसमिल में पट्टा मिलता था। अब एकड़ में पट्टा बन रहा है। हजार एकड़ वन पट्टा बांटा है। पहले उन लोगों ने मुफ्त का सिलेंडर बांटा और बाद में सिलेंडर का दाम 1200 रुपए कर दिया। आज उस सिलेंडर पर कपड़े सूखाए जाते हैं या फिर डलिया-टोकरी रखी जाती है।

### सिर्फ घुसपैठ व लव जेहाद की बात करते हैं भाजपाई

हेमंत ने कहा कि यह वीरों की धरती है। झारखंडियों को डराने वाले अंग्रेज भी भागे हैं। आज कई ऐसे राज्य हैं, जिनकी सरकारों के पास उतना पैसा नहीं है, जितना भारतीय जनता पार्टी के खजाने में है। पूरे देश में ताजमहल जैसा ऑफिस बन रहा है। पैसे की बदौलत आदिवासी, दलितों को बेवकूफ बना रहा है। यहां घुसपैठियों, लव जेहाद की बात करता है। हम कहते हैं कि आदिवासियों को सरना धर्म कोड क्यों नहीं दिया? जब हमारी पहचान ही नहीं है तो हमारी संख्या घटना स्वभाविक है। झारखंड विधानसभा से धर्म कोड का कानून बनाकर भेजा तो केंद्र सरकार उस पर कुंडली मार कर बैठी है। झारखंड के पिछड़ों 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता था, उसे पूर्व मुख्यमंत्री ने काट कर 14 प्रतिशत कर दिया। हम लोग जब प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिल्ली भेजते हैं तो असंवैधानिक बता देता है।

**मंईयां योजना रोकने के लिए कोर्ट का सहारा ले रही भाजपा:** मंईयां योजना को रोकने के लिए भाजपा कोर्ट का सहारा ले रही है। मंईयां योजना दे रहे हैं, तो उनके पेट में दर्द हुआ तो कोर्ट में विरोध दर्ज करा दिया है। महिलाओं को सम्मान देने से रोकने के लिए कानून का सहारा ले रहे हैं। उनके पास बड़े-बड़े वकील और बड़े-बड़े जज हैं जो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ कर के भाजपा की सेवा कर रहे हैं।

## बीटेक छात्रा की रेप के बाद हत्याः हाईकोर्ट ने कहा- राहुल की फांसी की सजा उचित

रांची | रांची के बूटी में बीटेक छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में सजायाफ्ता राहुल राज उर्फ अंकित राज की फांसी की सजा हाईकोर्ट ने बरकरार रखी है। हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत ने सोमवार को राहुल राज की ओर से दाखिल अपील याचिका खारिज कर दी। वहीं राज्य सरकार की ओर से फांसी की सजा कंफर्म करने के लिए दाखिल याचिका कंफर्म कर दी। अदालत ने माना कि यह जघन्यतम मामला है।

सीबीआई कोर्ट द्वारा अपराधी को सुनाई गई फांसी की सजा उचित है। इस मामले में रांची की सीबीआई कोर्ट ने राहुल राज को 20 दिसंबर 2019 को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखते हुए उसे 21 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनाई थी। मालूम हो कि 15 दिसंबर 2016 को देर रात छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। उसने इतनी बेरहमी से इस घटना को अंजाम दिया था कि छात्रा का शव देख हर कोई कांप गया था।

ओरमांझी के जिराबर गांव में मृत अभ्यर्थी अजय महतो के परिजनों से मिले सरमा

# झारखंड में कांग्रेस के 12-14 और झामुमो के 2-3 विधायक हमेशा संपर्क में : हिमंता

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची

प्रदेश भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा सोमवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि झारखंड में कांग्रेस के 12-14 विधायक और झामुमो के 2-3 विधायक हमेशा उनके संपर्क में रहते हैं। सभी भाजपा में शामिल होना चाहते हैं। पर, सबको शामिल करा लिया, तो पार्टी के लोग नाराज हो जाएंगे। पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान जरूरी है। बंधु तिर्की के बारे में उन्होंने कहा कि उनसे कभी बात नहीं हुई है। उनकी बेटी मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एयरपोर्ट पर मिली थीं, तब मुलाकात हुई थी।

हेमंत सोरेन के बयान कि विपक्ष उन्हें फांसी पर लटकाना चाहता है, पर हिमंता ने कहा कि हेमंत दीर्घायु हों। देश को उनकी जरूरत है। बस वे हमारी एक-दो मांगें पूरी कर दें। हम चाहते हैं कि वे घुसपैठियों पर अंकुश लगाएं। घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पने न दें। लव जेहाद पर रोक लगाएं। उत्पाद सिपाही की दौड़ में जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हो गई है, उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 50 लाख रुपए की सहायता राशि दें। इधर, हिमंता शाम को ओरमांझी के जिराबर गांव पहुंचे। उन्होंने उत्पाद सिपाही की दौड़ में मृत अभ्यर्थी अजय कुमार महतो के परिजनों से मुलाकात की।



अजय के परिजनों से मिलते हिमंता। साथ में बाबूलाल व बाउरी भी थे।

## शिवराज सिंह ने संघ प्रचारकों से दावेदारों का लिया फीडबैक

धनबाद | केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान सोमवार को अचानक धनबाद पहुंचे और संघ प्रचारकों से मुलाकात कर वापस लौट गए। शिवराज सिर्फ दो घंटे ही धनबाद में रुके। इस दौरान मेमको मोड़ स्थित कासा सेलेस्ट आवासीय सोसाइटी में रहने वाले गोपी कटेसरिया के घर पहुंचे। वहीं संघ प्रचारकों के साथ बंद कमरे में बैठक की। यह करीब 45 मिनट तक चली। सूत्रों की माने तो इस बैठक में धनबाद के अलावा बोकारो, गिरिडीह और संथाल परगना के प्रचारक शामिल थे। बैठक में विधानसभा चुनाव में दावेदारी पेश करने वाले संभावित दावेदारों के बारे में संघ प्रचारको से फीडबैक लिया।

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 12 मई, 2020 को जारी किया गया था

# 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई मेरिट लिस्ट पर रोक, 23 सितंबर को सुनवाई

भास्कर न्यूज़ | लखनऊ

उत्तर प्रदेश 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अगस्त को आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा- हाईकोर्ट का आदेश निलंबित रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और दोनों पक्षों- अनुसूचित जाति व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों और कार्यरत शिक्षकों से कहा कि लिखित दलीलें पेश करें। हम इस पर फाइनल सुनवाई करेंगे। हाईकोर्ट के फैसले के अध्ययन के लिए समय चाहिए। अब अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। याचिका परिषदीय विद्यालयों में 4 साल से नौकरी कर रहे शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। याचिकाकर्ताओं में शिक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह, रवि प्रकाश, शिवम चौबे और रवि सक्सेना सहित अन्य शामिल हैं। इनकी तरफ से एडवोकेट गौरव बनर्जी, एस. मुरलीधर, मुकुल रोहतगी, पीए सुंदरम ने पैरवी की। राज्य सरकार का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में यूपी की अपर महाधिवक्ता एश्वर्या भाटी ने रखा।

साल 2018 में उत्तर प्रदेश की तत्कालीन योगी सरकार ने 69 हजार सहायक शिक्षक पदों की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन निकाला। इसकी परीक्षा 6 जनवरी, 2019 को हुई। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 12 मई, 2020 को जारी किया गया।


विज्ञापन के लिए ड्राफ्ट

प्रवेश खुला 2024-25

लेटरल एंट्री

बी.टेक. (मैकेनिकल और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग)

बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ऑनर्स के साथ/इलेक्ट्रिक वाहन/साइबर सुरक्षा/रोबोटिक्स में माइनर डिग्री*)

**संस्थान स्तरीय काउंसलिंगः** 11-09-2024

**ओपन काउंसलिंगः** 12-09-2024 और 13-09-2024

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं:**

- एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम
- अत्याधुनिक और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
- प्रयोगशालाओं में औद्योगिक ग्रेड मशीनें
- अत्यधिक अनुभवी संकाय
- उद्योग भागीदारों के सहयोग से तैयार किया गया कार्यक्रम

**पात्रता मानदंडः** एआईसीटीई और एचएसटीईएस के अनुसार (इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/बीएससी/व्यवसाय में डिप्लोमा (डी. वोक.)/समान संबद्ध क्षेत्र में व्यवसाय में स्नातक (बी.वोक.))

**उद्योग भागीदारः** जेबीएम समूह, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, एचएल मांडो सॉफ्टटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। लिमिटेड, ई अश्वा, ऑटोलेक, जेट्रेंस

अधिक जानकारी के लिए, देखें: www.hstes.org.in और www.svsu.ac.in

संपर्क करें: 8894874531, 9501590088

2208/11/115/2025/29178/C/10/6


# नकल रोकने की ऐसी सजा

## आराः छात्राओं ने शिक्षिका को पीटा; आंख में चोटें, 3 पर केस



आरा | वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में नकल रोकने पर छात्राओं ने शिक्षिका डॉ. श्रुति स्नेहा को पीट दिया। इस हमले में शिक्षिका की आंख, हाथ और पीठ में चोटें आईं। घटना महाराजा कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर हुई। सोमवार को पोस्ट ग्रेजुएट सेमेस्टर-3 की परीक्षा हो रही थी। शिक्षिका ने नवादा थाने में तीन छात्राओं पर नामजद केस कराया है। शिक्षिका ने बताया परीक्षा में कुछ छात्राएं नकल कर रही थीं। मैंने उन्हें रोका। इस पर छात्राओं ने उन पर हमला कर दिया।

## बेरहम पिताः रो रही डेढ़ वर्ष की बच्ची को पटक कर मार डाला

भास्कर न्यूज़ | रोसड़ा (समस्तीपुर)

रोसड़ा थाने की जहांगीरपुर दक्षिणी पंचायत के लालपुर वार्ड 7 में रो रही डेढ़ माह की बच्ची को पिता ने पटककर मार डाला। मृत बच्ची की पहचान देव कुमार की डेढ़ माह की पुत्री देवरानी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद पिता भागने लगा जिसे पकड़ कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार लालपुर वार्ड 7 निवासी कालेश्वर पासवान की पुत्री अपनी डेढ़ माह की पुत्री के साथ मायके में दो माह पूर्व से रह रही थी। पति 20-25 दिनों से ससुराल में ही रह रहा था। वह हलवाई का काम करता है। आरोपी बेगूसराय जिला के बछवाड़ा थाना राजापुर गांव का रहने वाला है। उसकी शादी 2023 में हुई थी। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए आए मृत बच्ची के नाना ने बताया कि सोमवार सुबह में उनका दामाद अपनी पत्नी से खाना मांगा। पत्नी की गोद में डेढ़ महीने की पुत्री थी, जो रो रही थी। बच्ची को पति के पास रखकर खाना निकालने के लिए रसोई में गई। इस बीच बच्ची लगातार रोये जा रही थी। इसपर पिता देव कुमार पासवान अपनी पुत्री को चौकी पर पटक दिया। इससे उसकी मौत हो गई। पिता को रोसड़ा पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही रोसड़ा अपर थानाध्यक्ष आफताब आलम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। घटना के बाद से बच्ची की मां रो-रोकर बार-बार बेहोश हो रही थी। अपर थानाअध्यक्ष आफताब आलम ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का सही पता चल पाएगा।

## बेतिया : गंडक में नाव पलटी, 11 शिक्षक समेत 15 को ग्रामीणों ने बचाया

भास्कर न्यूज़ | बेतिया (बैरिया)

बैरिया के श्रीनगर घाट पर गंडक नदी में सोमवार की सुबह करीब 8:00 बजे गंडक नदी में नाव पलट गई। उस पर सवार 11 शिक्षक समेत 15 लोग डूबने लगे। ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला।

नाविक भी तैरकर निकला और फरार हो गया। नाव पर नाविक के अलावा तीन महिला शिक्षिका, आठ पुरुष शिक्षक, तीन ग्रामीण सवार थे। सभी शिक्षक बेतिया में रहते हैं और ड्यूटी करने श्रीनगर पंचायत में जाते हैं।


SVSU

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

(हरियाणा सरकार अधिनियम 25, 2016 के तहत अधिनियमित राज्य विश्वविद्यालय)

मुख्य परिसरः गांव दुधोला, जिला पलवल (हरियाणा) पिनकोड - 121102

गुरुग्राम परिसरः प्लॉट नंबर 147, सेक्टर-44, गुरुग्राम (हरियाणा)

लेटरल एंट्री सहित सभी यूजी/पीजी कार्यक्रमों के लिए ऑन-द-स्पॉट काउंसलिंग

प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में सीमित रिक्त सीटों पर खेल काउंसलिंग के लिए मूल दस्तावेजों के साथ निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार रिपोर्ट करें:

दिनांक : 12 एवं 13 सितम्बर 2024 | समयः प्रातः 9.30 बजे | स्थानः अकादमिक ब्लॉक, एसवीएसयू कैंपस, दुधोला, पलवल (हरियाणा) -121102

| कार्यक्रम और प्रवेश स्तर की पात्रता | |
|---|---|
| एक वर्षीय यूजी सर्टिफिकेट (10+2 के बाद) | बी.वोक./बीबीए/बी.कॉम./बी.एससी./बीएचएम (10+2 के बाद) |
| दो वर्षीय यूजी डिप्लोमा (10+2 के बाद) | बी.टेक. (सीएसई (एआई और एमएल), सीई, मैकेनिकल और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) (10+2 के बाद) |
| डिप्लोमा वोकेशन और डिप्लोमा इंजीनियरिंग (10वीं कक्षा के बाद) | एम.वोक./एमबीए/एम.एससी./एम.टेक. (स्नातक के बाद) |

मुख्य विशेषताएं:

- एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित तकनीकी कार्यक्रम
- कौशल श्रेणी के तहत एनआईआरएफ रैंकिंग 2
- उद्योग प्रायोजित परियोजनाओं पर काम करने का अवसर
- उद्योग-ग्रेड मशीनें
- अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा और खेल सुविधा
- सभी योग्य और पात्र छात्रों के लिए सरकारी और कॉर्पोरेट छात्रवृत्ति
- प्रतिष्ठित उद्योगों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) का अवसर
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के साथ संरेखित सभी पाठ्यक्रम
- कई प्रमाणन के लिए अवसर
- प्रॉस्पेक्टस अनुसार ओजेटी के दौरान वजीफा
- लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास
- उत्कृष्ट प्लेसमेंट सहायता

नोटः

1. रिक्त सीटों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा
2. रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।
3. चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश की पुष्टि के लिए शुल्क का भुगतान करना होगा। शुल्क केवल ऑनलाइन/डिजिटल मोड के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।
4. सभी शर्तें, पात्रता, शुल्क और अन्य विवरण 2024-25 के लिए प्रवेश विवरणिका के अनुसार होंगे।
5. विश्वविद्यालय किसी भी शर्त को उचित समझे जाने पर बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

2208/11/116/2025/29179/C/10/6 संपर्क नंबरः 9306095464, 9253364547, 9253224547 || वेबसाइटः www.svsu.ac.in



## लखनऊ में पकड़ी गई 50 लाख रुपए की मार्फिन, असम से लाकर करते थे सप्लाई

लखनऊ | लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 422 ग्राम मार्फिन बरामद हुई। जिसकी कीमत 50 लाख से ज्यादा की बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करके पूरे नेटवर्क को तलाश रही है। बता दें, रविवार रात 11 बजे पुलिस टीम अजीज नगर मड़ियांव के पास गस्त कर रही थी। तभी सूचना मिली की दो व्यक्ति मादक पदार्थ (मार्फीन) की सप्लाई देने के लिए भिटौली ओवरब्रिज के ढाल के पास सीतापुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर इंतजार कर हैं। पुलिस टीम पहुंची तो दोनों भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- आयोग, बोर्ड के अध्यक्ष भी चुने जाएंगे

# बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार सितंबर के अंत तक... खराब प्रदर्शन वाले हटेंगे

पटना | बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार सितंबर के आखिरी सप्ताह तक होगा। इस दौरान खाली पड़े आयोग, बोर्ड के अध्यक्ष का भी चुनाव किया जाएगा।



ये जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। सोमवार को दोपहर में डॉ. दिलीप जायसवाल जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से उनके आवास पर 45 मिनट मुलाकात की। इस दौरान 2025 में विधानसभा के चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इस मौके जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा कहा कि एनडीए के विभिन्न घटक दलों में आपसी समन्वय को लेकर कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ मंत्रीमंडल विस्तार के साथ ही बोर्ड, निगम और आयोग की सूची भी जल्द जारी होगी। मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही आयोग, निगम और बोर्ड में भी अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। इससे 200 से अधिक नेताओं के एडजस्ट होने की संभावना है।"

**मंत्रिमंडल में 6 मंत्रियों को मिलेगा स्थान** | मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्रियों को स्थान मिलेगा। खराब प्रदर्शन करने वालों की जगगह नए मंत्री बनाए जाएंगे। इस दौरान एनडीए की कोशिश है कि सभी जाति के लोगों को मंत्रीमंडल में स्थान दिया जाए। इसका फायदा 2025 के विधानसभा चुनाव में होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक अभी मंत्रिमंडल में 30 मंत्री है। इसमें सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी सहित अन्य शामिल है। मंत्री परिषद की अधिकतम सीमा 36 है। ऐसे में 6 नए मंत्री बनाया जा सकता है।

## जज के पति का शव 9 दिन बाद मिला 40 किमी. दूर गंगा बैराज में फंसा था

उन्नाव | उन्नाव में गंगा नदी में डूबे जज के पति आदित्यवर्धन सिंह उर्फ गौरव (45) का शव मिल गया। वह 31 अगस्त यानी 9 दिन पहले सेल्फी लेने के दौरान नानामऊ घाट पर गंगा में बह गए थे। आदित्यवर्धन सिंह हेल्थ विभाग में डिप्टी डायरेक्टर थे। वाराणसी में पोस्टेड थे। उनकी पत्नी श्रेया मिश्रा महाराष्ट्र के अकोला में जज हैं। रविवार रात 8 बजे आदित्यवर्धन का शव नानामऊ घाट से 40 किलोमीटर दूर कानपुर के गंगा बैराज गेट नंबर-1 पर फंसा मिला। नवाबगंज थाना पुलिस ने शव मिलने की सूचना बिल्हौर पुलिस को दी। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। आदित्यवर्धन के दोस्त संतोष पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त की।


**GOVERNMENT OF ASSAM**

**OFFICE OF THE DIRECTOR OF SPORTS & YOUTH WELFARE, ASSAM**

**RUDRA SINGHA SPORTS COMPLEX, DISPUR, GUWAHATI - 6**

No. DSY/AFC/2023/544895/27

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

The Director, Sports & Youth Welfare, Assam, invites e-Tender in form of EOI, affixing non- refundable Court Fee Stamp of Rs. 8.25 (Rupees eight and twenty five paise) only from registered Consultancy Firms / Agencies for preparation of a Detailed Project Report for setting up of a Flying Training Centre under the aegis of Assam Flying Club.

An intending bidder must have the valid Digital Signature Certificate (DSC) of Class-III for processing e-Tender through e-Procurement Portal "www.assamtenders.gov.in", and has to register in the portal. The bidding documents can be downloaded from "www.assamtenders.gov.in" and the bids will have to be submitted online as per the Critical Date Sheet. The bidder has to deposit the Tender Processing Fee @ Rs. 5,000 through Online Portal.

**A. Critical Date Sheet:**

| SI No | Schedule | Start Date | Start time | End date | End Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Publication of tender | 11-09-2024 | 05:00 pm | - | - |
| 2 | Downloading of bidding documents | 12-09-2024 | 10:00 am | - | - |
| 3 | Pre-bid meeting | 27-09-2024 | 02:00 pm | - | - |
| 4 | Submission of bid | 30-09-2024 | 01:00 pm | 04-10-2024 | 02:00 pm |
| 5 | Opening of technical bid | 04-10-2024 | 03:00 pm | - | - |
| 6 | Opening of financial bid (Technically-qualified bidders only) | Will be intimated in due course. | | | |

B. The pre-bid meeting will be held in the office of the Director, Sports & Youth Welfare, Dispur, Assam.

C. If there is a Government holiday on the day of opening of Technical Bid, it will be opened on the next working day.

D. A complete set of the uploaded documents with regard to this Tender should also be submitted mandatorily to the office of the Director, Sports & Youth Welfare, Assam, Rudra Singha Sports Complex, Super Market, Dispur, Guwahati- 781006.

E. The authority reserves the right to change any of the schedules, indicated in the Critical Date Sheet. The Department will not be liable for any delay in submission of the bids and system errors (if any).

Director

Sports & Youth Welfare, Assam

& Member Secretary, Assam Flying Club

Janasanyog /C/2798/24


**सियासत** • जदयू कार्यकारिणी की बैठक के बाद बोले राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

# एनडीए के साथ जदयू लड़ेगा झारखंड विधानसभा चुनावः संजय

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सोमवार को कहा कि पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए में शामिल होकर चुनाव लड़ेगी। बातचीत चल रही है। पार्टी सुप्रीमो नीतीश कुमार भी चाहते हैं कि जदयू झारखंड में फिर से अपना रूतबा हासिल करे। जदयू का झारखंड में बड़ा आधार था, इसलिए प्रदेश अध्यक्ष को यह निर्देश दिया गया है कि एक माह में उन विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन करें, जहां पार्टी मजबूत स्थिति में है। संगठन को पूरी तरह से जमीनी स्तर पर मजबूत करें।

पुराने विधानसभा सभागार में जदयू कार्यकारिणी की हुई बैठक के बाद संजय झा ने मीडिया से कहा कि झारखंड में इस बार एनडीए की सरकार बनेगी। केंद्र सरकार और एनडीए में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्दलीय विधायक सरयू राय का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि वे वरिष्ठ नेता हैं। उनके जदयू के साथ जुड़ने से पूरे देश में बेहतर संदेश गया है। पार्टी भी मजबूत हुई है।

### झा ने कहा-विधानसभा चुनाव में हम जीतेंगे, राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी



### भाजपा में नहीं, पर विचारधारा आज भी वही : सरयू

हाल में ही जदयू में शामिल होने वाले विधायक सरयू राय ने कहा की झारखंड में जदयू का संगठन काफी मजबूत है। कोई इस मामले में गलतफहमी में न रहे। उन्होंने कहा पार्टी जो ज़िम्मेवारी देगी उसे अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि वे भाजपा से भले ही अलग हैं, लेकिन विचारधारा आज भी वही है। उन्होंने कहा कि वे जिस जमशेदपुर पूर्वी सीट से विधायक हैं। उसी सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान करने में जुटे हुए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि जब तक राष्ट्रीय स्तर पर कोई निर्णय नहीं होता, तब तक कुछ कहना मुनासिब नहीं होगा।

### झारखंड में पार्टी को काफी संभावनाएंः डॉ. चौधरी

बिहार में मंत्री डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड में पार्टी की काफी संभावनाएं हैं। पार्टी का हर प्रमंडल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। नीतीश कुमार ने झारखंड के प्रति अपना प्रेम दिखाया और खीरू महतो को राज्यसभा भेजा। इसके पूर्व खीरू महतो को प्रदेश की कमान भी सौंपी। लेकिन झारखंड में जदयू को और मज़बूत करने की ज़रूरत है। पार्टी झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ना चाह रही है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ताकत झोंकने की जरूरत है।

### जदयू ने मदद की अब भाजपा की बारीः खीरू

प्रदेश जदयू के अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि लोकसभा में पार्टी ने एनडीए के साथियों का भरपूर सहयोग किया। लेकिन, अब उनकी बारी है। विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच बेहतर तालमेल होना चाहिए। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा की यह ख़ुशी की बात है कि सभी पुराने साथी पार्टी के साथ है। सरयू राय और खीरू महतो की जोड़ी झारखंड में पार्टी को मज़बूत करेंगे। झारखंड विधानसभा के चुनाव में एनडीए का रिजल्ट बेहतर होगा और एनडीए सत्ता में वापसी करेगी।

## प्रेरणा

जीवन एक टूटे हुए जहाज का हिस्सा है, पर हमें गीत गाना लाइफबोट में भी नहीं भूलना चाहिए। - वोल्तेयर

## संपादकीय

# लगातार स्किल बेहतर करना समय की जरूरत है

देश हर साल एक करोड़ ग्रेजुएट्स पैदा करता है, जिसमें 15 लाख बीटेक या बीई होते हैं। जेईई जैसी कठिन परीक्षा में उच्च मेरिट के आधार पर आईआईटी बॉम्बे से डिग्री लेने के बाद भी हर चार में से तीन इंजीनियर ही नौकरी पा रहे हैं। इस प्रीमियर संस्थान में कैंपस इंटरव्यू के बाद सबसे कम ऑफर पिछले साल के 6 लाख रु. के मुकाबले इस साल मात्र 4 लाख रु. (33 हजार रु. महीना) रहा है। इसके अलावा सैकड़ों नई आईआईटी/एनआईटी/निजी विश्वविद्यालय बीई और बीटेक की डिग्री दे रहे हैं। लेकिन उद्योग का कहना है कि इनमें से केवल एक-तिहाई ही उद्योग के काम का ज्ञान या स्किल रखते हैं। लेकिन क्या उद्योगों को आईआईटी के स्नातक की तकनीकी शिक्षा भी उपयोगी नहीं लग रही है या जॉब मार्केट कुछ और तस्वीर बयां करना चाह रहा है? यह सच है कि आज भी हमारी तकनीकी शिक्षा विश्व स्तरीय नहीं है, जबकि प्रतिभा अप्रतिम है। इसीलिए ऊंची तनख्वाह के ऑफर भी बढ़ रहे हैं हालांकि उनकी संख्या कम है। गौर करें इसी संस्थान से सबसे ज्यादा ऑफर एक करोड़ का रहा है। यकीनन यह अपवाद है। यह भी सच है कि तकनीकी बदलाव का प्रवाह इतना तेज है कि एक युवा इंजीनियर के ज्ञान की 'शेल्फ लाइफ' मात्र तीन साल होती है। मतलब इंडस्ट्री में बने रहने के लिए हर तीन साल बाद अप-स्किलिंग जरूरी है। कुछ बड़ी विदेशी टेक कंपनियां तो अपने भारतीय स्टाफ की अप-स्किलिंग पर खर्च कर रही हैं। दरअसल अमेरिकी उद्योगों को वहां के शिक्षण संस्थानों से भी नया तकनीकी ज्ञान और प्रतिभा मिलती रहती है, जो भारत में कम है। सीएमआईई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी का आंकड़ा फिर बढ़ गया है। क्या यह उचित समय नहीं है कि फिक्की, एसोचैम और सीआईआई जैसे संगठन आगे आएं और अप-स्किलिंग का जिम्मा लें? न भूलें कि हम एआई के दौर में हैं।

**बामुलाहिजा** • फिल्म पर इंदिरा गांधी नहीं, भिंडरांवाले के चित्रण को लेकर आपत्तियां जताई जा रही हैं...

# कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' पर क्यों उठे सवाल?



**कंट्रोवर्सी**
शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
X @ShekharGupta

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट तो दे दिया है, पर यह तय नहीं है कि फिल्म कब रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने 10 बदलावों की सूची भेजी और 3 विवादित दृश्य हटाने को कहा। मौजूदा दौर में नेहरू-गांधी परिवार की मलामत करने वाली फिल्में जिस रफ्तार से आई हैं, उसे देखते हुए आपने सोचा होगा कि यह भी फटाफट पास हो जाती। कंगना जबकि अब भाजपा की सांसद भी हैं, आप यही उम्मीद करेंगे कि उनकी फिल्म में इंदिरा को उस दौर में प्रस्तुत किया जाएगा, जब वे संविधान का उल्लंघन कर रही थीं। संविधान की इंदिरा द्वारा अवमानना को भाजपा 'ब्रह्मास्त्र' के रूप में इस्तेमाल करती रही है। इंदिरा के अधिनायकवादी अवतार को एक कुशल अभिनेत्री परदे पर प्रस्तुत करे, इससे बढ़िया 'आइडिया' क्या हो सकता था? फिर चूक कहां हुई?

मैंने फिल्म का सिर्फ ट्रेलर देखा है, इसलिए मैं कह नहीं सकता कि फिल्म अच्छी है या खराब। मैं यह भी नहीं कह सकता कि फिल्म में जरनैल सिंह भिंडरांवाले के किरदार में जिस अभिनेता को जेल से बाहर निकलते और बाद में सिखों की भीड़ को संबोधित करते दिखाया गया है, उसे फिल्म में वास्तव में भिंडरावाले ही बताया गया है या नहीं। इस अभिनेता को कांग्रेस के नाम पंजाबी में यह संदेश भी देते दिखाया गया है कि 'तुम्हारी पार्टी को वोट चाहिए, हमें खालिस्तान चाहिए'। इस दृश्य ने सिखों को नाराज कर दिया है और सम्मानित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) भी विरोध में उतर आई है।

फिल्म इसलिए मुश्किल में नहीं फंसी थी कि यह इंदिरा गांधी को बुरी नेता के रूप में पेश करती है और उनके मुंह से ऐसी बातें कहलवाती है, जो उन्होंने कभी नहीं बोलीं। ट्रेलर में रनौत को 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' बोलते दिखाया गया है। इंदिरा गांधी ने ऐसा कभी नहीं कहा था। यह जुमला तो 1976 में देवकांत बरुआ ने बोला था। 1980 के दशक के शुरुआती दिनों में मैं कभी-कभी नौगांव में उनके घर जाया करता था। अपनी उस एक 'गफलत' को लेकर वे काफी पछतावा जताया करते थे।

वैसे कांग्रेस वाले कोई विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन फिल्म में भिंडरांवाले के संदर्भ को जोड़ना जरूरी था क्योंकि कथित जीवनगाथा में इस बात को रेखांकित करना था कि श्रीमती गांधी ने सिख अलगाववाद के मामले में गैर-जिम्मेदाराना रुख अपनाकर अपनी हत्या को बुलावा दिया। समकालीन इतिहास में ऐसे पर्याप्त सबूत उपलब्ध हैं, जो बताते हैं कि शुरुआती चरण में कांग्रेस, खासकर ज्ञानी जैल सिंह ने भिंडरांवाले को इस उम्मीद में संरक्षण दिया कि वह 'एसजीपीसी' के चुनाव में शिरोमणि अकाली दल को मुश्किल में डालेगा, लेकिन यह दांव नाकाम रहा और भिंडरांवाला एक ताकत बनकर उभरा। 1983 की गर्मियों में सेना जब 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' करने पहुंची थी, उससे पहले मैं एक रिपोर्टर के नाते भिंडरांवाले से दर्जनों बार मिला था। उसे मैंने कभी खालिस्तान की मांग करते नहीं सुना। भिंडरांवाले के भाषणों के सैकड़ों घंटे के टेप उपलब्ध हैं। उसके संदेश का चाहे जो भी अंश हो, कोई भी इशारा या कोई भी एक्शन हो, उसने कभी खालिस्तान का नाम नहीं लिया। हम सभी रिपोर्टरों ने खालिस्तान पर उससे कभी-न-कभी सवाल जरूर पूछे, उसका हमेशा बना-बनाया जवाब यही होता था : 'मैंने कभी खालिस्तान की मांग नहीं की, लेकिन 'बीबी' (इंदिरा गांधी) या 'दिल्ली दरबार' अगर मुझे यह दे दे तो मैं ना नहीं कहूंगा।'



### अनुकूल तथ्यों का चयन...

**एक कहानी सुनाने और उसे विश्वसनीय बताने के लिए केवल अपने अनुकूल तथ्यों को चुनना रचनात्मक एवं बौद्धिक बेईमानी है। यह इतिहास को तोड़मरोड़कर पेश करना, किसी को बेवजह बदनाम करना और किसी का महिमामंडन करना है।**

सबक यह है कि आप इंदिरा गांधी के मुंह में तो कोई भी शब्द डाल करके बच सकते हैं, लेकिन भिंडरांवाले की मौत के 40 साल बाद भी आपने उसके साथ ऐसा कुछ किया तो मुश्किल में पड़ जाएंगे। ऐसी तमाम फिल्में या टीवी सीरियल इसलिए मुश्किल में फंसते हैं, क्योंकि वो इस फरेब की ओट लेने की कोशिश करते हैं कि ये सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इसलिए, आप तथ्यों में से मनमर्जी चुनाव कर सकते हैं और उन्हें कथा के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं, पर सुविधाजनक तथ्यों व पक्षपातपूर्ण कथा के मेल से विकृत 'प्रोपगैंडा' ही तैयार होता है।

सोनी-लिव पर दो सीजन तक चले 'रॉकेट बॉय्ज' (2022-23) को ही लीजिए। इसने वास्तविक नायकों होमी भाभा और विक्रम साराभाई की जीवनगाथा को चुना, मगर हर एक एपिसोड के साथ उसे गल्प में तब्दील करता गया। दलित वैज्ञानिक मेघनाद साहा को भाभा से ईर्ष्या करने वाले मुसलमान के रूप में पेश किया गया। इसके अलावा, सीआईए और दूसरी बुरी ताकतों के साथ साजिश आदि के पहलू भी शामिल कर दिए गए और इस सबका बचाव रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर किया गया।

हकीकत यह है कि हम अपने नेताओं पर बनी फिल्मों या जीवनियों में उन्हें देवता के सिवा और किसी रूप में देखना गवारा नहीं करते। आम्बेडकर, शिवाजी, करुणानिधि, बालासाहेब ठाकरे, झांसी की रानी, कांशीराम आदि किसी के भी जीवन पर एक ईमानदार, सच्ची फिल्म तो नामुमकिन है। यह बात इस पूरे उप-महादेश पर लागू होती है। यही वजह है कि हमारी सबसे महत्वपूर्ण हस्तियों पर प्रामाणिक जीवनियां विदेशियों ने लिखी हैं। 'गांधी' फिल्म भी एक विदेशी ने ही बनाई। रिचर्ड एटेनबरो ने 1963 में जब नेहरू से कहा था कि वे गांधी के जीवन पर फिल्म बनाना चाहते हैं, तब उन्हें सलाह दी गई थी कि उन्हें देवता मत बना दीजिएगा बल्कि वे जैसे थे, अपनी कमजोरियों के साथ, वैसा ही उन्हें प्रस्तुत कीजिएगा। आज क्या ऐसी सलाह दी जाएगी? हमारे यहां तो खिलाड़ियों की जीवनी तक छद्म नामों से लिखी जाती है, उनके जीवन पर बनी फिल्मों के सह-निर्माता खुद इसके स्टार ही होते हैं। हमारे सैन्य इतिहास, युद्धों पर बनीं फिल्में भी इसी रोग से ग्रस्त दिखाई देती हैं। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



**जीने की राह**
पं. विजयशंकर मेहता
ptvijayshankarmehta.com

# भौतिक सफलताओं के साथ अच्छाई पर भी ध्यान दें

हमारे शास्त्रों में बताया है कि चार युग हैं और चारों युग में अलग-अलग वृत्ति के मनुष्य रहते हैं। अब हम मनुष्यों के भीतर भी चार युग हैं। हम 24 घंटे में चारों युग से गुजरते हैं। ऐसा कहते हैं कि हमारी अशांति का अर्जन हम ही करते हैं और हमारी शांति का सृजन भी हम ही करते हैं। ऐसे ही जो युग हमारे भीतर होगा, हम वैसी ही हरकतें या क्रियाकलाप करने लगेंगे। राम और भरत के इस वार्तालाप के जरिए तुलसीदास जी ने संकेत दिया है- 'ऐसे अधम मनुज खल कृतजुग त्रेतां नाहिं। द्वापर कछुक बृंद बहु होइहहिं कलिजुग माहिं।' 'ऐसे नीच और दुष्ट मनुष्य सत्ययुग और त्रेता में नहीं होते। द्वापर में थोड़े से होंगे और कलियुग में तो इनके झुंड के झुंड होंगे।' इसका मतलब यह है कि जब हमारे भीतर कलियुग उतरता है तो हम उस समय गलत काम करते हैं। द्वापर में एक भ्रम बना रहता है, क्या सही क्या गलत। त्रेता और सतयुग में हम सत्कार्य ही करेंगे। इसलिए हम दिन भर में अपना जो भी मूल्यांकन करें, एक विश्लेषण ये भी करें कि कौन-सा युग हमारे भीतर किस अवधि में सक्रिय हो रहा है। कोशिश तो ये की जाए कि हमारा आचरण सतयुग और त्रेतायुग जैसा हो। भौतिक सफलताएं चाहे जितनी अर्जित कर लें, पर अच्छाई जरूर कमाई जाए। •Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**विश्लेषण** • भारत संघर्षरत क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार लगता है...

# रूस और यूक्रेन पर मोदी की कूटनीति उम्मीदें जगाती है



**डिप्लोमेसी**
मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस सप्ताह के अंत में ब्रिक्स एनएसए की बैठक में भाग लेने मॉस्को जा रहे हैं। अटकलें हैं कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए एक शांति योजना साथ ले जा रहे हैं। यह प्रधानमंत्री की उस शांति कूटनीति को आगे बढ़ाएगा, जिसके चलते उन्होंने 8-9 जुलाई को रूस और 23 अगस्त को यूक्रेन का दौरा किया था। डोभाल के मिशन का विवरण तो ज्ञात नहीं है, लेकिन इससे आशा की लहर पैदा की है।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने 5 सितंबर को व्लादीवोस्तोक में सुदूर पूर्वी आर्थिक मंच पर बोलते हुए अटकलों को हवा दी थी कि भारत उन तीन देशों में से एक है, जिनके साथ वे यूक्रेन-संघर्ष को लेकर लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने मित्रों और भागीदारों का सम्मान करते हैं, जो- मेरा मानना है- इस संघर्ष से जुड़े सभी मुद्दों को ईमानदारी से हल करना चाहते हैं, मुख्य रूप से चीन, ब्राजील और भारत। तीनों ही ब्रिक्स के सदस्य हैं, जिनके नेताओं का शिखर सम्मेलन अक्टूबर में रूस के कजान में होगा। मई 2024 में, चीन और ब्राजील ने शांति योजना का प्रस्ताव रखा था, जिसमें युद्ध के विस्तार को रोकने और शांति सम्मेलन का आह्वान किया गया था। वहीं रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने इज्वेस्तीया दैनिक को पृथक से बताया कि भारत यूक्रेन पर एक संवाद कायम करने में रूस की मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी और पुतिन के बीच मौजूदा घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों का नतीजा आगे किसी समाधान के रूप में निकल सकता है, क्योंकि मोदी ने पुतिन, जेलेंस्की और अमेरिकियों के साथ स्वतंत्र रूप से संवाद किया है। इससे भारत को अपने प्रभाव का उपयोग करके अमेरिका और यूक्रेन को शांतिपूर्ण समझौते की राह पर आगे बढ़ाने का अवसर मिला है।

मोदी की हालिया कूटनीति से बहुत आशाएं जगती हैं। यह दौर जून 2024 में इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की के साथ बैठक से शुरू हुआ था। इसके बाद 8-9 जुलाई को रूस की यात्रा हुई और 23 अगस्त को मोदी यूक्रेन गए, जो कि किसी भारतीय नेता की पहली यूक्रेन-यात्रा थी। कीव के लिए ट्रेन में सवार होने से पहले पोलैंड में बोलते हुए मोदी ने कहा था कि हमारा रुख बहुत स्पष्ट है- यह युद्धों का युग नहीं है।

वहीं कीव में अपनी नौ घंटे की यात्रा के दौरान मोदी ने जेलेंस्की से कहा कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए युद्ध को समाप्त करने के बारे में चर्चा करनी चाहिए और भारत इस क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हम तटस्थ नहीं हैं। शुरू से ही हमने पक्ष लिया है और वह शांति का पक्ष है। जब मोदी मॉस्को में थे, तब 9 जुलाई को एक रूसी मिसाइल हमले ने कीव में बच्चों के एक अस्पताल को नष्ट कर दिया था और मोदी ने पुतिन को दिए संकेतों में मासूम बच्चों की हत्या की भावनात्मक रूप से निंदा की थी। व्लादीवोस्तोक शिखर सम्मेलन में पुतिन ने 2022 में युद्ध के पहले हफ्तों में रूस और यूक्रेन के बीच एक प्रारंभिक समझौते के बारे में बात की थी, जिसे लागू नहीं किया गया। यह एक तटस्थ यूक्रेन के लिए सुरक्षा-गारंटी के रूप में था।

हालांकि पुतिन ने यूक्रेन पर बातचीत को बढ़ावा देने के लिए भारत, ब्राजील और चीन को संभावित मध्यस्थ बताया है, लेकिन स्पष्ट रूप से ये मोदी ही हैं, जिन्होंने युद्धरत देशों की लगातार यात्राओं के माध्यम से खुद को संभावित शांतिदूत के रूप में स्थापित किया है। नई दिल्ली ने इस मुद्दे पर बहुत सावधानी बरती है। उसने मॉस्को की निंदा करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों में शामिल होने से इनकार कर दिया और रूस की अनुपस्थिति का हवाला देते हुए स्विस शिखर सम्मेलन में भी संयुक्त विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया। दूसरी तरफ, नई दिल्ली को अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंध होने का भी लाभ प्राप्त है।

26 अगस्त को यूक्रेन से लौटने के तीन दिन बाद मोदी ने बाइडेन से बात की और अगले दिन पुतिन से चर्चा की। एक्स पर मोदी ने कहा कि पुतिन से बातचीत में उन्होंने यूक्रेन-संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। लेकिन यहां से आगे का रास्ता स्पष्ट नहीं है। एक ओर, राष्ट्रपति जेलेंस्की इस साल नवंबर में एक और शांति सम्मेलन की योजना बना रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि इसमें भारत और रूस भी शामिल होंगे। दूसरी ओर, पुतिन द्वारा ब्राजील, भारत और चीन से संबंधित टिप्पणियों को इस तरह से तैयार करना यह संकेत दे सकता है कि रूस ब्रिक्स नेताओं के आगामी शिखर सम्मेलन का उपयोग कर सकता है। जेलेंस्की ने यह भी सुझाया है कि अगर भारत स्विस शिखर सम्मेलन की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हो तो वह शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर सकता है। बहरहाल, युद्ध बदस्तूर जारी है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## आपकी राय

-नृपेंद्र अभिषेक नृप
स्वतंत्र लेखक

# क्या विनेश का राजनीति में आना सही कदम है?

विनेश फोगाट की पहचान एक मजबूत और निडर खिलाड़ी के रूप में रही है। हालांकि राजनीति में जाने के उनके निर्णय ने कई खेल प्रेमियों को आश्चर्यचकित कर दिया है। राजनीति और खेल के बीच संबंध नया नहीं है; कई खेल सितारे राजनीति में गए हैं। लेकिन विनेश के निर्णय ने खेल प्रेमियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया है क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि खेल से संन्यास की घोषणा के बाद भी वह आने वाले समय में वापस रिंग में उतर सकती हैं। वैसे विनेश का राजनीति में जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनके पास खेल और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता है। उनका यह कदम राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने का हो सकता है। वह खेल, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास जैसे मुद्दों पर काम कर सकती हैं। लेकिन इस बदलाव से जो लोग उनकी कुश्ती की सफलता और भविष्य की उम्मीदों से जुड़े थे, उन्हें निराशा हुई है। कई लोग मानते हैं कि विनेश की उम्र और अनुभव से उनका खेल करिअर लंबा हो सकता था। पर अब लोगों को चिंता सताने लगी है कि वे अब खेल से दूर हो जाएंगी और देश एक बड़ी खेल प्रतिभा खो देगा। हालांकि, सवाल यह है कि क्या यह सही समय था? ये सच है कि विनेश ने कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी थी, पर क्या उन्हें खेल में करियर को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए था?
**आप भी अपनी राय editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं।**

## पुरस्कृत तस्वीर : सुकून की सबसे भावुक तस्वीर



तराई प्रजाति के कई गोरिल्ला को बेचने के लिए कहीं ले जाया जा रहा था, तभी अफ्रीका के एप एक्शन दल ने इन्हें बचा लिया। बचाव-कार्य के बाद अधिकांश गोरिल्ला डरे हुए थे लेकिन जब इस गोरिल्ला को अपना केयरटेकर दिखा, तब उसकी जान में जान आई। इस तस्वीर के लिए छायाकार को वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर में पीपुल्स चॉइस श्रेणी का पुरस्कार मिला था। **तस्वीर साभार : Jo-Anne McArthur**

**नजरिया** • भारत में न्यायिक प्रणाली से जुड़े 4 पहलू

# आम जनता से जुड़े मामलों की सुनवाई क्यों नहीं हो पा रही?



**न्यायिक**
विराग गुप्ता
सुप्रीम कोर्ट के वकील
viragggupta@hotmail.com

दुष्कर्म पीड़िता डॉक्टर के परिजन सरकार और पुलिस की असंवेदनशीलता से आहत हैं। लेकिन सीबीआई जांच में भी सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों पर सन्नाटा है। आंध्र प्रदेश के 'दिशा' और महाराष्ट्र के 'शक्ति' बिल का हश्र जानने के बावजूद ममता बनर्जी 'अपराजिता' बिल को सियासी ढाल बना रही हैं। केंद्र सरकार ने तीन नए आपराधिक कानून लागू करते समय महिलाओं और बच्चों को जल्द न्याय का भरोसा दिलाया था। लेकिन कोलकाता और दूसरे राज्यों की घटनाओं से साफ है कि भारत में कानून की सफलता रूल बुक से निर्धारित नहीं होती है।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के अनुसार पुलिस में भ्रष्ट, अपराधी और नेताओं से जुड़े अधिकारियों का वर्चस्व है। टीएमसी सांसद जवाहर सरकार ने अपने त्यागपत्र में अफसरशाही को निकम्मा और बेईमान बताया है। मध्य प्रदेश में दस्तावेजों के साथ घिसटते हुए पीड़ित व्यक्ति के वीडियो से साफ है कि सरकारी अन्याय, भ्रष्टाचार और उत्पीड़न से पूरे देश की जनता त्रस्त है। न्यायिक सिस्टम के पराभव में सीनियर वकीलों की बड़ी भूमिका है, जिन्हें जजों ने 'ओल्ड बॉय्ज क्लब' कहा है। उनसे जुड़े चार पहलुओं को समझने की जरूरत है।

1. अगर सभी जटिल मामले एम्स आने लगें? सभी मामलों की जांच सीबीआई करने लगे? सभी वीआईपी मामलों में सुप्रीम कोर्ट से बेल मिले? तो जिला अस्पतालों, अदालतों और पुलिस की हालत खस्ता हो जाएगी। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट का अधिकांश समय वीआईपी मामलों और सीनियर वकीलों की बहस में जाया हो रहा है। आम जनता से जुड़े मामलों की सही सुनवाई नहीं हो पाती। कई जजों ने अनेक बार इस बढ़ते मर्ज पर चिंता जाहिर की, लेकिन दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए।

2. पिछले साल राज्यसभा में दिए एक जवाब के अनुसार देश में 20 लाख से ज्यादा वकील हैं। 9 साल पहले बार कौंसिल के चेयरमैन के बयान के अनुसार 30 फीसदी वकील फर्जी और गलत तरीके से वकालत कर रहे हैं। लेकिन देश में बड़े पैमाने पर योग्य वकील, आजीविका के लिए भी मोहताज हैं। विधि शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आईआईटी की तर्ज पर अधिकांश राज्यों में नेशनल लॉ स्कूल (एनएलयू) स्थापित किए गए हैं। आईआईटी की तर्ज पर एनएलयू से हो रहा ब्रेन-ड्रेन राष्ट्रीय चिंता का विषय होना चाहिए। अदालतों में सीनियर वकीलों की फेस वैल्यू और नेटवर्किंग की बढ़ती अपसंस्कृति की वजह से कई योग्य वकील स्टार्टअप, विदेशी लॉ फर्म और बड़ी कम्पनियों में नौकरी करने के लिए विवश हैं।

3. एनजेएसी फैसले के अनुसार सरकार सबसे बड़ी मुकदमेबाज है। इसलिए जजों की नियुक्ति से जुड़े कॉलेजियम में कानून मंत्री की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए। लेकिन रिटायरमेंट के बाद अनेक जजों के बयानों से साफ है कि नियुक्तियों में परिवारवाद और राजनीतिक हस्तक्षेप का बोलबाला है। उससे भी बड़ी धांधली प्रोसिक्यूटर्स और सरकारी वकीलों की नियुक्ति में हो रही है। सुर्खियां बटोरने वाले मुकदमों में कुछेक वकीलों को सरकारों से करोड़ों की फीस मिलती है।

**सुप्रीम कोर्ट का अधिकांश समय वीआईपी मामलों और सीनियर वकीलों की बहस में जाया हो रहा है। आम जनता से जुड़े मामलों की सही सुनवाई नहीं हो पाती। कई जजों ने अनेक बार इस बढ़ते मर्ज पर चिंता जाहिर की है।**

4. हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से वकीलों को सीनियर का दर्जा मिलता है। वीआईपी और बड़ी कम्पनियों के मामलों में फेस वैल्यू की वजह से उनमें से कुछ खास सीनियर वकीलों को वीआईपी तरजीह मिलती है। कॉर्पोरेट अस्पतालों पर जिस तरीके से गरीबों और ईडब्लूएस के निःशुल्क और रियायती इलाज का नियम है, उसी तर्ज पर सीनियर वकीलों के लिए गरीब और जरूरतमंद लोगों के मुकदमों को निःशुल्क करना चाहिए। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार युवा वकीलों को सीनियर वकीलों से सम्मानजनक वेतन और काम का बेहतर एक्सपोजर मिलने की जरूरत है। योग्य और युवा वकीलों को आगे बढ़ने का मौका देकर सीनियर वकीलों को समाज के साथ कानून के शासन के प्रति अपनी जवाबदेही पूरी करनी चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**नजरिया** • एनएफएसए द्वारा किए पीडीएस सुधारों से अनाज की चोरी घटकर 22% रह गई

# बेवजह के इनोवेशन पीडीएस पर ग्रहण न लगा दें!



**योजना**
रीतिका खेड़ा
दिल्ली आईआईटी में पढ़ाती हैं
reetika@hss.iitd.ac.in

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 (एनएफएसए) पर चर्चा के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के जरिए खाद्य सुरक्षा की गारंटी को लेकर घबराहट थी। वजह पीडीएस का खराब रिकॉर्ड था। नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) के अनुसार वर्ष 2011-12 में पीडीएस से देश में अनाज लीकेज 41.7% था। पर पीडीएस पर भरोसा रखने के पक्ष में मुख्य तर्क ये था कि जिन राज्यों ने पीडीएस में सुधार किए, वहां बदलाव साफ दिखे। साल 2004-05 और 2011-12 के बीच सुधार करने वाले पहले राज्यों में अनाज चोरी में कमी आई। इसमें बिहार (91 से 24%), छत्तीसगढ़ (52 से 9%), ओडिशा (76 से 25%) हैं। एनएफएसए में पीडीएस रिफॉर्म के उन्हीं प्रावधानों को अनिवार्य किया जाना था, जो इन राज्यों ने किए। एनएसएस के 2022-23 सर्वे आंकड़े इस उम्मीद को प्रमाणित करते हैं। एनएफएसए-2013 लागू होने के बाद पहली बार इस तरह बड़े पैमाने पर आंकड़े मिले हैं। यह बताता है कि 2022-23 में पीडीएस अनाज की चोरी घटकर 22% रह गई है।

पीडीएस 'लीकेज' भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की ओर से जारी चावल व गेहूं का वह अनुपात है, जो उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचता। इस लीकेज का आकलन घरों में हुई पीडीएस की खरीद का एनएसएस डेटा और सरकार के मासिक अनाज बुलेटिन में दर्ज 'ऑफटेक' डेटा को मैच करने के बाद होता है। ऑफटेक व खरीद के बीच किसी भी फर्क को चोरी माना गया है, हालांकि अन्य कारण भी हो सकते हैं (परिवहन हानि, आपूर्ति में अंतराल)। एनएफएसए में शामिल प्रमुख सुधारों में एक पीडीएस कवरेज का विस्तार था, जिसका उद्देश्य बचे लोगों को पीडीएस से जोड़ना था। इसका चोरी कम करने पर असर हुआ। 2004-05 में 24% को पीडीएस से राशन मिल रहा था, 2011-12 में ये बढ़कर 40% हुआ। एनएसएस के अनुसार 2022-23 में पीडीएस से खरीदी करने वालों का अनुपात 70% हुआ।

सुधार के बावजूद केंद्र की ओर से एनएफएसए द्वारा अनिवार्य कवरेज मानक (ग्रामीण आबादी का 75% व शहरी का 50%, यानी 66%) से कम है। एनएसएस के अनुसार भी 57-61% के पास एनएफएसए राशन कार्ड था; बाकी करीब 10% को राज्यों से राशन कार्ड मिले हैं। छत्तीसगढ़ व ओडिशा जैसे राज्यों में हुए पीडीएस सुधारों में पीडीएस की कीमतों में कमी, खाद्यान्न की घर तक डिलीवरी, रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों आदि को सौंपकर पीडीएस दुकानों का प्रबंधन शामिल है। इन सुधारों को एनएफएसए 2013 में शामिल किया गया।

कई लोगों का मानना है कि आधार, विशेष रूप से बायोमेट्रिक सत्यापन से पीडीएस में सुधार हुआ है। पर आंकड़े कुछ और कहते हैं। झारखंड में 2017 में हुए दो सर्वे में पाया गया कि बायोमेट्रिक की शुरुआत से पहले ही चोरी 20% से कम थी और दूसरे में पाया कि ऑफलाइन गांवों और बायोमेट्रिक गांवों में खरीद-पात्रता अनुपात में फर्क नहीं था। दोनों सर्वे में फर्जी कार्ड बहुत कम मिले।

पीडीएस सामाजिक नीति के लिए जरूरी है। पर लगातार हो रहे इनोवेशन से इस पर ग्रहण भी लग रहा है। इसमें नकदी देने जैसे प्रयोग, डोर-स्टेप डिलीवरी, अनुचित तकनीक (जैसे आधार बायोमेट्रिक) आदि हैं। ये पीडीएस को पटरी से उतार सकते है। बिना सोचे-समझे किए उपाय (जैसे पीडीएस में ईकेवाईसी अभियान) पर ऊर्जा खर्च करने के बजाय सरकारी तंत्र को जनगणना में लगाना चाहिए, जिसमें विलंब के चलते 10 करोड़ से अधिक लोग पीडीएस से दूर हैं।


**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

## पुलिस के ऑर्गेनाइज्ड क्राइम की कहानी: पीड़ित शंभूलाल ने सुनाई आपबीती

# 30 हजार से शुरू हुई बंधी 2 करोड़ तक पहुंची, मना किया तो हनी-ट्रैप में फंसाया, शरीर की खाल-बाल उखाड़कर प्रताड़ना दी

**जयपुर** | पुलिस मंथली बंधी के नाम व्यापारियों को कैसे परेशान और प्रताड़ित करती है विजय नगर के कार्गो कारोबारी शंभूलाल गुर्जर की कहानी से समझा जा सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि अप्रैल 2022 में 30 हजार रुपए महीने से शुरू हुई बंधी कुछ ही महीने में 2 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। 3 जिलों के 24 पुलिस वालों ने शंभूलाल को अपनी एटीएम मशीन समझ रखा था। जब इच्छा होती पहुंच जाते और ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लेते। परेशान शंभूलाल ने जब और रुपए देने से इनकार कर लिया तो हनी-ट्रैप में फंसाकर गिरफ्तार कर लिया। थाने में मारपीट की। शरीर के बाल और खाल तक उखाड़ दिए। पढ़िए पुलिस के ऑर्गेनाइज्ड क्राइम और प्रतापड़ना की पूरी कहानी पीड़ित की जुबानी...

### 2022 में बंधी की शुरुआत, 3 जिलों के 24 पुलिसकर्मी समझते थे एटीएम...जब चाहे पैसे निकाल लो




**मेरा विजय नगर** में कार्गो का ऑफिस है। वर्ष 2022 की शुरुआत में विजय नगर थाने के पुलिसकर्मी शंकरराम जाट और हेमराज जाट स्टाफ को परेशान करने लगे। परेशान नहीं करने की एवज में 50 हजार महीना मांगे। पहला भुगतान होते ही दोनों फिर आए गए। कहा- तुम्हारा धंधा अच्छा चल रहा है, अब हर रविवार 60 हजार रुपए दो। अप्रैल 2022 में कैश आया हुआ था तो शंकर व हेमराज भी पहुंच गए। ऑफिस में रखे 70 लाख रुपए और सीसीटीवी-डीबीआर ले गए।

**अजमेर एसपी** को शिकायत की तो शंकर व हेमराज सहित 3 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर हो गए। कुछ दिन बाद अजमेर में उनके परिचित एसपी आए तो फिर परेशान करने लगे। नए एसपी से मिलने गया तो उनके रीडर ने कहा कि जैसा चल रहा है, चलने दो। इस बीच विजय नगर थाने में एसएचओ दिनेश चौधरी आ गए। वह हर माह 12 लाख बंधी लेने लगे। जब ज्यादा राशि देने से मना कर दिया तो मानसिक प्रताड़ित किया। चौधरी के कहने पर अशोक के खाते में 36 लाख रुपए डाले। इस तरह कुल 1.34 करोड़ रुपए डाले।

**इसके बाद पुलिसकर्मियों** ने महिला गिरोह से हनी ट्रैप में फंसा लिया। इसके चलते 5 नवंबर 2023 को एएसआई शिवचरण गुर्जर, कांस्टेबल विजय सिंह राठौड़, शिवराज पहाड़िया व अन्य घर से अंडर गारमेंट में थाने ले गए। वहां शिवचरण ने शरीर के निजी अंगों और अन्य जगह से बाल उखाड़े। लोग इकट्ठा हुए तो चौधरी ने विजय सिंह व शिवराज से कहा भीलवाड़ा के प्रताप नगर थाने छोड़ आओ, वहां मेरे दोस्तों को सौंप देना।

**दोनों मुझे कार** में लेकर 30 किमी दूर सनोदिया गांव पहुंचे। वहां भीलवाड़ा थाने से चांद सिंह राणावत एक अन्य के साथ पहुंचा और प्रताप नगर थाने ले गए। इस दौरान गाड़ी में प्लास से शरीर के निजी अंग को दबाया, जिससे चमड़ी फट गई, कपड़े खून से सन गए। वहां के एसएचओ महावीर मीणा ने कहा- जैसा दिनेश चौधरी, अशोक व शंकरराम कह रहे हैं मान ले, नहीं तो जिंदगी भर जेल में सड़ेगा। शाम 7 बजे चांद सिंह ने महिलाओं को बुलाया। महिलाओं ने कुछ निजी फोटो ले लिए। चांद सिंह ने महिलाओं के लिए 4 लाख रुपए मांगे।

6 नवंबर सुबह महावीर मीणा ने कहा कि इसे शाम 5 बजे बाद धारा 151 में पेश करना। करीब 6 बजे एसडीएम कोर्ट में पेश किया और वापस प्रतापनगर थाना ले गए। 7 नवंबर शाम को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर को चांद सिंह साइड में ले गया और उनसे कुछ कागज पर दस्तखत करवाकर कोर्ट लेकर गए, जहां से जेल भेज दिया। 5 से 17 नवंबर 2023 तक जेल में ही रहा। बाहर आने पर जयपुर मेट्रो द्वितीय की सीएमएम कोर्ट में परिवाद दायर किया। **- जैसा पीड़ित शंभूलाल गुर्जर ने कोर्ट में दिए बयानों में कहा।**

## रणीसर : गंभीर घायल 3 बच्चे जोधपुर रेफर

# स्कूली बच्चों से भरी कैम्पर पलटी, छात्रा सहित 2 की मौत, 10 घायल

भास्कर न्यूज | फलोदी/जोधपुर



दुर्घटना में ज्यादातर बच्चों के चेहरे पर गंभीर चोटें हैं।

घंटियाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रणीसर स्थित मरुस्थल पब्लिक स्कूल की कैम्पर पलटने से उसमें सवार 2 बच्चों की मौत हो गई और 10 बच्चे घायल हो गए। मृतकों में एक छात्र और एक छात्रा है। गंभीर घायल तीन बच्चों को जोधपुर रेफर किया गया है। चालक सोनाराम स्कूल संचालक का बड़ा भाई है। हादसे में मरने वाली छात्रा ड्राइवर सोनाराम की ही बेटी थी।

मरुस्थल पब्लिक स्कूल में बच्चों को घरों से लाने ले जाने के लिए दो कैम्पर लगा रखी है, जिससे करीब 70-80 बच्चे प्रतिदिन स्कूल आते हैं। सोमवार सुबह चालक सोनाराम मेघवाल बच्चों को लेकर स्कूल आ रहा था। रास्ते में मोरिया-पडियाल के बीच कैम्पर के आगे कुत्तों का झुंड आ गया, जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया और कैम्पर सड़क से नीचे उतर कर पलट गई। घायल बच्चों को प्राइवेट वाहनों से जिला चिकित्सालय फलोदी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने नर्सरी के हिमांशु (5) पुत्र मगाराम, मनीषा (14) पुत्री सोनाराम मेघवाल को मृत घोषित कर दिया।

### सड़क हादसे में ये बच्चे हुए घायल


मृतक मनीषा


मृतक हिमांशु

घायलों में रवीना (12), किशन, आशीष (5), रमेश (7), नक्ष देवडा (7), दिनेश (14), संतोष (12), रिंकू (11), कविता, हेतराम (4) हैं। अस्पताल पहुंचे 10 घायल बच्चों में से एक बच्चे की सीटी स्कैन करवाई गई। बच्चों की हालत स्थिर है। इनमें से रवीना, हेतराम और रिंकू को जोधपुर रेफर किया गया है।

### मृतक छात्रा कैम्पर चालक की बेटी

मृतक मनीषा स्कूल संचालक नरेश कुमार की भतीजी है। मनीषा के पिता कैम्पर चालक सोनाराम स्कूल संचालक के बड़े भाई हैं। मरुस्थल पब्लिक स्कूल वर्ष 2007 से पंजीकृत है, लेकिन कोरोनाकाल में बंद हो गई थी, लेकिन इसी वर्ष 1 जुलाई से दोबारा शुरू हुई।

## हेरिटेज निगम में भ्रष्टाचार: हाई कोर्ट ने सरकार को चालान पेश करने को कहा

# दो सप्ताह बाद मेयर मुनेश का हटना तय, मंत्री बोले- ओबीसी महिला को देंगे चार्ज

भास्कर न्यूज | जयपुर



हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर व उसके पति सुशील गुर्जर के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले पर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने प्रदेश सरकार को दो सप्ताह का समय देते हुए मौखिक तौर पर चालान पेश करने के लिए कहा है। वहीं, मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने को रिकॉर्ड पर लेते हुए सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है। जस्टिस एनएस ढड्ढा ने यह निर्देश सोमवार को सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया।

मालूम हो कि हेरिटेज मेयर के पति सुशील गुर्जर की ओर से नगर निगम के पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत मांगने से जुड़े मामले में एसीबी की कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने मुनेश को निलंबित कर दिया था। इस पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया था। बाद में राज्य सरकार ने जांच के बाद मुनेश गुर्जर को 22 सितंबर के आदेश से दुबारा निलंबित कर दिया था। लेकिन हाई कोर्ट ने दिसंबर 2023 के आदेश से मुनेश का निलंबन रद्द कर दिया था।

### कोर्टरूम लाइव: फिर उठी 4 माह में कार्रवाई न होने की बात

दोपहर 3.10 बजे अदालती आदेश के पालन में डीएलबी निदेशक वीसी के जरिए अदालत में पेश हुए। **एएजी जीएस गिल** ने अदालत को बताया कि हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दे दी है। **प्रार्थी के अधिवक्ता अनुराग शर्मा** ने कहा कि राज्य सरकार ने चार महीने से मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की है। **जस्टिस एनएस ढड्ढा ने कहा** कि दो सप्ताह का समय इसलिए ही दिया जा रहा है कि मामले में चालान पेश किया जा सके। साथ ही कोर्ट ने डीएलबी निदेशक को व्यक्तिगत तौर पर पेशी से भी छूट दे दी।

- **पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी पर निर्णय नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि जब एसीबी ने अपनी जांच रिपोर्ट में जुर्म प्रमाणित मान लिया है तो फिर तय समय में अभियोजन मंजूरी पर निर्णय क्यों नहीं लिया।**
- डीएलबी निदेशक को सोमवार को तलब कर उनसे यह स्पष्टीकरण देने के लिए कहा था।
- **पीसी एक्ट की धारा 19 के तहत अभियोजन मंजूरी के मामलों में 4 माह में निर्णय करना होता है।**

### 60 दिन तक कार्यवाहक लगाने का अधिकार: खर्रा



यूडीएच एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि जैसे ही एसीबी कोर्ट में चालान पेश करेगी, हेरिटेज निगम की मेयर के निलंबन की कार्रवाई शुरू की जाएगी। साथ ही नए मेयर को लगाया जाएगा। **भास्कर** को मंत्री ने बताया कि मैंने अभियोजन की स्वीकृति दे दी है। निलंबन के बाद नए महापौर की नियुक्ति की जाएगी। एक बार तो हमारे पास अधिकार है कि हम 60 दिन तक के लिए कार्यवाहक मेयर लगा सकते हैं। नाम पूछने पर उन्होंने कहा कि चूंकि ओबीसी महिला को ही बनाया जा सकता है, ऐसे में ओबीसी में जो महिला पात्र होगी, उसे कार्यवाहक महापौर का चार्ज देंगे। अगर चुनाव आयोग कहेगा कि चुनाव कराओ तो चुनाव से चयन हो जाएगा। 60 दिन या अग्रिम आदेश तक नियुक्ति का हमें अधिकार है। पहले चालान पेश होना जरूरी है।

**इन 4 में से 1 मेयर बनेंगी**

हेरिटेज निगम में कुल 17 महिला पार्षद हैं। संभावना है कि भाजपा पार्षद को कार्यवाहक मेयर बनाया जाएगा। निगम बोर्ड में भाजपा की महिला पार्षदों की संख्या चार है।

### पैरोल खत्म होने पर जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचा आसाराम

**जोधपुर** | यौन शोषण मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम अपनी पैरोल खत्म कर सोमवार को वापस जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचा है। आसाराम को हाईकोर्ट ने पुणे में इलाज के लिए 13 अगस्त को पैरोल दी थी। उसके बाद आसाराम के पैरोकार की ओर से एप्लिकेशन पेश कर पांच दिन की पैरोल बढ़ाने की मांग की गई थी। इस पर आसाराम कुल 9 दिन की पैरोल काटने के बाद वापस जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचा है। आसाराम जोधपुर से पुलिस की सिक्योरिटी में पुणे पहुंचा था। उसके साथ जोधपुर पुलिस के जवान और दो अटेंडेंट भी थे। आसाराम सात दिन तक पुणे में खपोली स्थित माधव बाग हॉस्पिटल में हार्ट का इलाज करवाया। बता दें कि आसाराम को 13 अगस्त को राजस्थान हाईकोर्ट ने सात दिन की पैरोल दी थी।

# सात हजार शिक्षकों को स्थायी नौकरी दें : बॉम्बे हाई कोर्ट

### चरित्र प्रमाणपत्र की शर्त पर नौकरी न छीनी जाए

**पुणे** | बॉम्बे हाई कोर्ट ने सात हजार शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से शिक्षक भर्ती के तहत चुने गए शिक्षकों को स्थायी नौकरी देने का आदेश दिया है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2019-20 में हुई गड़बड़ी के मद्देनजर 2022 में हुई शिक्षक भर्ती के सात हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को चरित्र प्रमाण पत्र की शर्त पर नौकरी से बाहर कर दिया गया था।

राज्य सरकार ने शिक्षक भर्ती के उम्मीदवारों के लिए नौकरी में शामिल होने से पहले पुलिस स्टेशन से चरित्र प्रमाण पत्र लाने की शर्त रखी थी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने परिपत्र जारी किया था। आयुक्त के परिपत्र के कारण प्रदेश भर के 7 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों की नियुक्ति रुक गई थी। इसके बाद पुणे के शिक्षा आयुक्त ने भी परिपत्र जारी कर दिशा निर्देश दिए थे। इसके खिलाफ शिक्षकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**एक साल पहले खंडपीठ ने दिया था स्थाई नौकरी का आदेश:** नौकरी जाने के बाद मुंबई, पुणे समेत कोल्हापुर, बुलढाणा, नंदुरबार, नगर और अन्य जिलों के 21 शिक्षकों ने पुणे शिक्षा आयुक्त के परिपत्र के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि चरित्र प्रमाण पत्र की शर्त पर अभ्यर्थियों की नौकरी नहीं छीनी जाए। औरंगाबाद खंडपीठ ने एक साल पहले आदेश का पालन करते हुए तुरंत स्थायी नौकरी देने का आदेश दिया था।

# एसआई भर्ती: एसओजी कटारा, राईका व उसके बेटे-बेटी को आरपीएससी लेकर पहुंची, सील चैंबर खुलवाया

**अजमेर** | एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में एसओजी सोमवार को आरोपियों को आरपीएससी लेकर गई। इनमें बाबूलाल कटारा, रामूराम राईका और उसके बेटे-बेटी शामिल थे। यहां कटारा का चैंबर उसके सामने खुलवाया गया। इसमें कटारा से उस आलमारी की भी तस्दीक कराई गई, जिसमें पेपर फाइनल होने के पहले उनकी कस्टडी में थे।


मुंह छुपाती राईका की बेटी।


- एसओजी ने आरपीएससी में ही राईका व उसके बेटे देवेश व बेटी शोभा से भी आमने-सामने पूछताछ की। दस्तावेज भी जब्त किए।

### राजस्थान: विवाहित जोड़े की सुरक्षा के संबंध में एसओपी जारी

भास्कर न्यूज | जयपुर

प्रदेश में विवाहित जोड़े व लिव इन में रह रहे युगलों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने मुख्यालय से सिविल राइट्स एवं एएचटी ने एसओपी जारी की है। एडीजी भूपेन्द्र साहू ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा 2 अगस्त 2024 को दिए गए आदेश की पालना में एसओपी निर्धारित की गई है। नोडल अधिकारी ऐसे युगल को सुगम रिपोर्टिंग के लिए हेल्पलाइन डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1090, स्टेट वाट्सएप हेल्पलाइन 8764871150 के साथ-साथ जिला स्तरीय सभी प्रकार की हेल्पलाइन की जानकारी देंगे।

- युगल चाहे तो परिजन को बुलाकर समझाइश का प्रयास करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सेफ हाउस में उनके रहने की व्यवस्था करेंगे।
- एसओपी में नोडल अधिकारी, जिला एसपी व डीसीपी, रेंज आईजी व पुलिस आयुक्त, एससीआरबी के दायित्व निर्धारित कर शिकायत के निस्तारण की प्रक्रिया बताई गई है। जिलों में एएसपी स्तर के अधिकारी नोडल अधिकारी है, जो 7 दिन में अंदर विधिक कार्रवाई करेंगे।


## महात्मा गांधी स्कूल का मामला

# उदयपुर: हेल्पर व सफाई कार्मिक को जुलाई से नहीं मिला वेतन

**उदयपुर** | जिले की महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में ठेके पर लगाए गए हेल्पर और सफाईकर्मी को जुलाई से वेतन नहीं मिल रहा है। इसके अलावा पूर्व में इनको किए गए भुगतान में भी धांधली का मामला सामने आया है। महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय सुरफलाया के प्रिंसिपल भैरूलाल कलाल ने शिक्षा अधिकारी को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने डीईओ को बताया कि अगस्त 2024 में जिले की 39 स्कूलों में, जहां बाल वाटिका संचालित हैं, हेल्पर और सफाई कर्मियों का ठेका समाप्त हो गया है। तब से इन स्कूलों में कार्यरत हेल्पर और सफाई कर्मियों को वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक की ओर से प्रत्येक स्कूल के लिए एक हेल्पर और सफाईकर्मी नियुक्त करने का ठेका पन्नाधाय सिक्यूरिटी एजेंसी को दिया था, जिसकी अवधि अप्रैल में समाप्त हो गई।

तब से न तो नया ठेका हुआ है और न ही कार्यरत कार्मिकों को पेमेंट मिल रहा है। कलाल ने डीईओ से पूछा है कि इन कार्मिकों के बकाया पेमेंट के लिए कौन जिम्मेदार है उसकी स्थिति स्पष्ट करें।

# राग-अनुराग और प्रेम का हुड़दंग... 'तरणेतर मेला' का रंग जमा



**सुरेंद्रनगर** | विश्व प्रसिद्ध 'तरणेतर मेला' का रंग जम चुका है। ऋषि पंचम की सुबह महाआरती के बाद गंगाजी अवतरित होते ही भक्तों ने कुंड में भक्ति की डुबकी लगाई। चौथ की रात को 12 बजे तक मेले में 1.50 लाख लोग जुटे थे। मेले में 3 दिनों में 3 से 4 लाख लोग उमड़ते हैं लेकिन इस साल सिर्फ डेढ़ लाख लोग ही आए हैं। रविवार को रंगबिरंगी कपड़े, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्ज पुरुषों ने मोरपंखों वाली छतरियों के साथ पारंपरिक नृत्य पेश किया।

# वडोदरा: ट्रक की चपेट में आई एक्टिवा सवार मां-बेटी, मां की मौत, बेटी घायल

भास्कर न्यूज | वडोदरा

शहर के नीलांबर सर्कल के पास एक्टिवा सवार महिला की सीमेंट मिक्सर ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार बेटी की जान बच गई, जो घायल होने से अस्पताल में भर्ती है। ट्रक का पहिया महिला के सिर को कुचलता आगे बढ़ गया। इस तरह प्रतिबंध के बावजूद शहर में बेतहाशा दौड़ रहे भारी वाहन ने एक और मासूम की जान ले ली। विदित हो कि गोत्री पुलिस थाना क्षेत्र में प्रिया टॉकिज के पास योगी नगर निवासी हिमानी तरुण श्रीमाली ढाई वर्षीय बेटी ट्विशा को डे-केयर में छोड़ने के लिए एक्टिवा से जा रही थी और वहां से वह ईवा मॉल में नौकरी पर जाने वाली थी, तभी यह हादसा हुआ।


**भारवड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड**
(विद्युत खण्ड)

**ई - निविदा अमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा सं.: 1/2024-25 / बीएलबी**
**संबंधित कार्यालय का नाम :** वरि. कार्यकारी अभियंता, परि. एवं अनु. मंडल, बीबीएमबी, बल्लबगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा) - 121004
**कार्य का नाम :** 220 केवी उपकेन्द्र बीबीएमबी बल्लबगढ़ में पुराने ट्रेंच कवरों को नए ट्रेंच कवर से बदलने हेतु ।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | ₹4.07 लाख |
| निविदा दस्तावेज मूल्य | ₹1000/- + GST @18% |
| धरोहर राशि | ₹4080/- |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | 30.09.2024 को 15:00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तिथि | 01.10.2024 को 15:00 बजे के बाद। |

निविदा का विस्तृत विवरण वैबसाईट etenders.gov.in एवं bbmb.gov.in पर देखी जा सकती है।

1563-पीआर टीएस-3 | आज व कल के लिए उर्जा बचाएँ


## भास्कर एक्सक्लूसिव • गृह विभाग ने वित्त विभाग को भेजा प्रस्ताव, जल्द मंजूरी की संभावना

# गृह विभाग ने पुलिस में 3500 पद अतिरिक्त मांगे, बजट में 5500 की घोषणा थी, 9000 का प्रस्ताव भेजा

मनोज शर्मा | जयपुर

राज्य में युवाओं के लिए अच्छी खबर है। खासकर, उनके लिए जो पुलिस महकमे में भर्ती होने की तैयारियों में जुटे हैं। गृह विभाग ने बजट में प्रस्तावित 5500 पदों को बढ़ाकर करीब 9000 किए जाने का एक प्रस्ताव वित्त विभाग को भिजवाया है। यानी बजट घोषणा से करीब 3500 पद ज्यादा। इससे युवाओं के लिए पुलिस भर्तियों में अवसर और बढ़ेंगे।

गृह विभाग ने गत शुक्रवार को एक-एक थाने, पुलिस चौकी, साइबर थाने, एसपी, सीओ दफ्तर, पुलिस पेट्रोलिंग टीम और नई पुलिस बटालियनों के प्रस्ताव भेजे हैं। जिसमें बताया गया है कि कांस्टेबल से लेकर एएसपी तक के लिए नौ हजार पदों की आवश्यकता होगी। इसमें आईपीएस के पद भी शामिल है। गृह विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग की जल्द ही मुहर भी लग सकती है, क्योंकि, दोनों ही महकमे मुख्यमंत्री के पास ही हैं।

### गृह विभाग का तर्क

#### 3000 पदों की जरूरत आरएससी बटालियन में

मुख्यमंत्री ने बजट में आरएएसी की तीन बटालियनों की घोषणा की थी। एक बटालियन में कमांडेंट से लेकर सिपाही तक एक हजार पदों की आवश्यकता होती है। इसलिए, तीन बटालियन मतलब तीन हजार पद।

#### 2000 पुलिस कर्मियों की आवश्यकता पेट्रोलिंग टीम में

महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हर प्रदेश में 500 पेट्रोलिंग टीमों के गठन का वादा किया था। एक टीम में कम से कम चार पुलिसकर्मियों की जरूरत बताई गई है। इस लिहाज से 2000 पुलिस कर्मियों की आवश्यकता होगी।

#### 4000 पद नए थानों-चौकियों एवं दफ्तरों के लिए चाहिए

राज्य सरकार ने एक दर्जन नए थानों, पुलिस चौकियों एवं सीओ दफ्तरों की घोषणा की। नए जिलों में एसपी एवं एएपी दफ्तरों, और साइबर थानों के लिए भी नए पदों का सृजन करना होगा। इसलिए, करीब 4000 पदों की जरूरत होगी।

# 5.20 करोड़ की ठगी केस में पुलिस खाताधारकों तक नहीं पहुंच सकी

भास्कर न्यूज | जोधपुर

एनआरआई के खाते से 5.20 करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस अब तक रुपए वापस नहीं ला पाई है। जो रुपए ठगे गए हैं वह दरअसल समाजसेवा में लगाए जाने थे। ये रुपए 71 खातों में ट्रांसफर हुए लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी पुलिस इन खाताधारकों तक नहीं पहुंच सकी है।

एनआरआई का आरोप है पुलिस ने रिकवरी के नाम पर उनसे 10 प्रतिशत राशि व अन्य संसाधनों की मांग की थी, मना करने के कारण पुलिस ने ठगी के इस केस में रुचि नहीं दिखाई है। जयपुर फुट के सलाहकार और एनआरआई केके मेहता के खाते से 5.20 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में पुलिस अब तक रुपए की रिकवरी नहीं कर सकी है। आरोप है कि केस दर्ज होने के बाद शुरुआती समय में पुलिस ने केस में कोई काम किया इसलिए मामला उलझ गया। पुलिस ने यह तो पता कर लिया था कि जो रुपए ठगे गए हैं वह 71 खातों में गए लेकिन पुलिस उन खाताधारकों तक नहीं पहुंची। वहीं अब तक केवल 55.80 लाख रुपए की ही रिकवरी हो सकी है। पुलिस ने बैंक को सूचना देकर 1.62 करोड़ रुपए छह माह पहले सीज कराए थे, लेकिन बाद में रिकवरी में लापरवाही की और खाते से रुपए निकल गए। मामले की जिम्मेदारी राना अध्यक्ष प्रेम भंडारी के पास है, उनका कहना है कि ये रुपए समाजसेवा के काम आना था। यदि इन रुपयों की रिकवरी होती है तो कई लोगों की मदद हो सकती है।


**MUNICIPAL COUNCIL OFFICE MAJALGAON,**
**DIST. BEED 431131** Email- mmajalgaon@gmail.com

**E-Tender Notice/No.4 & 5/2024-25**

**Municipal Council Majalgaon Dist.Beed** Invites Online tender for **Road, Drain and other civil works** under the scheme **(1) Nagari Sthanik Swrajya Sanstha Parishetrat vishisht Nagari Seva & Suvidha Purnvine (2) Alpsankhyank vikas Scheme** from experienced and appropriate contractors who fulfill all the terms and conditions. All the details, terms and conditions regarding this tender notice can be seen and downloaded as well as filled tender and may be uploaded from date**10/09/2024 at 11:00 am to date 17/09/2024 at 4:00 pm** on **website http://mahatenders.gov.in**

All interested contractors may kindly visit the website **http://mahatenders.gov.in** for further details and procedure, corrigendum if any or other information will be published on website only.

Chief Officer
Municipal Council Majalgaon

भास्कर Insight • कारों की इन्वेंट्री 75 दिन के ऊंचे स्तर पर, टाटा ने 2 लाख तक की छूट से फेस्टिव सीजन का श्रीगणेश

# 7.8 लाख कारों का रिकॉर्ड स्टॉक, त्योहारों में भारी छूट, सस्ते-लंबी अवधि के लोन जैसे गिफ्ट की तैयारी

कृष्ण मोहन तिवारी | नई दिल्ली

फेस्टिव सीजन के बीच कारों की बढ़ती इन्वेंट्री से खरीदारों के लिए डिस्काउंट के नए रास्ते खुल रहे हैं। कार डीलर्स के संगठन फाडा के मुताबिक अगस्त में कारों की इन्वेंट्री 70-75 दिन के रिकॉर्ड स्तर पर है। करीब 80 हजार करोड़ रुपए की 7.8 लाख कारें ग्राहकों की राह देख रही हैं। इस सीजन की कारों की कुल सालाना बिक्री में हिस्सेदारी 30% तक होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनियां फेस्टिव सीजन में इन्वेंट्री क्लियर करने के लिए ग्राहकों को स्पेशल डिस्काउंट देने की तैयारी कर रही हैं। ऑटो-बैंकिंग कंपनियों की साझेदारी कम ब्याज दरों, मुफ्त बीमा और छोटी ईएमआई जैसी आकर्षक स्कीम्स की पेशकश कर रही हैं। इसकी शुरुआत सोमवार को टाटा मोटर्स ने कर दी। कंपनी ने अपनी कारों पर 30 हजार से 2.05 लाख तक की छूट के साथ फेस्टिव सीजन का श्रीगणेश किया। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा, 'फेस्टिव सीजन पर हमारे खास ऑफर का ग्राहक फायदा उठाएंगे।

### हेल्दी ऑटो इंडस्ट्री के लिए इन्वेंट्री लेवल 35 दिन

| 2024 | इन्वेंट्री लेवल | कुल इन्वेंट्री यूनिट्स | अनुमानित मूल्य |
|---|---|---|---|
| मई | 55 to 60 दिन | 550,000 | ₹55,000 करोड़ |
| जून | 62 to 67 दिन | 600,000-650,000 | ₹60,000 करोड़ |
| जुलाई | 67-72 दिन | 730,000 | ₹73,000 करोड़ |
| अगस्त | 70-75 दिन | 780,000 | ₹77,800 करोड़ |

किसी हेल्दी ऑटो इंडस्ट्री के लिए इन्वेंट्री लेवल 35 दिन का होता है। अभी यह दोगुना है। 2018-19 में यह 70 दिन के करीब पहुंचा था।

स्रोतः फाडा



### बड़े कॉरपोरेट ऑफर और जीरो प्रोसेसिंग फीस का ट्रेंड दिखेगा

बैंक बाजार के सीईओ आदिल शेट्टी कहते हैं कि फेस्टिव सीजन में डीलरों के पास भरपूर स्टॉक है। ऐसे में डिमांड बढ़ाने और इन्वेंट्री खत्म करने करने के लिए बैंकिंग कंपनियां ग्राहकों को बड़े ऑफर देंगी। कार लोन पर ब्याज दरें घट सकती हैं। लोन देने वाली बैंक और एनबीएफसी प्रोसेसिंग फीस माफ कर सकती हैं। इसके अलावा, कॉरपोरेट डिस्काउंट के बड़े ऑफर देखने को मिलेंगे, जो ग्राहकों को कारें खरीदने के लिए आकर्षित करेंगे। वजह यह है कि यूरोप, कनाडा और चीन से दुनियाभर में ब्याज दरें घटने की शुरुआत हो चुकी हैं। इसी महीने अमेरिका में भी कटौती लगभग तय है। ऐसे में खपत बढ़ाने के लिए ब्याज दरों में कटौती के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### एक्सपर्ट } 10 साल तक के लिए मिले कार लोन



मनीष राज सिंघानिया, प्रेसिडेंट, फाडा



रवि भाटिया, प्रेसिडेंट और डायरेक्टर, जैटो डायनेमिक्स इंडिया

**ग्राहकों को कंपनी के साथ डीलर से भी अच्छा डिस्काउंट मिलेगा**

देश में कारों की बिक्री बहुत पॉजिटिव है। रुरल इकोनॉमी अच्छा कर रही है और कारों की मांग बढ़ रही है। स्टॉक की स्थिति थोड़ी कम रहती तो डीलर कम्युनिटी के लिए बेहतर होता। पर स्टॉक ज्यादा होने से कस्टमर को जरूर फायदा होने वाला है। कंपनियां के साथ ही उन्हें डीलर से भी डिस्काउंट मिलेगा, क्योंकि उन्हें इंवेंट्री कम करनी है। अच्छी बात यह है कि पहले से ही कारें अच्छे डिस्काउंट पर हैं। कुछ गाड़ियों पर तो कीमत का 10% तक डिस्काउंट है। इंडस्ट्री में 8-10 साल की लंबी अवधि के लोन पर चर्चा है। साथ ही, ओईएम-बैंकों के साथ कम ब्याज पर लोन व आकर्षक स्कीम्स पर चर्चा कर रहे हैं।

**बड़े ऑफर, कम डाउनपेमेंट, लंबे लोन की स्ट्रैटजी अपनाएं कंपनियां**

इन्वेंट्री खत्म करने के लिए ओईएम को फेस्टिव सीजन के लिए अल्पकालिक रणनीतियां बनानी चाहिए। अभी एसयूवी की मजबूत मांग है। हैचबैक-सेडान जैसे छोटे वाहन खराब प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे इन्वेंट्री बढ़ रही हैं। ये समाधान हो सकते हैं...

1. फर्मों को कम बिक रहे मॉडल्स पर ज्यादा छूट व आक्रामक मार्केटिंग करनी चाहिए। इससे बिक्री बढ़ सकती है।
2. ग्राहकों का सामर्थ्य बढ़ाने, खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कम डाउनपेमेंट व लंबी अवधि में रिपेमेंट जैसे वित्तीय समाधान लाना चाहिए।
3. कंपनियों को रिटेल मांग के साथ प्रोडक्शन को अलाइन करना चाहिए।

**20 लाख करोड़ रुपए की है भारतीय ऑटो इंडस्ट्री...**

- वित्त वर्ष 2024 में ऑटो इंडस्ट्री ने पहली बार 20 हजार करोड़ रु. का आंकड़ा छुआ। जीएसटी में 14-15% का योगदान दिया।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है। साथ ही, सबसे बड़ा दोपहिया और तिपहिया बाजार है।
- दुनिया के दो पहिया वाहन में 35% हिस्सेदारी के साथ भारत पहले व 34% के साथ चीन दूसरे स्थान पर है।

तैयारी • तगड़ी बिक्री की उम्मीद में कंज्यूमर सेक्टर

# कंपनियों ने 15% तक बढ़ाया उत्पादन, बीते साल से दोगुना

शार्लीन डिसूज़ा, अक्षरा श्रीवास्तव | नई दिल्ली

कंज्यूमर कंपनियां त्योहारों में जोरदार डिमांड की उम्मीद कर रही हैं। इसे पूरी करने के लिए उन्होंने 15% तक उत्पादन बढ़ा दिया है। पिछले साल त्योहारों में इनका उत्पादन 7% तक बढ़ा था। रिटेलर्स भी त्योहारी सीजन में ज्यादा बिक्री की उम्मीद में पिछले साल से ज्यादा स्टॉक मंगवा रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और अपैरल कंपनियों की तैयारी पहले से चल रही है। इन सेक्टरों की कंपनियां अप्रत्याशित डिमांड पूरी करने के लिए प्रीमियम मॉडलों पर फोकस कर रही हैं। इस साल तेज गर्मी और भारी बारिश के चलते बिक्री कम हुई। इससे कई कंपनियों और रिटेलर्स के पास स्टॉक बढ़ गया है। इन्हें क्लियर करने के लिए कंपनियां औसत से ज्यादा डिस्काउंट और ऑफर पर विचार कर रही हैं। काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक अगस्त के अंत में स्मार्टफोन की इन्वेंट्री 10 हफ्तों के स्टॉक के बराबर थी, जो अमूमन 4-5 हफ्ते की होती है।

### त्योहारों में टीवी की बिक्री सबसे ज्यादा 30% तक बढ़ने के आसार

- **डाबर इंडिया:** डाबर इंडिया नए प्रोडक्ट और वर्जन लॉन्च करने पर फोकस कर रही। डाबर इंडिया के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अंकुश जैन ने कहा, 'इस साल हमें क्विक कॉमर्स यानी ग्राहकों से ऑर्डर लेकर सामान घर पहुंचाने के बिजनेस में काफी संभावनाएं दिखाई नजर आ रही हैं।'
- **पारले प्रोडक्ट्स:** बिस्कुट बनाने वाली कंपनी ने उत्पादन 10-15% बढ़ाया है। इसके मुकाबले पिछले त्योहारी सीजन में कंपनी ने 5-7% उत्पादन बढ़ाया था।
- **कोका-कोला:** कोका-कोला इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट संदीप बाजोरिया कहते हैं, 'बिक्री में तेजी दिखने लगी है। हम रिटेलर्स को बढ़ी हुई डिमांड से निपटने के लिए पहले से तैयार रहने में मदद कर रहे हैं।'
- **लाइफस्टाइल:** रिटेल फैशन की मल्टी ब्रांड चेन लाइफस्टाइल ने स्टॉक में 10% से ज्यादा बढ़ोतरी की है। लाइफस्टाइल के सीईओ देवराजन अय्यर ने कहा, 'इस साल त्योहारों के साथ ही शादियों के मुहूर्त भी ज्यादा होने से डिमांड बढ़ेगी। इसलिए हम ज्यादा स्टॉक के लिए ऑर्डर बढ़ा रहे हैं।'

### देश की टीवी इंडस्ट्री 30 फीसदी से अधिक की ग्रोथ देख सकती है....

**सुपर प्लास्ट्रोनिक्स:** कोडक, थॉमसन, ब्लाउपुंक्ट और वेस्टिंगहाउस के लिए प्रोडक्शन करने वाली कंपनी सुपर प्लास्ट्रोनिक्स पूरी क्षमता पर उत्पादन कर रही है। कंपनी के सीईओ अवनीत मारवाह ने कहा, 'उत्पादन 40% बढ़ाया है। हालांकि पूरी टीवी इंडस्ट्री इन त्योहारों में 30% ग्रोथ देख सकती है।'

## बिजनेस ब्रीफ

**बजाज हाउसिंग, टोलिन्स के आईपीओ खुलते ही भरे**

मुंबई | सोमवार को खुले सभी तीनों आईपीओ को निवेशकों ने हाथोंहाथ लिया। बजाज हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ दोगुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो गया। टोलिन्स टायर्स का आईपीओ भी करीब दोगुना भरा और क्रॉस का आईपीओ 90% सब्सक्राइब हुआ। इस बीच श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी का आईपीओ बंद हो गया। इसके शेयरों के लिए कुल मिलाकर 124 गुना बोलियां लगाई गईं।

**गाला प्रिसीजन के शेयर पहले दिन 42% उछले**

मुंबई | बीएसई पर सोमवार को गाला प्रिसीजन इंजीनियरिंग के शेयर इश्यू प्राइस 529 रुपए के मुकाबले 41.78% बढ़त के साथ 750 रुपए पर लिस्ट हुए। ये शेयर ट्रेडिंग के दौरान 48.85% उछलकर 787.45 रुपए तक पहुंचे। अंत में 48.78% बढ़त के साथ 787 रुपए पर बंद हुए। इसके चलते मार्केट कैप 997 करोड़ रुपए हो गया। 2-4 सितंबर के बीच खुला यह आईपीओ 201.44 गुना भरा था।

**जीवन बीमाः अगस्त में प्रीमियम आय 22% बढ़ी**

नई दिल्ली | जीवन बीमा कंपनियों की अगस्त में नई पॉलिसी बेचने से प्राप्त प्रीमियम की राशि 22% बढ़कर 32,644 करोड़ रुपए हो गई। अगस्त 2023 में यह 26,788.55 करोड़ थी।

उड़ान को विस्तार • देश को इंटरनेशनल ट्रैवल हब बनाने की तैयारी में सरकार

# भूटान, मालदीव, जापान, वियतनाम, सिंगापुर जैसे देशों के साथ आपसी उड़ानें बढ़ाएगा भारत

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारत भूटान, मालदीव, जापान, वियतनाम और सिंगापुर जैसे देशों के साथ आपसी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बढ़ाने के लिए बात करने जा रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि द्विपक्षीय फ्लाई राइट्स बढ़ाने से भारत को इंटरनेशनल ट्रैवल हब बनाने में मदद मिलेगी। नायडू ने कहा कि यह पक्का किया जाएगा कि दो देशों के बीच बढ़ने वाली उड़ानों का ज्यादा फायदा भारतीय एयरलाइंस को मिले।

भारतीय एयरलाइंस ने इस साल अप्रैल-जून के दौरान इंटरनेशनल एयर ट्रैफिक में हिस्सेदारी बढ़ाई है। स्वदेश लौटने वाले 46% यात्रियों ने घरेलू एयरलाइंस की फ्लाइट ली। यह 2019 की तुलना में 10% और 2023-24 की तुलना में 2.5% ज्यादा है। नई दिल्ली में 11-12 सितंबर को सिविल एविएशन पर दूसरा एशिया पैसिफिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन आयोजित होना है। इसमें 41 देश हिस्सा लेंगे। दुनियाभर से 20 नागरिक विमानन मंत्री भारत आएंगे।

**इंडिगो अगले साल तक विदेशी फ्लाइट दोगुनी करेगी, अभी 20**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो आक्रामक विस्तार कर रही है। बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी मार्च 2025 तक अभी से दोगुनी यानी 40 इंटरनेशनल मार्गों पर फ्लाइट शुरू करेगी, जो अभी 20 हैं। कंपनी ने 2030 तक दुनिया की टॉप एयरलाइन में जगह बनाने का लक्ष्य रखा है। इंडिगो के कुछ अधिकारियों के मुताबिक, कंपनी कार्गो क्षमता भी बढ़ा रही है। इसके लिए, इंडिगो 2027 से वाइड-बॉडी विमानों का इस्तेमाल शुरू करने की सोच रही है।

शेयर बाजारः देश में उछाल, पर चीन में भारी गिरावट

## बैंक, एफएमसीजी शेयरों में जोरदार बढ़त से 376 अंक चढ़ा सेंसेक्स

मुंबई | बैंक और एफएमसीजी शेयरों में निकली खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी। इसके साथ ही सेंसेक्स में चार दिन से जारी गिरावट थम गई। सोमवार को सेंसेक्स 376 अंक चढ़कर 81,560 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 84 अंकों की बढ़त लेकर एक बार फिर 25 हजार के करीब 24,936 पर बंद हुआ। निवेशकों का ध्यान अब बुधवार को जारी होने वाले अमेरिकी में महंगाई दर के आंकड़ों पर है। इससे उन्हें अगले हफ्ते फेड की तरफ से ब्याज दर में कटौती की मात्रा का अंदाजा लगेगा।

**...उधर चीन का शेयर बाजार 5 साल के निचले स्तर के करीब**

चीन का शेयर बाजार पांच साल के निचले स्तर के करीब आ गया है। सीएसआई 300 इंडेक्स सोमवार को 1.2% गिरकर बंद हुआ। मई से अब तक इसमें साल के ऊंचे स्तर से 13% से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। यदि यह मौजूदा स्तर से और ज्यादा गिरता है तो उस लेवल पर आ जाएगा, जो 2019 की शुरुआत से अब तक नहीं देखा गया है।

**एचपी के प्रोडक्ट भारत में ही बनाएगी डिक्सन**

नई दिल्ली | भारत की कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज और अमेरिका की ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी एचपी इंक के बीच एक करार हुआ है। इसके तहत डिक्सन की ब्रांच पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स तमिलनाडु स्थित प्लांट में एचपी के लिए लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर और ऑल-इन-वन सिस्टम्स बनाएगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दोनों कंपनियों के बीच इस एग्रीमेंट की जानकारी दी। उन्होंने सोमवार को कहा कि 'मेक इन इंडिया' इनिशिएटिव के तहत उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की यह एक बड़ी सफलता है।

**भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड (विद्युत खण्ड)**

**सूचना पत्र**

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड, बल्लबगढ़ कार्यालय के अंतर्गत आई.टी.आई. अथवा फ्रेशर अभ्यर्थि से 4-इलेक्ट्रिशियन तथा 3 - लाईनमैन प्रशिक्षुओं के पद भरे जाने हैं। जो भी अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करते हैं वे अपने मूल दस्तावेज जांच हेतु एक स्व प्रमाणित प्रति सहित ऑनलाईन फार्म/प्रोफाईल, नियमानुसार वांछित शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड व जाति प्रमाण पत्र (यदि हो) 25 सितम्बर से 01 अक्तूबर- 2024 तक 9.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय के स्थापना शाखा में जमा करवा सकते हैं।

वरि. कार्यकारी अभियंता, परि. एवं अनु. मण्डल भा. ब्या.प्र.बो., बल्लबगढ़, प्लॉट नं. 141-142 के सामने, सेक्टर-25, फरीदाबाद।

1564-पीआर टीएस-3 आज व कल के लिए ऊर्जा बचाएं

**ARMY WELFARE EDUCATION SOCIETY**
(Registered under Society Act XXI of 1860)

**ONLINE SCREENING TEST (OST) FOR TEACHERS FOR ARMY PUBLIC SCHOOLS (APS): NOV 2024**

**ON-LINE SCREENING TEST** for teachers in **PRT, TGT & PGT** categories will be held as per details below:

| | | |
|---|---|---|
| Registration of Candidates | : | 10 SEP 2024 TO 25 OCT 2024 |
| Admit Card Download | : | 12 NOV 2024 Onwards |
| Date of Exam | : | 23 NOV & 24 NOV 2024 |
| Reserve Date | : | 25 NOV 2024 |

For details of qualifications, registration and conduct, please log on to **website : www.awesindia.com**

**CHIEF ENGINEER (PROJECT) DEPARTMENT**
**PUNE MUNICIPAL CORPORATION**

**Corrigendum (Tender No - 4/2024)**

The Pune Municipal Corporation (Project Department) had invited the tender for "Construction of Grade Separator/ Flyover at Shastrinagar Chowk, Yerwada, Pune." vide paper advt. no. 3/475 dated 16/08/2024.

After consideration of the various suggestions and prevailing Government Resolutions, the PMC had done some alteration of the Tender conditions, the details of which were published on the website (www.mahatender.gov.in) on 03/09/2024.

In view of the above, respective dates of Tender submission etc. are revised as follows:

| Sr. No. | Particular | Revised Dates |
|---|---|---|
| 1 | Online Sale of Tender | Up to 18/09/2024 - 03:00 PM. |
| 2 | Last date of submission of tenders | Up to 18/09/2024 -03:00 PM. |
| 3 | Date of opening of Tenders | 19/09/2024 at 03.00 PM. |

Rest of the Tender document/CSD etc. published earlier remains unchanged. All concerned are requested to take a note of this.

Advt. No. 3/641
Dt. 09-09-2024

Sd/-
**Executive Engineer (Projects)**
**Pune Municipal Corporation**

**भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड (विद्युत खण्ड)**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एनआईटी संख्या: 905
कार्यालय का नाम: वरिष्ठ कार्यकारी अभियन्ता / सिविल अनुरक्षण मंडल (विद्युत सम्भाग), बी.बी.एम.बी., गंगूवाल, जिला रोपड़ (पंजाब) – 140123
कार्य का नाम: 220 केवी MISS गंगूवाल में एक केबल ट्रेंच कवर के साथ पुराने/क्षतिग्रस्त केबल ट्रेंच कवर का प्रतिस्थापन।

| | |
|---|---|
| दस्तावेज डाउनलोड/प्रस्तुत करने/बिक्री प्रारंभ करने की तिथि व समय | 05.09.2024 को 5:00 बजे से (दोपहर के बाद) |
| दस्तावेज डाउनलोड/प्रस्तुत करने/बिक्री करने के लिए अंतिम तिथि व समय | 30.09.2024 को 12:30 बजे तक (दोपहर के बाद) |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 01.10.2024 को 12:30 बजे से (दोपहर के बाद) |
| अनुमानित लागत मूल्य: 65,55,300/- रू. | धरोहर राशि: 1,31,110/- रू. |

विस्तृत निविदा और नियम व शर्तें देखी / डाउनलोड हेतु कृपया वेबसाइट http://etender.gov.in अथवा www.bbmb.gov.in देखें।

1161-पीआर-उत्पादन-4 ऊर्जा बचाओ, उज्जवल भविष्य पाओ

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, कुरुक्षेत्र**

मुकदमा न. 451 दिनांक 24.08.2024 धारा 127 (6) भा.न.स. थाना सदर थानेसर।

गुमशुदा की तलाश



नाम - फकीरदास
लिंग - पुरुष
आयु - लगभग 30 वर्ष

फकीरदास पुत्र नारायण दास वासी गांव गोविंदपुरा जिला समसतीपुर बिहार हाल गांव बजीदपुर थाना सदर थानेसर जिला कुरुक्षेत्र का रहने वाला है। जो दिनांक 16.08.2024 को अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिसने नीले रंग की टी-शर्ट व पैंट पहनी हुई है। जिसके बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है। जिस भी व्यक्ति को फकीरदास पुत्र नारायण दास के बारे में कोई भी सुचना मिले तो नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना थाना सदर थानेसर 7056700112
कन्ट्रोल रुम कुरुक्षेत्र :- 01744-222100,233924

अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस अधीक्षक, कुरुक्षेत्र

1084/11/2676/2025/29186/10/6





जब हौसले बड़े हो जाते हैं तो चुनौतियां खुद ही छोटी लगने लगती हैं।



मधुबन ग्रुप के संस्थापक और संचालक सौरभ यादव रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक बड़ा नाम है। लगभग 20 वर्षों से इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सौरभ को रियल एस्टेट में श्रेष्ठ कार्य के लिए दैनिक भास्कर एशिया अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया है।

**सौरभ यादव**
**डायरेक्टर**
**मधुबन ग्रुप, भोपाल**

# 4 हजार से ज्यादा परिवारों को दे चुके हैं आशियाना, लक्ष्य हैं रियल एस्टेट में मधुबन को नंबर वन बनाना

**भोपाल** शहर के 4 हजार से ज्यादा परिवारों को आशियाना दे चुका मधुबन ग्रुप रियल एस्टेट के क्षेत्र में नंबर वन बनने की ओर अग्रसर है। ग्रुप के डायरेक्टर सौरभ यादव ने पिता की प्रेरणा से इस क्षेत्र में कदम रखा और अपार सफलताएं प्राप्त की। उत्तरप्रदेश राज्य के झांसी में जन्मे सौरभ सामाजिक, मिलनसार और आकर्षक व्यक्तित्व के धनी हैं। रियल एस्टेट के क्षेत्र में सौरभ एक चर्चित शख्सियत हैं, जिन्होंने भोपालवासियों को अनेकों ऐसे प्रोजेक्ट दिए हैं, जिनकी सराहना पूरा शहर करता है।

### ग्राहकों की नब्ज पहचानने का हुनर

मधुबन ग्रुप ग्राहकों की पसंद और संतुष्टि को सर्वोपरि मानकर काम करता है। इस ग्रुप ने भोपाल की चारों दिशाओं में एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। मधुबन के प्रोजेक्ट को लेकर सौरभ यादव बताते हैं कि एक अच्छा बिल्डर होने का मतलब सिर्फ कंक्रीट की इमारतें खड़ा करना नहीं होता है, बल्कि इसके पीछे एक बड़ी प्लानिंग काम करती है। किसी भी प्रोजेक्ट को तैयार करने से पहले हमारी टीम एक ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करती है। जैसे जिस जमीन पर प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है क्या वो जमीन भविष्य में ग्राहक को बेहतर रिटर्न दे पाएगी। रेसीडेंशियल प्रोजेक्ट की लोकेशन से जरूरत की हर चीज ग्राहकों के नजदीक होना चाहिए। हमारा प्रत्येक प्रोजेक्ट ग्राहकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है। जिनमें मंदिर, क्लब, गार्डन, स्विमिंग पूल, जिम, योगा सेंटर, कम्युनिटी हॉल, स्ट्रीट लाइट, बाउंड्री वॉल, सिक्योरिटी सिस्टम जैसी मूलभूत सुविधाएं होती हैं। मधुबन ग्रुप अब तक 4 हजार से ज्यादा लोगों को सर्वसुविधा युक्त आशियाना दे चुका है। रियल एस्टेट में नंबर वन बनने का लक्ष्य लेकर काम कर रहा मधुबन ग्रुप शहर में अपने कमिटमेंट के लिए जाना जाता है। जैसे ग्राहकों को समय पर पजेशन देना। प्रोजेक्ट लेने से पूर्व बताई गई हर सुविधा उपलब्ध कराना। मधुबन के काम से आज सभी ग्राहक संतुष्ट हैं और यही उसकी सबसे बड़ी दौलत है। ग्राहकों की खुशी हमारे ग्रुप को बेहतर काम करने की प्रेरणा देती है। मधुबन हाइट्स जैसे सफल प्रोजेक्ट देने के बाद अब हम भोपाल का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं, जो हमें शहर का नंबर वन बिल्डर बनने की दिशा में बहुत आगे पहुंचा देगा। जल्द ही हमारे प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के अन्य शहरों में दिखाई देंगे। मुझे पूरी आशा है कि भविष्य में हम हमारे विजन को हासिल करेंगे।

### पिता की प्रेरणा ने बदला सौरभ का जीवन

सौरभ बताते हैं कि उनके पिता नामी गवर्नमेंट कॉन्ट्रेक्टर रह चुके हैं। कक्षा छठवीं से ही पिता के साथ कंस्ट्रक्शन साइट पर जाना शुरू कर दिया था। बड़ा हुआ तो सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया। लेकिन किन्हीं वजहों से पढ़ाई छोड़ दी और पिता के साथ काम करने लगा। वर्ष 2004 में भोपाल आकर मधुबन ग्रुप की नींव रखी। इस काम में आशिमा मॉल के डायरेक्टर ओमप्रकाश कृपलानी का मार्गदर्शन मिला। पिता की प्रेरणा और गुरू के मार्गदर्शन से मधुबन ग्रुप को आगे ले जाने का काम कर रहा हूं।



**हजारों लोगों के हाथों में दिया रोजगार**

मधुबन ग्रुप ने भोपाल के विकास में अहम भूमिका निभाने के साथ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को रोजगार देने का काम किया है। बीते 20 वर्षों में इस ग्रुप द्वारा हजारों मजदूरों को काम मिला है। ग्रुप के डायरेक्टर सौरभ यादव का कहना है कि भविष्य में हमारे प्रोजेक्ट का विस्तार मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के कई बड़े शहरों तक होगा। जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।



## फुटबॉल : मॉर्गन ने 15 साल के शानदार करियर को अलविदा कहा

**सैन डिएगो** | अमेरिका की महानतम महिला फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार एलेक्स मॉर्गन ने 15 साल लंबे करियर का आखिरी मैच खेल लिया है। वे अमेरिका की नेशनल वीमेंस सॉकर लीग के मैच में सैन डिएगो वेव्स टीम की ओर से उतरीं। उन्होंने मैच से पहले ही ऐलान कर दिया था कि वे खेल से संन्यास ले रही हैं। यह उनका सैन डिएगो के लिए 63वां मैच था और इस घरेलू टूर्नामेंट में 150वां मैच था। मॉर्गन ने अमेरिका के लिए 2012 में ओलिंपिक गोल्ड और 2015 व 2019 में फीफा वर्ल्ड कप जीता। उनका आखिरी मैच देखने 26,516 दर्शक पहुंचे, जिसमें करीब 100 उनके दोस्त और परिजन थे।

### तीसरा टेस्टः मेहमान ने 8 विकेट से जीता मुकाबला

# 2014 के बाद श्रीलंका की इंग्लैंड में पहली टेस्ट जीत

भास्कर न्यूज़ | लंदन

श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने सोमवार को इंग्लैंड में इतिहास रच दिया। तीन टेस्ट की सीरीज के आखिरी मैच में श्रीलंका ने मेजबान टीम को 8 विकेट से शिकस्त दी। मैच के चौथे दिन मेहमान श्रीलंका ने 219 रन का लक्ष्य 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह किसी एशियाई टीम का इंग्लैंड में सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। इससे पूर्व, पाक ने साल 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हेडिंग्ले में 180 रन चेज किए थे। श्रीलंका ने इंग्लैंड में साल 2014 के बाद कोई टेस्ट जीता है। श्रीलंका ने टेस्ट में दूसरी बार भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर 200+ रन का आंकड़ा सफलतापूर्वक चेज किया। इससे पूर्व, उसने साल 2019 में द. अफ्रीका में 352 रन का लक्ष्य एक विकेट रहते हासिल किया था। ओवल में श्रीलंका की जीत के हीरो ओपनर पाथुम निशंका रहे। निशंका (64, 127* रन) प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 124 गेंदों की अपनी दूसरी पारी में निशंका ने 13 चौके और 2 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 102.42 का रहा। टेस्ट इतिहास के सफल रन चेज में 100+ स्ट्राइक रेट से बनाया गया यह दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। रिकॉर्ड इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो (न्यूजीलैंड के खिलाफ साल 2022 में 92 गेंदों में 136 रन) के नाम है।



### श्रीलंका की इंग्लैंड में 21 टेस्ट में सिर्फ चौथी जीत; सीरीज गंवाई

श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 1-2 से गंवा दी। ओवल में जीत से पहले श्रीलंका को मैनचेस्टर व लॉर्ड्स में हार मिली थी। ओवल में मिली जीत श्रीलंका की इंग्लैंड में 21 टेस्ट में सिर्फ चौथी जीत है। इस मैच में इंग्लैंड को पहली पारी में 325 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका 263 रन पर ढेर हो गया था। हालांकि, इंग्लैंड की दूसरी पारी मात्र 156 रन पर सिमट गई और श्रीलंका ने मैच में वापसी कर ली। जो रूट (375 रन) और कामिंदु मेंडिस (265 रन) प्लेयर्स ऑफ द सीरीज रहे।

### सीमित ओवर की सीरीज के लिए द. अफ्रीकी टीमें घोषित

## अफ्रीकी टीम में बड़े खिलाड़ी नहीं, नए युवाओं को मौका

भास्कर न्यूज़ | केप टाउन

द. अफ्रीका ने आयरलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली लिमिटेड ओवर्स सीरीज के लिए टीमें घोषित कीं। रबाडा, महाराज, मिलर, क्लासेन जैसे कई बड़े खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं किया है। ऑलराउंडर जेसन स्मिथ के पास अफगानिस्तान सीरीज से वनडे डेब्यू का मौका रहेगा। टीम 18 से 22 सितंबर तक अफगान टीम से 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर 27 सितंबर से आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 और 3 वनडे की सीरीज खेलेगी।

- **अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे टीमः** बवुमा (कप्तान), बार्टमैन, बर्गर, जोरजी, फोर्टुइन, हेंड्रिक्स, मार्करम, मुल्डर, एनगिडी, फेलुकवायो, पीटर, सिमलेन, स्मिथ, स्टब्स, वेरिन, लिजाड विलियम्स।
- **आयरलैंड के खिलाफ टी20 टीमः** मार्करम (कप्तान), बार्टमैन, ब्रीट्जके, बर्गर, फोर्टुइन, हेंड्रिक्स, क्रुगर, मुल्डर, एनगिडी, पीटर, रिकेलटन, सिमलेन, स्मिथ, स्टब्स, लिजाड। **वनडेः** बवुमा (कप्तान), बार्टमैन, बर्गर, जोरजी, फोर्टुइन, मुल्डर, एनगिडी, फेलुकवायो, पीटर, रिकेलटन, स्मिथ, स्टब्स, रैसी डुसेन, वेरिन, लिजाड।

### यूएस ओपन • अमेरिका के फ्रिट्ज को हराकर इटली के जैनिक सिनर ने जीता खिताब

# सिनर ने तोड़ा 'अमेरिकन ड्रीम'

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत
मैथ्यू फटरमैन

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने यूएस ओपन का पुरुष सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया है। आर्थर ऐश स्टेडियम पर टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में इटली के सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 2 घंटे 15 मिनट में 6-3, 6-4, 7-5 से शिकस्त दी। सीधे सेटों में मिली इस जीत के साथ सिनर ने किसी अमेरिकन खिलाड़ी का 21 साल बाद यह घरेलू टूर्नामेंट जीतने का सपना भी तोड़ दिया। यूएस ओपन का खिताब किसी अमेरिकी ने आखिरी बार साल 2003 में जीता था। तब एंडी रोडिक ने ऐसा किया था। रोडिक रविवार के फाइनल मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद भी थे। फ्रिट्ज से पहले एंडी रोडिक ही यूएस ओपन के पुरुष सिंगल्स के फाइनल में पहुंचने वाले आखिरी अमेरिकी भी थे। रोडिक 2006 में आखिरी बार यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे थे और तब वे रोजर फेडरर से हार गए थे। साथ ही 2009 से 2023 के बीच कोई अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी किसी भी ग्रैंड स्लैम फाइनल में भी नहीं पहुंचा था। सिनर को प्राइज मनी के रूप में करीब 30 करोड़ रु. मिले।




### 47 साल बादः पहले दो ग्रैंड स्लैम एक ही सीजन में जीते सिनर

यूएस ओपन में मिली जीत 23 साल के सिनर के करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले उन्होंने साल 2024 का ऑस्ट्रेलिया ओपन ग्रैंड स्लैम भी जीता था। सिनर 47 साल में पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपने करियर के पहले दो ग्रैंड स्लैम खिताब एक ही सीजन में जीते हैं। उनसे पहले साल 1977 में अर्जेंटीना के गिलर्मो विलास ने एक ही सीजन में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन जीते थे, जो उनके करियर के शुरुआती दो खिताब भी थे।

### अमेरिकी प्लेयर्स के लिए साल 2003 के बाद सबसे अच्छा टूर्नामेंट

टेलर फ्रिट्ज भले ही सिनर से फाइनल में हार गए लेकिन अमेरिकी खिलाड़ियों के लिए यूएस ओपन शानदार साबित हुआ। महिला और पुरुष कैटेगरी में कुल चार अमेरिकी खिलाड़ी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचने में कामयाब रहे। ऐसा 2003 के यूएस ओपन टूर्नामेंट के बाद पहली बार था, जब चार अमेरिकी किसी ग्रैंड स्लैम में एक साथ सेमीफाइनल में थे।

### यूथ पावरः चारों विनर्स 23 साल से कम उम्र के

- यूएस ओपन में पुरुष सिंगल्स फाइनल के साथ मौजूदा ग्रैंड स्लैम सीजन का भी अंत हो गया। इस सीजन चार में से दो ग्रैंड स्लैम कार्लोस अल्कारेज (विम्बलडन, फ्रेंच ओपन) और दो ग्रैंड स्लैम जैनिक सिनर (ऑस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन) ने जीते।
- सिनर की उम्र 23 साल है, जबकि अल्कारेज 21 साल के हैं। टेनिस इतिहास में साल 1993 के बाद यह पहला मौका है, जब चारों पुरुष ग्रैंड स्लैम 23 साल या उससे कम उम्र के खिलाड़ियों ने जीते हैं।

### डोपिंग के आरोपों से उबरते हुए सरताज बने

सिनर के लिए करियर के पिछले हफ्ते मुश्किल रहे हैं। यूएस ओपन शुरू होने से ठीक पहले उन्हें दो बार प्रतिबंधित ड्रग के सेवन का दोषी पाया गया। हालांकि, उन पर बैन नहीं लगा क्योंकि उन्होंने दवा का सेवन जानबूझकर नहीं किया था। उन्होंने यूएस ओपन अपनी बीमार आंटी को समर्पित किया।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### महिला वनडे : इंग्लैंड टीम के 320 रन के जवाब में 45 पर ढेर हुआ आयरलैंड



**बेलफास्ट** | आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे की सीरीज के दूसरे मैच में इंग्लैंड की महिला टीम ने 275 रन से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने टैमी ब्यूमाउंट (150) के 10वें शतक की मदद से 320/8 का स्कोर बनाया। जवाब में आयरलैंड टीम 16.5 ओवर में सिर्फ 45 रन पर ढेर हो गई। उसकी ओपनर उना रेमंड (22) ही दहाई तक पहुंच सकीं।

### शूटिंगः वर्ल्ड डीफ चैम्पियनशिप में भारत ने टॉप पर फिनिश किया, 21 मेडल जीते

**हनोवर** | वर्ल्ड डीफ शूटिंग चैम्पियनशिप में भारत ने 7 गोल्ड समेत 21 मेडल के साथ टॉप पर फिनिश किया। टूर्नामेंट के आखिरी दिन माहित संधु ने अपना तीसरा गोल्ड 50 मीटर एयर राइफल 3 पोजीशन में जीता। वहीं, अभिनव देशवाल ने 25 मीटर पिस्टल शूटिंग में पहला स्थान हासिल किया। इसी कैटेगरी में हेमंत सपकाल को ब्रॉन्ज मिला। भारत के कुल 13 शूटर्स ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

### दलीप ट्रॉफी : दूसरे राउंड के मैचों से पहले इंडिया-बी टीम में शामिल हो सकते हैं रिंकू

**मुंबई** | उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज रिंकू सिंह दलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मैचों से पहले इंडिया-बी टीम में शामिल हो सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के कैंप के लिए इंडिया-बी टीम से यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और यश दयाल बाहर हो सकते हैं, जिनकी जगह सुयश प्रभुदेसाई, हिमांशु मंत्री और रिंकू सिंह ले सकते हैं। सरफराज दूसरे राउंड तक टीम में बने रह सकते हैं।

### दिल्ली प्रीमियर लीगः ईस्ट दिल्ली ने जीता पहला सीजन, साउथ दिल्ली को शिकस्त दी




**नई दिल्ली** | दिल्ली प्रीमियर लीग का पहला सीजन ईस्ट दिल्ली टीम ने जीत लिया। टीम ने फाइनल में साउथ दिल्ली को तीन रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट दिल्ली ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच मयंक रावत ने 78 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जवाब में साउथ दिल्ली 9 विकेट खोकर 180 रन ही बना सकी। आखिरी ओवर में टीम को 19 रन की जरूरत थी। लेकिन, मैच में तीन विकेट लेने वाले रौनक वाघेला ने 15 रन दिए और ईस्ट दिल्ली ने 3 रन से मैच जीत लिया।

### 'फिलहाल एसए20 में इम्पैक्ट प्लेयर नहीं'

**केप टाउन** | दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ का कहना है कि उनकी लीग आईपीएल के इम्पैक्ट प्लेयर नियम जैसी नई चीजों के प्रयोग के लिए खुली है लेकिन फिलहाल उनका ध्यान प्रशंसकों के लिए खेल आसान बनाए रखने पर है। बहुचर्चित इम्पैक्ट प्लेयर नियम टीमों को मैच में अपनी पसंद के खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है और आईपीएल में इसे पिछले सीजन में पेश किया गया था। हालांकि, विशेषज्ञों की राय में यह ऑलराउंडर की भूमिका को कम कर रहा है।

### भारत को ऑस्ट्रेलिया को हराना पसंद : ख्वाजा

**केनबरा** | बाएं हाथ के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने माना है कि भारत को ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत पसंद है। ख्वाजा का यह बयान बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले आया है। 22 नवंबर से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर जाने वाली है। ऑस्ट्रेलिया में हुई पिछली दोनों बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भारतीय टीम जीत चुकी है। ख्वाजा ने यह भी कहा कि पिछले दो वर्षों से भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्व की नंबर एक और नंबर दो टीमें हैं। भारतीय टीम हर हाल में ऑस्ट्रेलिया को हराना चाहती है। ऑस्ट्रेलिया के साथ भी यही स्थिति है।

### कैरेबियन प्रीमियर लीगः एंटीगा की सेंट किट्स को हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत



**सेंट किट्स** | कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में एंटीगा एंड बाबुडा फाल्कंस को दूसरी जीत मिल गई है। टीम ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिओट्स को 2 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट किट्स ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। माइकल लुइस ने 63 रन की पारी खेली। आमिर ने 3 विकेट चटकाए। जवाब में एंटीगा ने 2 गेंद शेष रहते लक्ष्य पूरा किया और 2 विकेट से मैच जीत लिया। इमाद वसीम की 17 रन की पारी और 2 विकेट के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकीः भारत ने जापान को 5-1 से हराया

भास्कर न्यूज़ | हुलुनबुइर

डिफेंडिंग चैम्पियन भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। टीम ने जापान को 5-1 के बड़े अंतर से हराया और टेबल में टॉप स्थान हासिल किया। मैच शुरू होने के दो मिनट के अंदर ही सुखजीत सिंह ने भारत के लिए पहला गोल किया। महज एक मिनट के भीतर अभिषेक ने बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद 17वें मिनट में संजय ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त 3-0 तक पहुंचा दी। दूसरे क्वार्टर के खत्म होने से कुछ मिनट पहले ही जुगराज सिंह और अभिषेक को ग्रीन कार्ड मिला और भारत को दो मिनट के लिए 9 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। मैच के 41वें मिनट में जापान के मातसुमोतो काजुमासा ने टीम के लिए पहला गोल किया। 54वें मिनट में उत्तम सिंह ने फील्ड गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया। सुखजीत सिंह ने मैच के आखिरी मिनट में एक और गोल कर भारत को 5-1 से जीत दिलाई। भारत का अगला मैच 11 सितंबर को मलेशिया से होगा।

### ग्रेटर नोएडा टेस्टः पहला दिन बारिश में धुला

भास्कर न्यूज़ | ग्रेटर नोएडा

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले एकमात्र टेस्ट का पहला दिन बारिश से प्रभावित रहा। गीले मैदान के चलते पहले दिन बिना टॉस के ही स्टंप्स की घोषणा कर दी गई। दरअसल पिछले दो हफ्तों से ग्रेटर नोएडा में लगातार बारिश हो रही थी, जिसके चलते मैदान में कई जगहों पर पानी भर गया। गेंदबाजों के रनअप वाले हिस्से में ज्यादा समस्या थी। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए, धूप निकलने के बाद भी मैच नहीं हो सका। अब अगले चार दिन मैच आधे घंटे जल्दी शुरू होगा।

## नेशंस लीग फुटबॉल : पुर्तगाल 88वें मिनट में रोनाल्डो के गोल से जीता, लगातार दूसरी जीत से टेबल में टॉप पर पहुंचा



भास्कर न्यूज़ | लिस्बन

नेशंस लीग फुटबॉल के ग्रुप-ए में पुर्तगाल ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सब्स्टीट्यूट के तौर पर आकर गोल किया और टीम को स्कॉटलैंड के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। पुर्तगाल टीम 6 अंक के साथ टेबल में टॉप पर आ गई है। रोनाल्डो ने 88वें मिनट में करियर का 901वां गोल किया। मैच के दौरान एक फैन ने रोनाल्डो से मिलने के लिए ग्राउंड में घुसने की कोशिश भी की। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर ही पकड़ लिया।

### भास्कर खास • ब्रिटेन के एथन पैंग 2300 पॉइंट हासिल करने वाले सबसे युवा चेस खिलाड़ी बनने से दूर रह गए

# ब्रिटेन के 9 साल के बच्चे ने तीन ग्रैंड मास्टर्स को हराया, लेकिन 13 साल की भारतीय अलाना से हारकर रिकॉर्ड बनाने से चूके

भास्कर न्यूज़ | बुडापेस्ट

ब्रिटेन के 9 साल के स्कूली छात्र एथन पैंग ने वेजेरकेप्जो आईएम चेस टूर्नामेंट में तीन ग्रैंड मास्टर्स को मात दी है। हालांकि, वर्षों के अनुभव वाले इन ग्रैंड मास्टर्स को हराकर भी पैंग एक बड़े रिकॉर्ड से चूक गए। उन्हें 13 साल की भारतीय अलाना कोलागाटला ने मात दी। जून में पैंग 2200 मास्टर रेटिंग अंक हासिल करने वाले सबसे युवा चेस खिलाड़ी बने थे। पैंग ने वेजेरकेप्जो आईएम टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में स्लोवाकिया के 33 वर्षीय मिलान पचेर, तीसरे राउंड में हंगरी के 48



वर्षीय अत्तिला जेबे और पांचवें राउंड में हंगरी के ही 54 वर्षीय जोल्टन वर्गा को हराया। 9 साल की उम्र में तीन ग्रैंड मास्टर्स को हराने वाले पैंग संभवतया पहले खिलाड़ी हैं। इससे पहले मौजूदा वर्ल्ड नंबर-6 नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने साल 2014 में 9 साल की उम्र में दो ग्रैंड मास्टर्स को पराजित किया था। तीन ग्रैंड मास्टर्स को हराने के बाद एथन पैंग की रेटिंग 2292 तक पहुंच गई थी। उनका अगला मुकाबला भारत की 13 वर्षीय अलाना कोलागाटला से था। हालांकि, इस मुकाबले में पैंग की हार हुई और वे 2300 रेटिंग अंक हासिल करने वाले सबसे युवा चेस खिलाड़ी बनने से चूक गए। भारत की अलाना प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित चेस खिलाड़ी हैं। अलाना 2022 में महिला फीडे मास्टर रह चुकी हैं।

### अर्जेंटीना के ओरो 2300 रेटिंग पॉइंट वाले सबसे युवा; स्कूल शुरू होने से आखिरी दो राउंड नहीं खेल सके पैंग

- चेस में सबसे कम उम्र में 2300 रेटिंग पॉइंट हासिल करने का रिकॉर्ड अर्जेंटीना के युवा चेस खिलाड़ी ओरो के नाम है। ओरो ने 9 साल और 6 महीने की उम्र में यह रिकॉर्ड बनाया था। पैंग अब 9 साल और 5 महीने के हो चुके हैं।
- भारतीय खिलाड़ी से मिली हार के बाद एथन पैंग यह रिकॉर्ड नहीं बना पाएंगे। वेजेरकेप्जो आईएम टूर्नामेंट पैंग के लिए रिकॉर्ड बनाने का आखिरी मौका था। हालांकि अगर अगले 8 महीने में वे 2300 पॉइंट हासिल कर लेते हैं तो ऐसा करने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे।
- पैंग का सपना विश्व का टॉप चेस खिलाड़ी बनना है। वे हिकारू नाकामुरा को अपना आइडल मानते हैं। फीडे की सितंबर 2024 रेटिंग के अनुसार एथन पैंग 9 साल के विश्व के बेस्ट चेस खिलाड़ी हैं। उनके 2214 रेटिंग अंक हैं।
- पैंग टूर्नामेंट के आखिरी दो राउंड नहीं खेल पाए, क्योंकि उन्हें लंदन में अपने स्कूल के नए सेशन की शुरुआत से पहले वहां पहुंचना था।

### फखर ने घरेलू क्रिकेट के लिए सीपीएल छोड़ा

एजेंसी | कराची



पाकिस्तान के सीनियर बल्लेबाज फखर जमान ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) का मौजूदा सीजन बीच में छोड़ दिया है। वे घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए टूर्नामेंट के बचे मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे। सीपीएल में फखर फाल्कंस टीम का हिस्सा थे। वे 5 पारियों में 159 रन बनाकर टीम के टॉप-स्कोरर थे। अब वे 12 सितंबर से शुरू हो रहे चैम्पियंस कप के पहले संस्करण में हिस्सा लेंगे, जहां वे वॉल्व्स टीम में रिजवान की कप्तानी में खेलेंगे। वे 10 सितंबर को पाक पहुंच जाएंगे। हालांकि, फखर के साथी इमाद वसीम, मो. आमिर और आजम खान सीपीएल में खेलते रहेंगे।



## वियतनामः यागी तूफान की तबाही, 59 लोगों की मौत

**हनोई** | चीन और फिलीपींस के कई हिस्सों में तबाही के बाद यागी तूफान उत्तरपूर्वी वियतनाम पहुंच गया है। यागी के चलते कई हिस्सों में पिछले 24 घंटे में 8 से 17 इंच तक बारिश हुई है। भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन के कारण 59 लोगों की मौत हो चुकी है और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यागी को एशिया का इस साल का सबसे शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। इसके चलते 3300 से ज्यादा घर और 12 लाख हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव** • ट्रम्प-हैरिस की पहली प्रेसीडेंशियल डिबेट आज

# कमला हैरिस की चुनौती... बाइडेन का बचाव करते हुए ट्रम्प से बहस जीतना

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क** | अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति व रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रम्प का मुकाबला मौजूदा उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक प्रत्याशी कमला हैरिस से होने वाला है। ट्रम्प और कमला हैरिस के बीच पहली और अंतिम प्रेसीडेंशियल डिबेट 10 सितंबर को होने वाली है। यह बेहद अहम डिबेट है इसलिए दोनों प्रत्याशियों ने पूरी ताकत लगा दी है। इस डिबेट को लेकर प्रत्याशियों की रणनीति सामने आने लगी है।

रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रम्प 75 दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन से बहस कर चुके हैं। ट्रम्प का पूरा जोर इस बात पर है कि बाइडेन सरकार की सभी तरह की नाकामियों के लिए कमला हैरिस को जिम्मेदार ठहराया जाए। वहीं, कमला हैरिस की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उन्हें मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की नीतियों का बचाव करना है। साथ ही, बहस के दौरान कमला हैरिस को दिखाना होगा कि उनकी नीतियां बाइडेन से किस तरह अलग होगी।

### ट्रम्प-कमला हैरिस में कड़ी टक्कर, अभी एक फीसदी का ही अंतर

मंगलवार को होने वाली बहस के 56 दिन बाद अमेरिका में चुनाव होने वाले हैं। बहस इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों प्रत्याशियों में कड़ी टक्कर हैं। संभावित मतदाताओं को लेकर हाल में न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना कॉलेज के सर्वेक्षण में ट्रम्प(48%) और कमला हैरिस (47%) के बीच कड़ी टक्कर दिखाई गई है। अधिकांश सर्वे में सामने आया है कि अमेरिकी वोटर्स बदलाव चाहते हैं।

### ट्रम्प- अर्थव्यवस्था, आव्रजन पर फोकस जरूरी

हैरिस और ट्रम्प के बीच 90 मिनट की बहस बेहद अहम है। ट्रम्प की टीम चाहती है कि वे 3 मुद्दों अर्थव्यवस्था, आव्रजन और वैश्विक अशांति पर फोकस करें। कई रिपब्लिकन नेताओं का कहना है कि ट्रम्प को बहस में अपना समय कमला हैरिस पर व्यक्तिगत हमले करने में समय खराब नहीं करना चाहिए। पिछली बार ट्रम्प ने 2016 में हिलेरी क्लिंटन से बहस की थी, उन्होंने उसे बुरी महिला कहा था। ट्रम्प के सलाहकारों को चिंता है कि वह कमला के प्रति अपनी दुश्मनी को रोक नहीं पाएंगे।



### कमला- बाइडेन से अलग दिखने की चुनौती

मंगलवार की बहस कमला हैरिस के राजनीतिक करियर की सबसे महत्वपूर्ण रात होगी। यह उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा दर्शक वर्ग होगा, क्योंकि देश यह जानने की कोशिश कर रहा है कि वह किस तरह की राष्ट्रपति बनेंगी। अर्थव्यवस्था और इमिग्रेशन के मुद्दे पर कमला हैरिस की नीति स्पष्ट नहीं हैं। इजराइल को समर्थन करने के मुद्दे पर वोटर्स कमला का स्पष्ट रुख चाहते हैं। कमला के सहयोगी और समर्थकों की रणनीति है कि वह ट्रम्प को असंगत भाषण देने के लिए उकसाएं।

### अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर ट्रम्प को 13% की बढ़त

कमला हैरिस की बड़ी कमजोरियों में से एक है स्थिर अर्थव्यवस्था। सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रम्प को अर्थव्यवस्था पर 13% अंकों की बढ़त हासिल है, यह वह मुद्दा है जिसे मतदाताओं ने सबसे महत्वपूर्ण बताया। बाइडेन ने अर्थव्यवस्था को महामारी के भंवर से बाहर निकालने के लिए कानून बनाने का समर्थन किया और उसे आगे बढ़ाया, लेकिन हाल के वर्षों में उन्होंने उच्च मुद्रास्फीति के दौर में शासन किया है, जिसमें मतदाता जीवन यापन की बढ़ती लागत से परेशान हैं।

### ट्रम्प का अपनी रिपब्लिकन पार्टी में विरोध बढ़ा

कई रिपब्लिकन ने कमला हैरिस का समर्थन किया है या कहा है कि वे ट्रम्प का समर्थन नहीं करेंगे। वायोमिंग की पूर्व कांग्रेस सदस्य लिज चेनी; उनके पिता, पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी और 2008 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जॉन मैककेन के बेटे जिमी मैककेन ने कहा कि वे कमला हैरिस को वोट देंगे। ट्रम्प ने धमकी दी कि अगर वे जीतते हैं, तो उनका प्रशासन उन सभी लोगों पर मुकदमा चलाएगा, जिन्हें वे चुनाव में धोखाधड़ी या बेईमानी व्यवहार में शामिल मानते हैं।

**मजबूत रिश्ते** • क्राउन प्रिंस का भारत दौरा

## यूएई से चार बड़े समझौते, गुजरात में फूड पार्क बनेगा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच परमाणु ऊर्जा, पेट्रोलियम भंडारण एवं एलएनजी पर सहयोग बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान के बीच हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में चार अहम समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान दोनों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने व गाजा के मसले पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा, गुजरात में फूड पार्क विकास पर राज्य सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंटल होल्डिंग कंपनी पीजेएससी (एडीक्यू) के बीच समझौता हुआ। प्रिंस ने बाद में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की। मंगलवार को वे मुंबई में एक बिजनेस फोरम में भाग लेंगे, जहां दोनों देशों के शीर्ष कारोबारी मौजूद होंगे। भारत यूएई का दूसरा सबसे बड़ा बिजनेस पार्टनर है, जबकि यूएई अरब देशों में से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इस दशक के अंत तक भारत और यूएई के बीच कुल 100 बिलियन डॉलर का व्यापार होने का अनुमान है।

### राजघाट पर बना इतिहास

मोदी से मुलाकात के बाद अबु धाबी के क्राउन प्रिंस ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा गांधी की सीख हमें प्रेरणा देती है। उन्होंने यहां अमलतास का पौधा रोपा। राजघाट पर पौधो लगाने वाले वे यूएई की तीसरी पीढ़ी के नेता हैं।



### ये हैं समझौता ज्ञापन

- एमिरेट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम के बीच बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालन व रखरखाव पर समझौता।
- अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए समझौता।
- एडीएनओसी व इंडिया स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व के बीच समझौता।
- ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच अबू धाबी ऑनशोर ब्लॉक 1 के लिए उत्पादन रियायत समझौता।

**वर्ल्ड** विंडो

### महाराष्ट्रः वाराणसी के गंगा घाट की थीम पर बने पंडाल में विराजे गणपति बप्पा



**मुंबई** | महाराष्ट्र में चल रहे गणेश उत्सव के दौरान लोगों ने अलग-अलग थीम पर पंडाल बनाकर गणपति बप्पा की स्थापना की है। मुंबई में कलाकार फ्रैंकलिन पॉल द्वारा बनाई गई वाराणसी गंगा घाटों के दृश्य के साथ गणपति की एक मूर्ति स्थापित की गई है। बता दें कि इस वर्ष गणेशोत्सव अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर तक चलेगा।

### ऑस्ट्रेलियाः काकाडू युद्धाभ्यास में 30 देशों के 30 हजार जवान शामिल होंगे

**डार्विन** | ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले युद्धाभ्यास काकाडू में 30 देश हिस्सा लेंगे। इस दौरान 30 हजार से भी ज्यादा जवान अपना युद्धकौशल दिखा रहे होंगे। इसके साथ ही इन देशों के युद्धपोत, हैलीकॉप्टर और समुद्री गश्ती विमान भी युद्धअभ्यास का हिस्सा होंगे। नौसेना प्रमुख, वाइस एडमिरल मार्क हैमंड और रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के एओ ने प्रतिभागियों का अभिवादन किया है।

### आंध्र प्रदेशः भारी बारिश के बाद भूस्खलन, कई सड़कें और पुल बहे, 3 लोग लापता



**विशाखापत्तनम** | भारी बारिश के चलते आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीतारामा राजू जिले में कई सड़कें और पुल बह गए है। रविवार रात यहां के चत्रपल्ली गांव में भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं भूस्खलन के बाद 3 लोग लापता हो गए जबकि 5 अन्य लोगों को ग्रामवासियों ने मलबे में से निकाला है। यहां चौबीस घंटे में 81.53 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है।

### सीरियाः इजराइल की सेना के हमलों में 16 लोगों की मौत, 40 से ज्यादा घायल

**दमिश्क** | इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध में सोमवार को तनाव और बढ़ गया जब इजराइल ने सीरिया में कई ठिकानों पर हमले किए। इस हमले में 16 लोगों की मौत हुई है जबकि 40 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर हैं। यह आंकड़ा बढ़ सकता है। इजराइल का कहना है कि उसे हथियार विकसित कर रहे ईरानी लड़ाकों और विशेषज्ञों के ठिकानों को निशाना बनाया है।

**अमेरिकाः** नेता प्रतिपक्ष का डलास में भाषण

## आरएसएस और भाजपा चाहती है महिलाएं घर पर रहेंः राहुल गांधी

एजेंसी | न्यूयॉर्क

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के डलास में टेक्सास यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर भी निशाना साधा। राहुल ने कहा कि यह बीजेपी और हमारे बीच वैचारिक संघर्ष का हिस्सा है। बीजेपी और आरएसएस का मानना है कि महिलाओं को पारंपरिक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा जाना चाहिए- घर पर रहना, खाना बनाना और कम बोलना। हमारा मानना है कि महिलाओं को वह सब करने की आजादी होनी चाहिए, जो वे करना चाहती हैं।

राहुल ने कहा कि आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है और हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि सभी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, ख्वाब देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें स्थान दिया जाना चाहिए।

## तरंग शक्तिः पहली बार सेना, वायुसेना और नौसेना के उप-प्रमुखों ने भरी तेजस में उड़ान




**जोधपुर** | जोधपुर में चल रहे तरंगशक्ति युद्धाभ्यास में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के उप प्रमुखों ने देश में ही बने तेजस में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल एपी सिंह ने सिंगल सीटर फाइटर जेट में उड़ान भरी। वहीं, वाइस चीफ आर्मी स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि व नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने तेजस के ट्विन सीटर ट्रेनर वर्जन में उड़ान भरी।

**जम्मू-कश्मीरः** विधानसभा चुनावों के बीच

## सेना ने राजौरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, 2 आतंकी ढेर

एजेंसी | राजौरी/जम्मू

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच भारतीय सेना ने राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। ये आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात नौशेरा के लाम सेक्टर में जवानों को सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह की हरकत का पता चला, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई।

सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में खुफिया एजेंसियों और पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर 8 और 9 सितंबर की दरमियानी रात को लाम में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया। सेना ने कहा है कि दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है तथा दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। तलाशी अभियान जारी है।

**भास्कर खास** • नाबालिग बेटी को भड़काना आयुर्वेद डॉक्टर पिता को पड़ा भारी

## जो संतानों को अच्छे-बुरे की समझाइश देने की समझ नहीं रखते उन्हें बच्चे की परवरिश नहीं सौंप सकतेः हाई कोर्ट

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

तलाकशुदा पत्नी के चरित्र को लेकर नाबालिग बेटी (13) को भड़काना आयुर्वेद डॉक्टर व्यक्ति को भारी पड़ गया। गुजरात हाईकोर्ट ने पति पर 1.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ-साथ बेटी की कस्टडी की मांग करने वाली याचिका भी खारिज कर दी। दरअसल, एक आयुर्वेद डॉक्टर पति ने फैमिली कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देकर अपनी बेटी की कस्टडी मांगी थी। ,

मामला अहमदाबाद के आर्युवेद डॉक्टर और उनकी तलाकशुदा पत्नी से जुड़ा है। 2005 में विवाह बंधन में बंधे इस जोड़े का 2022 में तलाक हो गया, जिसके बाद महिला पुनर्विवाह कर मुंबई चली गई। बहन की कुशलक्षेम जानने के लिए भाई अहमदाबाद से जाता रहता है। इस बात से खिन्न होकर आयुर्वेद डॉक्टर ने बेटी की कस्टडी के लिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। फैमिली कोर्ट ने मां को नाबालिग बेटी की कस्टडी दी थी। इसके साथ ही पति को राहत देते हुए महीने में 4 दिन बेटी से मुलाकात उसे घर ले जाने का अधिकार पति को भी दिया था। लेकिन, डॉक्टर को जब बेटी को घर ले जाने का मौका मिलता था तो वह उसे कहता था कि- तुम्हारी मम्मी के मामा के साथ अवैध संबंध हैं। इस तरह के बिंदुओं के साथ बिटिया से पत्र भी लिखवाता था- जिनमें मां के चरित्र व व्यक्तित्व को लेकर अशोभनीय बातें होती थीं। जब मां को पता चला तो बेटी को भेजना बंद कर दिया। इसके खिलाफ पिता हाईकोर्ट गया था। जहां महिला पक्षकार की ओर से जो पत्र हाईकोर्ट में पेश किए गए। हाईकोर्ट ने भारी नाराजगी जताते हुए कहा कि जो माता-पिता संतानों को अच्छे-बुरे की सही समझ देने में समर्थ नहीं हों तो उन्हें संतान की परवरिश की जिम्मेदारी नहीं सौंपी जा सकती।

### पिता के घर से लौट कर बेटी मां से सवाल करती थी

बेटी पिता के पास से लौटने के बाद मुख्यतः मामा से मां के चरित्र को लेकर सवाल पूछती थी। यह भी जानना चाहती थी कि- उनका (मामा) का मां से क्या रिश्ता है। इन सवालों के सिलसिले से आयुर्वेद डॉक्टर पिता की करतूतों का पर्दाफाश हुआ। उसने बिटिया से जो पत्र लिखवाए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद हाई कोर्ट ने न सिर्फ आयुर्वेद डॉक्टर की याचिका खारिज की बल्कि उसपर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

**आफत** • देश की अर्थव्यवस्था में 20 फीसदी हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की लेकिन...

## ग्रीसः ओवर टूरिज्म से परेशान, लोगों को रहने को घर नहीं मिल रहे, सरकार ने क्रूज यात्रियों पर कई प्रतिबंध लगाए

भास्कर न्यूज़ | रोम

दुनियाभर से आने वाले पर्यटकों के कारण परेशानियों से जूझ रहे ग्रीस ने बड़ा फैसला किया है। ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस ने अर्थव्यवस्था पर अपने सालाना संबोधन में कहा कि पर्यटन महत्वपूर्ण संसाधनों और नौकरियों के साथ अर्थव्यवस्था का समर्थन करता है, लेकिन इसका अपना विशेष सामाजिक प्रभाव भी है। उन्होंने कहा कि वे क्रूज जहाजों के कारण वर्ष के कुछ महीनों में कुछ द्वीपों की छवि के बारे में बहुत चिंतित हैं, इसलिए इस सप्ताह के अंत में बढ़ती पर्यटक भीड़ से जूझ रहे द्वीप को देखते हुए कुछ प्रभावों को रोकने के उद्देश्य से कुछ उपाय प्रस्तावित किए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की भीड़ की समस्या से निपटने के लिए क्रूज के डॉकिंग के शुल्क में वृद्धि की जाएगी। यह शुल्क मायकोनोस और सेंटोरिनी जैसे लोकप्रिय द्वीपों के लिए और अधिक बढ़ाया जाएगा, जहां अधिकारी और निवासी प्रतिबंधों की मांग कर रहे हैं।

पीएम मित्सोटाकिस ने कहा कि हमारे पास पर्यटन के लिए एक और बेहद सफल वर्ष रहा है, जिससे इस क्षेत्र ने एक के बाद एक रिकार्ड बनाए हैं। उन्होंने कहा कि सीजन के दौरान इन द्वीपों के लिए शुल्क बढ़कर 20 यूरो हो जाएगा, जो सेंटोरिनी के लिए मौजूदा 35 सेंट के शुल्क से काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त राजस्व का कुछ हिस्सा स्थानीय बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाएगा।

ग्रीस के क्रूज जहाज मालिकों के संघ के अध्यक्ष जॉर्जोस कोबेनास ने कहा कि ग्रीस में क्रूज उद्योग फलफूल रहा है, इस साल जहाजों के आगमन में 20% की वृद्धि होने की उम्मीद है। क्रूज से ही 80 लाख से अधिक टूरिस्ट यहां आएंगे।

### पर्यटकों के कारण आम लोगों की दिक्कतें बढ़ीं



ग्रीस के लिए पर्यटन आर्थिक उत्पादन का लगभग पांचवा हिस्सा है। पिछले साल रिकॉर्ड 3.3 करोड़ लोगों ने यात्रा की। 2024 में यह संख्या 15.5%और बढ़ जाएगी। छुट्टियों में किराए पर दिए जाने वाले मकानों और विदेशी खरीदारों के कारण कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि कई स्थानीय लोगों के लिए घर खरीदना मुश्किल हो रहा है।

